अगर आप चाहती हैं, तो आपको केवल इतना करना है कि मुझे ऐसे डाँटे जैसे मैं एक छोटा बच्चा हूँ और आप मेरी नर्स हो। अगर मैं अभी शिविर में होता[33], तो वे मुझपर हर तरह के दांव आजमा रहे होते।

RAINA

[33] अगर मुझे बल्गेरियन्स ने पकड़ लिया होता।

[a little moved]. I'm sorry. I won't scold you. [Touched by the sympathy in her tone, he raises his head and looks gratefully at her: she immediately draws back and says stiffly] You must excuse me: our soldiers are not like that. [She moves away from the ottoman.]

रायना

[थोड़ी प्रभावित होकर] मुझे माफ़ कर दो। मैं तुम्हें नहीं डाँटूंगी। [उसकी स्वर-शैली में सहानुभूति से प्रभावित होकर, वह अपना सिर उठाता है और उसकी ओर आभार से देखता है। वह तुरंत पीछे हट जाती है और कठोरता से कहती है] आप मुझे माफ़ करिए: (लेकिन) हमारे सैनिक वैसे नहीं हैं। [वह ऑटोमन से दूर चली जाती है।]

MAN.

Oh, yes, they are. There are only two sorts of soldiers: old ones and young ones. I've served fourteen years: half of your fellows never smelt powder before. Why, how is it that you've just beaten us? Sheer ignorance of the art of war, nothing else. [Indignantly.] I never saw anything so unprofessional.

आदमी

ओह, हाँ, वे हैं। केवल दो तरह के सैनिक होते हैं; बूढ़े और युवा। मैंने चौदह साल सेना में काम किया है; आपके आधे लोगों ने पहले कभी भी पावडर[34] को नहीं सूंघा है। अरे, ऐसा

---

[34] Gun-powder-बारूद।

कैसे है कि आपने अभी हमें हराया है? केवल युद्ध कला की अनभिज्ञता है, और कुछ भी नहीं। [रोष से] मैंने कभी भी किसी चीज को इतना गैर-पेशेवर नहीं देखा।

RAINA

[ironically]. Oh, was it unprofessional to beat you?

रायना

[व्यंग्यात्मक तरीके से] ओह, क्या आपको हराना गैर-पेशेवर था?

MAN.

Well, come, is it professional to throw a regiment of cavalry on a battery of machine guns, with the dead certainty that if the guns go off not a horse or man will ever get within fifty yards of the fire? I couldn't believe my eyes when I saw it.

आदमी

खैर, चलो, क्या एक अश्वारोही सेना को मशीनगन की गोलाबारी पर छोड़ना पेशेवर है, जब यह निश्चितता हो कि अगर बंदूकें चल गईं, तो न ही घोड़ा और न ही आदमी गोलीबारी के पचास गज के भीतर पहुँच सकेंगे? जब मैंने इसे देखा तो मुझे अपनी आँखों पर यकीन नहीं आया।

RAINA

[eagerly turning to him, as all her enthusiasm and her dream of glory rush back on her]. Did you see the great cavalry charge? Oh, tell me about it. Describe it to me.

रायना

[उत्सुकता से उसकी[35] ओर मुड़ते हुए, जब उसका[36] सारा उत्साह और उसके सारे यश के सपने, उसमें वापस लौट आए] क्या तुमने विशाल अश्वारोही सेना को हमला करते देखा? ओह, मुझे इसके बारे में बताओ। इसका मुझसे वर्णन करो।

MAN.

You never saw a cavalry charge, did you?

आदमी

तुमने कभी किसी अश्वारोही सेना को हमला करते नहीं देखा है, न?

RAINA.

How could I?

रायना

मैंने कैसे देखा होगा?

MAN.

Ah, perhaps not--of course. Well, it's a funny sight. It's like slinging a handful of peas against a window pane: first one comes; then two or three close behind him; and then all the rest in a lump.

आदमी

---

[35] आदमी की

[36] रायना

आह, शायद नहीं–बेशक। खैर, यह के हास्यास्पद दृश्य होता है। यह वैसा है जैसे मुट्ठीभर मटर को एक खिड़की की फलक पर पटका जाए। पहला वाला आता है; फिर दो या तीन उसके पीछे करीब आते हैं; फिर बाकी सभी एक ढेर में आते हैं।

RAINA

[her eyes dilating as she raises her clasped hands ecstatically]. Yes, first One!--the bravest of the brave!

रायना

[उसकी आँखें फ़ैल जाती है जैसे वह अपने बंधे हुए हाथों को हर्षोन्मत्तता से उठाती है] हाँ, पहला वाला!–बहादुरों में सबसे बहादुर!

MAN

[prosaically]. Hm! you should see the poor devil pulling at his horse.

आदमी

[नीरसता से] हम्म! तुम्हें बेचारे दुष्ट को अपने घोड़े को खींचते देखना चाहिए।

RAINA.

Why should he pull at his horse?

रायना

वह क्यों अपने घोड़े को खींचेगा?

MAN

[impatient of so stupid a question]. It's running away with him, of course: do you suppose the fellow wants to get there before the others and be killed? Then they all come. You can tell the young ones by their wildness and their slashing. The old ones come bunched up under the number one guard: they know that they are mere projectiles, and that it's no use trying to fight. The wounds are mostly broken knees, from the horses cannoning together.

आदमी

[इतने बेवकूफी भरे सवाल पर अधीर होते हुए] वह स्वाभाविक रूप से उसके साथ दूर भाग रहा होता है: क्या तुम्हें लगता है कि आदमी वहाँ पर बाकी लोगों से पहले पहुँचाना और मरना चाहता है? फिर वे सब आते हैं। आप युवा लोगों को उनके जंगलीपन और उनके वारों से पहचान सकते हैं। बूढ़े झुण्ड में नंबर एक सुरक्षा में आते हैं। उन्हें मालूम है कि वे केवल प्रोजेक्टाइल[37] हैं, और यह कि उनसे लड़ने की कोशिश करने का कोई फायदा नहीं हैं। घोड़ों के एक साथ टकराने से, घाव ज्यादातर टूटे घुटने होते हैं।

RAINA.

Ugh! But I don't believe the first man is a coward. I believe he is a hero!

रायना

अह! लेकिन मुझे विश्वास नहीं है कि पहला आदमी एक कायर है! मुझे लगता है वह एक नायक है!

---

[37] Projectile-तोप अथवा बन्दूक द्वारा दागे गए गोले अथवा गोली।

MAN

[goodhumoredly]. That's what you'd have said if you'd seen the first man in the charge to-day.

आदमी

[मित्रवत होकर] यही तुम तब भी कहती यदि तुमने पहले आदमी को आज के हमले में देखा होता।

RAINA

[breathless]. Ah, I knew it! Tell me--tell me about him.

रायना

[सांस रोककर] आह, मुझे मालूम था! मुझे बताओ–मुझे उसके बारे में बताओ।

MAN.

He did it like an operatic tenor--a regular handsome fellow, with flashing eyes and lovely moustache, shouting a war-cry and charging like Don Quixote at the windmills. We nearly burst with laughter at him; but when the sergeant ran up as white as a sheet, and told us they'd sent us the wrong cartridges, and that we couldn't fire a shot for the next ten minutes, we laughed at the other side of our mouths. I never felt so sick in my life, though I've been in one or two very tight places. And I hadn't even a revolver cartridge--nothing but chocolate. We'd no bayonets--nothing. Of course, they just cut us to bits. And there was Don Quixote flourishing like a drum

major, thinking he'd done the cleverest thing ever known, whereas he ought to be courtmartialled for it. Of all the fools ever let loose on a field of battle, that man must be the very maddest. He and his regiment simply committed suicide--only the pistol missed fire, that's all.

आदमी

उसने इसके एक ऑपेरा जैसे तरीके से किया–चमकीली आँखों और प्यारी मूंछों वाला एक सुडौल सुन्दर आदमी, युद्ध की चीख चिल्ला रहा था और हमला कर रहा था, जैसे पवनचक्की पर डॉन क्विहोटी[38] हो। हम उसे देखकर लगभग हँसी से ठहाके लगाने लगे; लेकिन जब हमारा सार्जेंट कागज के पन्ने की तरह सफ़ेद[39] दौड़कर आया और उसने हमें बताया कि उन्होंने हमें गलत कारतूस भेज दिए हैं, और यह कि हम अगले दस मिनटों तक एक भी गोली नहीं दाग सकते, हमारी सारी हँसी हमारे मुंह में ही घुस गई। मैंने अपनी जिंदगी में कभी भी इतना बीमार नहीं महसूस किया, हालांकि मैं एक या दो बार बहुत ही मुश्किल परिस्थितियों में रह चुका हूँ। और मेरे पास एक रिवाल्वर का कारतूस भी नहीं था–सिवाय चॉकलेट के कुछ भी नहीं था। हमारे पास कोई बेनाट्स[40]–कुछ नहीं था। स्वाभाविक रूप से, उन्होंने बस हमारे टुकड़े-टुकड़े कर दिए।

---

[38] मिग्वैल डी सर्वैन्टीस (Miguel de Cervantes) द्वारा रचित स्पैनिश साहित्य "ला मांचा के विचक्षण कुलीनजन श्रीमान क्विहोटी" ("El ingenioso hidalgo don Quixote de la Mancha") का उल्लेख है, जिसमें एलॉन्ज़ो क्विहोटी नामक एक भ्रम-रोगी एक पवन-चक्की को खूंखार दैत्य समझ कर उसपर आक्रमण करता करता है।

[39] भयभीत

[40] Bayonets-राइफल या बन्दूक के आगे लगी धारदार कटार।

और वहाँ पर डॉन क्विहोटी था, जो यह सोचते हुए कि उसने अब तक का सबसे ज्यादा अक्लमंदी का काम किया था, एक ड्रम मेजर[41] की तरह जोश से भर गया था, जबकि उसका इसके लिए कोर्ट-मार्शल[42] कर दिया जाना चाहिए। लड़ाई के मैदान में खुले छोड़े गए सारे मूर्खों में वही आदमी सबसे पागल होगा। उसने और उसकी रेजिमेंट ने सीधे-सीधे आत्महत्या की थी–बस इतना हुआ कि केवल पिस्टल चली।

RAINA

[deeply wounded, but steadfastly loyal to her ideals]. Indeed! Would you know him again if you saw him?

रायना

[गहराई तक आहत होकर, लेकिन फिर भी अपने आदर्शों के प्रति वफादार] यकीनन! यदि आप उसे फिर से देखें, तो क्या आप उसे पहचान सकेंगे?

MAN.

Shall I ever forget him. [She again goes to the chest of drawers. He watches her with a vague hope that she may have something else for him to eat. She takes the portrait from its stand and brings it to him.]

आदमी

---

41 Drum major-सैनिकों के बैंड का ड्रम वादक।

42 Courtmartial-सैन्य न्यायालय द्वारा सैन्य विधि के अंतर्गत किसी अपराध के लिए सैनिक की गई बर्खास्तगी।

क्या मैं उसे कभी भूल पाऊँगा। [वह फिर से दराजों वाली आलमारी की ओर जाती है। वह[43] उसकी ओर अस्पष्ट उम्मीद से देखता है कि उसके पास खाने के लिए कुछ और भी हो सकता है। वह तस्वीर को उसके टेक से उठाती है और उसके पास ले आती है।]

RAINA.

That is a photograph of the gentleman--the patriot and hero--to whom I am betrothed.

रायना

यह उस देशभक्त और नायक सज्जन की एक तस्वीर है, जिससे मेरी मंगनी हुई है।

MAN

[looking at it]. I'm really very sorry. [Looking at her.] Was it fair to lead me on? [He looks at the portrait again.] Yes: that's him: not a doubt of it. [He stifles a laugh.]

आदमी

[उसे देखते हुए] मुझे वास्तव में बहुत खेद है। [उसकी ओर देखते हुए] क्या यह मुझे बहलाना सही था[44]? [वह फिर से तस्वीर को देखता है] हाँ, यह वही है: इसमें कोई शक नहीं है। [वह एक हँसी को रोकता है]

---

43 आदमी

44 क्या मिठाई के लिए दराजों की आलमारी की तरफ जाने की उम्मीद देकर तस्वीर दिखाना सही है?

RAINA

[quickly]. Why do you laugh?

रायना

[तेजी से] तुम क्यों हँस रहे हो?

MAN

[shamefacedly, but still greatly tickled]. I didn't laugh, I assure you. At least I didn't mean to. But when I think of him charging the windmills and thinking he was doing the finest thing--[chokes with suppressed laughter].

आदमी

[शर्मिंदा चेहरे से, लेकिन अभी भी बहुत गुदगुदाते हुए] मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ, मैं नहीं हँसा। कम-से-कम मेरा ऐसा आशय नहीं था। लेकिन जब मैं उसके पवनचक्कियों पर हमला करने और यह सोचने कि वह सबसे अच्छा काम कर रहा है, की कल्पना करता हूँ– [दबी हँसी से सांस रुक जाती है]

RAINA

[sternly]. Give me back the portrait, sir.

रायना

[कठोरता से] मुझे तस्वीर वापस दीजिये, श्रीमान।

MAN

[with sincere remorse]. Of course. Certainly. I'm really very sorry. [She deliberately kisses it, and looks

him straight in the face, before returning to the chest of drawers to replace it. He follows her, apologizing.] Perhaps I'm quite wrong, you know: no doubt I am. Most likely he had got wind of the cartridge business somehow, and knew it was a safe job.

आदमी

[निष्कपट गलानि से] निश्चित तौर पर। अवश्य। मैं वाकई बहुत क्षमाप्रार्थी हूँ। [वह जानबूझकर उस (तस्वीर) को चूमती है और दराजों वाली आलमारी पर उसे वापस रखने के लिए लौटने से पहले, उसे[45] सीधे नजरें मिलाकर देखती है। वह क्षमा मांगते हुए उसका अनुसरण करता है।] आप जानती हैं, शायद मैं बिलकुल गलत हूँ। निस्संदेह मैं गलत हों। काफी संभावना है कि उसे किसी तरह कारतूस के प्रकरण की खबर लग गई थी, और उसे मालूम था कि यह एक सुरक्षित काम है।

RAINA.

That is to say, he was a pretender and a coward! You did not dare say that before.

रायना

कहने का मतलब है, वह दिखावेबाज और एक कायर था! पहले तो तुम्हारी यह कहने की हिम्मत नहीं हुई।

MAN

[with a comic gesture of despair]. It's no use, dear lady: I can't make you see it from the professional

---

[45] आदमी को

point of view. [As he turns away to get back to the ottoman, the firing begins again in the distance.]

आदमी

[निराशा के हास्यास्पद भाव के साथ] इसका कोई फायदा नहीं है, प्यारी लेडी। मैं आपको इसे पेशेवर दृष्टिकोण से नहीं दिखा सकता हूँ। [जैसे ही वह ऑटोमन पर जाने के लिए घूमता है, दूरी पर गोलीबारी फिर से शुरू हो जाती है।]

RAINA

[sternly, as she sees him listening to the shots]. So much the better for you.

रायना

[कठोरता से, जैसे वह उसे गोलीबारी की आवाजों को सुनते देखती है।] तुम्हारे लिए इतना ही बेहतर है।

MAN

[turning]. How?

आदमी

[मुड़ते हुए] कैसे?

RAINA.

You are my enemy; and you are at my mercy. What would I do if I were a professional soldier?

रायना

तुम मेरे दुश्मन हो; और तुम मेरी दया पर हो। मैं क्या करती, यदि मैं एक पेशेवर सैनिक होती?

MAN.

Ah, true, dear young lady: you're always right. I know how good you have been to me: to my last hour I shall remember those three chocolate creams. It was unsoldierly; but it was angelic.

आदमी

आह, सच है, प्यारी युवा लेडी। आप हमेशा सही रहती हैं। मुझे मालूम हैं आप मेरे प्रति कितनी भली रही हैं: मैं अपनी अंतिम घड़ी तक उन तीन चॉकलेट क्रीम्स को याद रखूँगा। यह सैनिक-जैसा नहीं था; लेकिन यह फरिश्ते जैसा था।

RAINA

[coldly]. Thank you. And now I will do a soldierly thing. You cannot stay here after what you have just said about my future husband; but I will go out on the balcony and see whether it is safe for you to climb down into the street. [She turns to the window.]

रायना

[रुखाई से] तुम्हारा शुक्रिया। और अब मैं एक सैनिक-जैसा काम करूंगी। तुमने जो अभी मेरे होने वाले पति के बारे में कहा उसके बाद तुम यहाँ नहीं ठहर सकते; लेकिन मैं बाहर बालकनी में जाऊंगी और देखूँगी कि क्या तुम्हारे लिए उतर कर नीचे सड़क पर जाना सुरक्षित है। [वह खिड़की की तरफ घूमती है।]

MAN

[changing countenance]. Down that waterpipe! Stop! Wait! I can't! I daren't! The very thought of it makes me giddy. I came up it fast enough with death behind me. But to face it now in cold blood!--[He sinks on the ottoman.] It's no use: I give up: I'm beaten. Give the alarm. [He drops his head in his hands in the deepest dejection.]

आदमी

[मुखाकृति बदलते हुए] उस पानी के पाइप के नीचे! रुको! ठहरो! मैं नहीं कर सकता! मुझमें हिम्मत नहीं है! इस विचार से ही मुझे चक्कर आने लगते हैं। जब मौत को पीछे थी तो मैं इससे ऊपर काफी तेज आया था। लेकिन अब बेदर्दी से इसका सामना करना!–[वह ऑटोमन पर धँस जाता है] कोई फायदा नहीं है। मैं हार मानता हूँ। मैं पराजित हो गया हूँ। संकेत दे दो। [गहरी उदासी में वह अपने सिर को अपने हाथों पर गिरा लेता है]

RAINA

[disarmed by pity]. Come, don't be disheartened. [She stoops over him almost maternally: he shakes his head.] Oh, you are a very poor soldier--a chocolate cream soldier. Come, cheer up: it takes less courage to climb down than to face capture--remember that.

रायना

[दया से शांत होकर] चलो, हतोत्साहित मत हो। [वह लगभग मातृसुलभ ढंग से उसके ऊपर झुकती है: वह अपना सिर हिलाता है] ओह, तुम एक बहुत ही अभागे सैनिक हो–एक

चॉकलेट क्रीम खाने वाले सैनिक। चलो, खुश हो जाओः नीचे उतरने में पकड़े जाने से कम हिम्मत लगती है–इस याद रखना।

MAN

[dreamily, lulled by her voice]. No, capture only means death; and death is sleep--oh, sleep, sleep, sleep, undisturbed sleep! Climbing down the pipe means doing something--exerting myself--thinking! Death ten times over first.

आदमी

[उसकी आवाज से शांत होकर, स्वप्नवत] नहीं, पकड़े जाने का मतलब केवल मौत होता है; और मौत नींद होती है–ओह, नींद, नींद, नींद, निर्विघ्न नींद! पाइप से नीचे उतरने का मतलब कुछ करना है–खुद पर दबाव देना है–सोचना है! पहले से दस गुना मौत है।

RAINA

[softly and wonderingly, catching the rhythm of his weariness]. Are you so sleepy as that?

रायना

[उसकी थकान का सुर पहचानकर, धीरे से और प्रश्नवाचक ढंग से] क्या तुम इतने ज्यादा निद्रालु हो?

MAN.

I've not had two hours' undisturbed sleep since the war began. I'm on the staff: you don't know what that means. I haven't closed my eyes for thirty-six hours.

आदमी

जब से लड़ाई शुरू हुई है तब से मैं दो घंटे भी बिना बाधा नहीं सोया हूँ। मैं स्टाफ में हूँ।[46] तुम्हें नहीं मालूम इसका क्या मतलब है। मैंने अपनी आँखों को छत्तीस घंटों से बंद नहीं किया है।

RAINA

[desperately]. But what am I to do with you.

रायना

[हताशापूर्वक] लेकिन मैं तुम्हारे साथ क्या करूँ।

MAN

[staggering up]. Of course I must do something. [He shakes himself; pulls himself together; and speaks with rallied vigour and courage.] You see, sleep or no sleep, hunger or no hunger, tired or not tired, you can always do a thing when you know it must be done. Well, that pipe must be got down--[He hits himself on the chest, and adds]--Do you hear that, you chocolate cream soldier? [He turns to the window.]

आदमी

[लड़खड़ाकर उठते हुए] निश्चित तौर पर मुझे कुछ करना होगा। [वह खुद को झकझोरता है; खुद को संभालता है; और एकत्रित की गई शक्ति और हिम्मत से बोलता है] आप देख सकती हैं, सोये या बिना सोये, भूखा रहे या बिना भूखा

---

[46] मैं एक संस्था के लिए काम करने वाले समूह का सदस्य हूँ।

रहे, थके या बिना थके, आप हमेशा वह चीज कर सकते हैं जब आप जानते हैं कि इसे किया जाना चाहिए। खैर, उस पाइप से नीचे उतरना है–[वह खुद को छाती पर मारता है, और जोड़ता है]–क्या तुमने यह सुना, तुम चॉकलेट क्रीम खाने वाले सैनिक? [वह खिड़की की तरफ मुड़ता है।]

RAINA

[anxiously]. But if you fall?

रायना

[चिंतित होकर] लेकिन यदि तुम गिर गए?

MAN.

I shall sleep as if the stones were a feather bed. Good-bye. [He makes boldly for the window, and his hand is on the shutter when there is a terrible burst of firing in the street beneath.]

आदमी

तो मैं ऐसे सो जाऊँगा, जैसे पत्थर पंखों वाला बिस्तर हो। अलविदा। [वह खिड़की की ओर निडरता से जाता है, और उसका हाथ किवाड़ पर होता है जब नीचे की सड़क पर गोली दागे जाने का भयानक धमाका होता है।]

RAINA

[rushing to him]. Stop! [She catches him by the shoulder, and turns him quite round.] They'll kill you.

रायना

[उसकी ओर भागते हुए] रुको! [वह उसे कंधे से पकड़ लेती है, और उसे बिलकुल घुमा देती है] वे तुम्हें मार डालेंगे।

MAN

[coolly, but attentively]. Never mind: this sort of thing is all in my day's work. I'm bound to take my chance. [Decisively.] Now do what I tell you. Put out the candles, so that they shan't see the light when I open the shutters. And keep away from the window, whatever you do. If they see me, they're sure to have a shot at me.

आदमी

[उदासीन होकर, लेकिन विनम्रता से] कोई बात नहीं; इस तरह की चीज केवल मेरा रोज का काम है। मैं अपना जोखिम लेने के लिए बाध्य हूँ। [निर्णय से] अब वह करो जो मैं कहता हूँ। मोमबत्ती को बुझा दो, जिससे जब मैं किवाड़ों को खोलूँ, वे रोशनी को न देख सकें। और तुम जो भी करना, केवल खिड़की से दूर रहना। अगर वे मुझे देख लेते हैं, तो वे निश्चित तौर पर निशाना लगायेंगे।

RAINA

[clinging to him]. They're sure to see you: it's bright moonlight. I'll save you--oh, how can you be so indifferent? You want me to save you, don't you?

रायना

[उससे लिपटते हुए] वे निश्चित तौर पर तुम्हें देख लेंगे। वहाँ उज्जवल चाँदनी हैं। मैं तुम्हें बचा लूंगी–ओह तुम कैसे इतने उदासीन हो सकते हो? तुम चाहते हो मैं तुम्हें बचाऊँ, कि नहीं?

MAN.

I really don't want to be troublesome. [She shakes him in her impatience.] I am not indifferent, dear young lady, I assure you. But how is it to be done?

आदमी

मैं सचमुच तकलीफ नहीं देना चाहता। [अपनी अधीरता में वह उसे हिलाती है] मैं उदासीन नहीं हूँ, प्यारी युवा लेडी, मैं आपको यकीन दिलाता हूँ। लेकिन इसे कैसे किया जाएगा?

RAINA.

Come away from the window--please. [She coaxes him back to the middle of the room. He submits humbly. She releases him, and addresses him patronizingly.] Now listen. You must trust to our hospitality. You do not yet know in whose house you are. I am a Petkoff.

रायना

कृपया, खिड़की से दूर चले आओ। [वह उसे मनाकर वापस कमरे की बीच में लाती है। वह नम्रतापूर्वक समर्पण कर देता है। वह उसे छोड़ देती है और सहायता के भाव से उसे संबोधित करती है] अब सुनो। तुम्हें हमारी मेहमाननवाजी पर भरोसा करना होगा। तुम्हें अभी भी नहीं मालूम है कि तुम किस घर में हो। मैं एक पेटकॉफ हूँ।

MAN.

What's that?

आदमी

वह क्या होता है।

RAINA

[rather indignantly]. I mean that I belong to the family of the Petkoffs, the richest and best known in our country.

रायना

[कुछ क्रोध से] मेरा मतलब है कि मैं पेटकॉफ्स के परिवार से हूँ, जो हमारे देश में सबसे अमीर और सबसे विख्यात हैं।

MAN.

Oh, yes, of course. I beg your pardon. The Petkoffs, to be sure. How stupid of me!

आदमी

ओह, हाँ, निश्चित तौर पर। मैं आपसे माफ़ी मांगता हूँ। पेटकॉफ्स, निश्चित रूप से। मैं कितना बेवकूफ हूँ!

RAINA.

You know you never heard of them until this minute. How can you stoop to pretend?

रायना

तुम्हें मालूम है तुमने उनके बारे इस समय तक कभी नहीं सुना। तुम दिखावा करने के लिए झुक कैसे सकते हो?

MAN.

Forgive me: I'm too tired to think; and the change of subject was too much for me. Don't scold me.

आदमी

मुझे माफ़ कीजिए। मैं सोचने के लिए बहुत थक गया हूँ; और विषय का परिवर्तन मेरे लिए बहुत ज्यादा था। मुझे डाँटिये मत।

RAINA.

I forgot. It might make you cry. [He nods, quite seriously. She pouts and then resumes her patronizing tone.] I must tell you that my father holds the highest command of any Bulgarian in our army. He is [proudly] a Major.

रायना

मैं भूल गई थी। मैं तुम्हें रुला सकती हूँ। [वह बिलकुल गंभीरता से सिर हिलाता है। वह मुंह फुला लेती है और फिर अपनी सहायता के सुर में जारी रखती है] मुझे तुम्हें बताना होगा कि मेरे पिता हमारी सेना में किसी भी बल्गेरियन पर सबसे ज्यादा प्रभुत्व रखते हैं। वह [गर्व से] एक मेजर हैं।

MAN

[pretending to be deeply impressed]. A Major! Bless me! Think of that!

आदमी

[बहुत ज्यादा प्रभावित होने का अभिनय करते हुए] एक मेजर! मेरे अहोभाग्य! जरा सोचो इस बारे में!

RAINA.

You shewed great ignorance in thinking that it was necessary to climb up to the balcony, because ours is the only private house that has two rows of

windows. There is a flight of stairs inside to get up and down by.

रायना

यह सोचकर तुमने बहुत नादानी दिखाई कि बालकनी तक ऊपर चढ़ना आवश्यक है,क क्योंकि केवल हमारा ही निजी घर है जिसमें खिड़कियों की दो पंक्तियाँ हैं। ऊपर चढ़ने और नीचे उतरने के लिए भीतर एक सीढ़ियों की श्रृंखला है।

MAN.

Stairs! How grand! You live in great luxury indeed, dear young lady.

आदमी

सीढ़ियाँ! कितनी बड़ी बात है! तुम वाकई बहुत सुख–सुविधा में रहती हो, प्यारी युवा लेडी।

RAINA.

Do you know what a library is?

रायना

क्या तुम्हें मालूम है एक पुस्तकालय क्या होता है?

MAN.

A library? A roomful of books.

आदमी

पुस्तकालय? एक किताबों से भरा हुआ कमरा होता है।

RAINA.

Yes, we have one, the only one in Bulgaria.

रायना

हाँ, हमारे पास एक है, जो बल्गेरिया का एकलौता है।

MAN.

Actually a real library! I should like to see that.

आदमी

सचमुच एक वास्तविक पुस्तकालय! मैं उसे देखना चाहूँगा।

RAINA

[affectedly]. I tell you these things to shew you that you are not in the house of ignorant country folk who would kill you the moment they saw your Servian uniform, but among civilized people. We go to Bucharest every year for the opera season; and I have spent a whole month in Vienna.

रायना

[बनावटी ढंग से] मैं तुम्हें यह चीजें यह दिखाने के लिए कह रही हूँ कि तुम एक नादान ग्रामीण लोगों के घर में नहीं हो, जो तुम्हें तुम्हारी सर्वियन पोशाक में देखते ही उसी क्षण मार दें, बल्कि तुम सभ्य लोगों के बीच हो। । हम हर साल ऑपेरा सीज़न के लिए ब्यूकरेस्ट जाते हैं; और मैंने वियना में पूरा एक महीना बिताया है।

MAN.

I saw that, dear young lady. I saw at once that you knew the world.

आदमी

मैंने इसे देख लिया था, प्यारी युवा लेडी। मैंने एक बार में ही यह देख लिया था कि आप दुनिया से वाकिफ हैं।

RAINA.

Have you ever seen the opera of Ernani?

रायना

क्या तुमने कभी अर्नेनी[47] का ऑपेरा देखा है?

MAN.

Is that the one with the devil in it in red velvet, and a soldier's chorus?

आदमी

क्या यह वो वाला है, जिसमें लाल मखमल में शैतान होता है और एक सैनिक का कोरस[48] होता है?

RAINA

[contemptuously]. No!

रायना

[तिरस्कारपूर्वक] नहीं!

MAN

[47] Hernani-फ्रेंच लेखक विक्टर ह्यूगो द्वारा रचित एक नाटक।

[48] Chorus–सामूहिक गान।

[stifling a heavy sigh of weariness]. Then I don't know it.

आदमी

[थकान की गहरी सांस से शांत होता हुआ] तब मैं उसे नहीं जानता।

RAINA.

I thought you might have remembered the great scene where Ernani, flying from his foes just as you are tonight, takes refuge in the castle of his bitterest enemy, an old Castilian noble. The noble refuses to give him up. His guest is sacred to him.

रायना

मुझे लगा तुम्हें वह महान दृश्य याद होगा जिसमें अर्नेनी, बिलकुल तुम्हारी तरह अपने दुश्मनों से भागते हुए, अपने सबसे कटु शत्रु, एक बूढ़े कैस्टिलियन कुलीनजन के यहाँ आश्रय लेता है। कुलीनजन उसकी कुर्बानी देने को तैयार नहीं होता। उसका मेहमान उसके लिए पवित्र होता है।

MAN

[quickly waking up a little]. Have your people got that notion?

आदमी

[जल्दी से थोड़ा जागते हुए] क्या तुम्हारे लोगों को भी ऐसी धारणा प्राप्त है?

RAINA

[with dignity]. My mother and I can understand that notion, as you call it. And if instead of threatening me with your pistol as you did, you had simply thrown yourself as a fugitive on our hospitality, you would have been as safe as in your father's house.

रायना

[अभिमान से] जैसा तुम कह रहे हो, मेरी माँ और मैं इस धारणा को समझ सकती हैं। और अगर जैसे तुमने मुझे अपनी पिस्टल से धमकाया उसकी बजाय, यदि तुमने खुद को हमारी मेहमाननवाजी में एक शरणार्थी की तरह सुपुर्द कर दिया होता, तो तुम अपने पिता के घर की तरह ही सुरक्षित होते।

MAN.

Quite sure?

आदमी

पूरा विश्वास है?

RAINA

[turning her back on him in disgust.] Oh, it is useless to try and make you understand.

रायना

[घृणा से उसकी तरफ अपनी पीठ करते हुए] ओह, तुम्हें समझाने की कोशिश करना और तुम्हें समझाना व्यर्थ है।

MAN.

Don't be angry: you see how awkward it would be for me if there was any mistake. My father is a very

hospitable man: he keeps six hotels; but I couldn't trust him as far as that. What about YOUR father?

आदमी

क्रोधित मत होइए। आप देख सकती हैं कि यदि इसमें कोई गलती हो तो मेरे लिए यह कितना कष्टदायक होगा। मेरे पिता एक बहुत ही मेहमाननवाज़ आदमी हैं। वह छह होटलों का रखरखाव करते हैं। पर मैं उनपर भी इतनी दूर तक भरोसा नहीं कर सकता। आप अपने पिता के बारे में क्या कहेंगी?

RAINA.

He is away at Slivnitza fighting for his country. I answer for your safety. There is my hand in pledge of it. Will that reassure you? [She offers him her hand.]

रायना

वह दूर स्लीवनिट्ज़ा में अपने देश के लिए लड़ रहे हैं। मैं तुम्हारी सलामती के लिए जवाबदेह हूँ। इसकी सौगंध के लिए यह रहा मेरा हाथ। क्या इससे तुम्हें भरोसा मिलेगा? [वह उसे अपने हाथ की पेशकश करती है।]

MAN

[looking dubiously at his own hand]. Better not touch my hand, dear young lady. I must have a wash first.

आदमी

[अपने खुद के हाथ को अनिश्चितता से देखते हुए] बेहतर होगा, मेरा हाथ न छुआ जाए, प्यारी युवा लेडी। पहले मुझे नहाना-धोना होगा।

RAINA

[touched]. That is very nice of you. I see that you are a gentleman.

रायना

[प्रभावित होते हुए] यह आपकी बहुत अच्छाई है। मैं देख सकती हूँ कि आप एक सज्जन हैं।

MAN

[puzzled]. Eh?

आदमी

[उलझन में] आंय?

RAINA.

You must not think I am surprised. Bulgarians of really good standing--people in OUR position--wash their hands nearly every day. But I appreciate your delicacy. You may take my hand. [She offers it again.]

रायना

तुम्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि मैं चकित हूँ। बल्गेरियन्स सचमुच अच्छी प्रतिष्ठा वाले होते हैं–हमारे ओहदे वाले लोग–अपने हाथों को लगभग रोज धोते हैं। लेकिन मैं तुम्हारी नजाकत की सराहना करती हूँ। तुम मेरा हाथ ले सकते हो। [वह फिर से अपने हाथ की पेशकश करती है।]

MAN

[kissing it with his hands behind his back]. Thanks, gracious young lady: I feel safe at last. And now would you mind breaking the news to your mother? I had better not stay here secretly longer than is necessary.

आदमी

[अपने हाथों को अपनी पीठ के पीछे करके उसे चूमते हुए] शुक्रिया, दयालु युवा लेडी। मैं आखिरकार सुरक्षित महसूस कर रहा हूँ। और अब कहीं आपको अपनी माँ से यह खबर बताने में कोई आपत्ति तो नहीं हैं? बेहतर होगा कि मैं यहाँ आवश्यकता से अधिक गुप्तता में नहीं रहूँ।

RAINA.

If you will be so good as to keep perfectly still whilst I am away.

रायना

यदि मेरे बाहर रहने तक, तुम इतने शरीफ रहते हो कि पूरी तरह से स्थिर रहोगे[49]।

MAN.

Certainly. [He sits down on the ottoman.]

आदमी

निश्चित रूप से। [वह नीचे ऑटोमन पर बैठ जाता है।]

[Raina goes to the bed and wraps herself in the fur cloak. His eyes close. She goes to the door, but on

---

[49] तो मैं अपनी माँ को बताने जा रही हूँ।

turning for a last look at him, sees that he is dropping of to sleep.]

[रायना बिस्तर की ओर जाती है और खुद को फर के लबादे में डाल लेती है। उस आदमी की आँखें बंद हो जाती है। वह दरवाजे की तरफ जाती है, पर उसके आखिरी बार देखने के लिए घूमने पर वह पाती है कि वह नींद में जा रहा है।]

RAINA

[at the door]. You are not going asleep, are you? [He murmurs inarticulately: she runs to him and shakes him.] Do you hear? Wake up: you are falling asleep.

रायना

[दरवाजे पर] तुम सो तो नहीं जाओगे, बोलो? [वह अस्पष्टता से बुदबुदाता है: और वह उसकी ओर भागती है और उसे हिलाती है] क्या तुम सुन रहे हो? उठो: तुम्हें नींद लग रही है।

MAN.

Eh? Falling aslee--? Oh, no, not the least in the world: I was only thinking. It's all right: I'm wide awake.

आदमी

क्या? नींद लग र--? ओह, नहीं, तनिक भी नहीं। मैं केवल सोच रहा था। सब ठीक है। मैं पूरी तरह जागा हुआ हूँ।

RAINA

[severely]. Will you please stand up while I am away. [He rises reluctantly.] All the time, mind.

रायना

[कठोरता से] जब तक मैं बाहर हूँ, क्या तुम कृपा करके खड़े हो जाओगे। [वह अनिच्छा से उठता है] हर समय, सावधान रहना।

MAN

[standing unsteadily]. Certainly--certainly: you may depend on me.

आदमी

[अस्थिरता से खड़ा होता है] निश्चित रूप से–निश्चित रूप से। आप मुझपर भरोसा कर सकती हैं।

[Raina looks doubtfully at him. He smiles foolishly. She goes reluctantly, turning again at the door, and almost catching him in the act of yawning. She goes out.]

[रायना उसे संदेहपूर्ण होकर देखती है। वह बेवकूफी से मुस्कराता है। वह अनिच्छा से जाती है, और दरवाजे पर फिर से घूमती है, और उसे जम्हाई लेते हुए लगभग फिर से पकड़ती है। वह बाहर चली जाती है।]

MAN

[drowsily]. Sleep, sleep, sleep, sleep, slee--[The words trail of into a murmur. He wakes again with a shock on the point of falling.] Where am I? That's what I want to know: where am I? Must keep awake. Nothing keeps me awake except danger--remember that--[intently] danger, danger, danger, dan-- Where's danger? Must find it. [He starts of vaguely

around the room in search of it.] What am I looking for? Sleep--danger--don't know. [He stumbles against the bed.] Ah, yes: now I know. All right now. I'm to go to bed, but not to sleep--be sure not to sleep--because of danger. Not to lie down, either, only sit down. [He sits on the bed. A blissful expression comes into his face.] Ah! [With a happy sigh he sinks back at full length; lifts his boots into the bed with a final effort; and falls fast asleep instantly.]

आदमी

[ऊँघते हुए] नींद, नींद, नींद, नींद, नीं–[शब्द बुदबुदाहट में तबदील हो जाते हैं। वह गिरने वाला होता है जब वह चौंककर फिर से जाग जाता है।] मैं कहाँ हूँ? यही मैं जानना चाहता हूँ। मैं कहाँ हूँ? मुझे जागते रहना होगा। सिवाय खतरे के, मुझे कुछ भी नहीं जगाये रख सकता है–इसे याद रखना होगा–[केंद्रित होते हुए] खतरा, खतरा, खतरा, ख़त–कहाँ हैं खतरा? मुझे उसे खोजना होगा। [वह अस्पष्टता से कमरे में चारों ओर उसकी तलाश करने लगता है।] मैं क्या खोज रहा हूँ? नींद–खतरा–मुझे नहीं मालूम। [वह बिस्तर से ठोकर खाता है।] ओह, हाँ: अब मुझे मालूम है। अब सब ठीक है। मैं बिस्तर पर जा रहा हूँ, पर सोने नहीं–निश्चित रूप से सोना नहीं है–क्योंकि खतरा है। लेटने के लिए भी नहीं, केवल बैठने के लिए। [वह बिस्तर पर बैठ जाता है। उसके चेहरे पर आनंदपूर्ण भाव आ जाते हैं।] आह! [एक सुखद गहरी सांस से वह पूरी तरह फैलकर पीछे धँस जाता है; एक आखिरी कोशिश से अपने जूतों को उठाकर बिस्तर में डालता है; और तुरंत गहरी नींद में चला जाता है।]

[Catherine comes in, followed by Raina.]

[कैथरिन अन्दर आती है, रायना उसके पीछे आती है।]

RAINA

[looking at the ottoman]. He's gone! I left him here.

रायना

[ऑटोमन की ओर देखते हुए] वह चला गया! मैंने उसे यहीं छोड़ा था।

CATHERINE,

Here! Then he must have climbed down from the--

कैथरिन

यहाँ! तब वह नीचे उतरा होगा इस--

RAINA

[seeing him]. Oh! [She points.]

रायना

[उसे देखते हुए] ओह! [वह इंगित करती है]

CATHERINE

[scandalized]. Well! [She strides to the left side of the bed, Raina following and standing opposite her on the right.] He's fast asleep. The brute!

कैथरिन

[स्तब्ध होकर] खैर! [वह बिस्तर की बायीं तरफ लम्बे कदम रखती है, रायना पीछे आती है और उसके सामने दाहिनी तरफ खड़ी हो जाती है।] वह गहरी नींद में सो रहा है। वह पशु!

RAINA

[anxiously]. Sh!

रायना

[चिंतित होकर] श!

CATHERINE

[shaking him]. Sir! [Shaking him again, harder.] Sir!! [Vehemently shaking very bad.] Sir!!!

कैथरिन

[उसे हिलाते हुए] श्रीमान! [उसे फिर से जोर से हिलाते हुए] श्रीमान!! [उसे प्रबलता से बहुत बुरी तरह हिलाते हुए] श्रीमान!!!

RAINA

[catching her arm]. Don't, mamma: the poor dear is worn out. Let him sleep.

रायना

[उसकी भुजा पकड़ती हुई] मत करिए, माँ: यह बेचारा प्यारा आदमी थक चुका है। उसे सोने दीजिये।

CATHERINE

[letting him go and turning amazed to Raina]. The poor dear! Raina!!! [She looks sternly at her daughter. The man sleeps profoundly.]

कैथरिन

[उसे छोड़ते हुए और आश्चर्य से रायना की ओर मुड़ते हुए] बेचारा प्यारा आदमी! रायना!!! [वह कठोरता से अपनी बेटी की तरफ देखती है। आदमी गहरी नींद सो रहा है।]

ACT II

नाटकांक २

The sixth of March, 1886. In the garden of major Petkoff's house. It is a fine spring morning; and the garden looks fresh and pretty. Beyond the paling the tops of a couple of minarets can be seen, shewing that there is a valley there, with the little town in it. A few miles further the Balkan mountains rise and shut in the view. Within the garden the side of the house is seen on the right, with a garden door reached by a little flight of steps. On the left the stable yard, with its gateway, encroaches on the garden. There are fruit bushes along the paling and house, covered with washing hung out to dry. A path runs by the house, and rises by two steps at the corner where it turns out of the sight along the front. In the middle a small table, with two bent wood chairs at it, is laid for breakfast with Turkish coffee pot, cups, rolls, etc.; but the cups have been used and the bread broken. There is a wooden garden seat against the wall on the left.

छह मार्च, 1886। मेजर पेटकॉफ के घर के बगीचे में। यह एक बढ़िया वसंत की सुबह है; बग़ीचा तरोताजा और मनोहर लगता है। बाड़ों के पार दो मीनारों के सिरे देखे जा सकते हैं, जिससे दिखता है कि वहाँ पर एक घाटी है जिसमें छोटा-सा कस्बा है। कुछ मील आगे बालकन पर्वत उठते है और दृष्टि को सीमित करते हैं। दाहिनी तरफ बगीचे में बगीचे के दरवाजे के साथ घर का किनारा दिखता है जहाँ सीढ़ियों की छोटी

से श्रृंखला से पहुँचा जाता है। बायीं तरफ, अश्वशाला का प्रांगण अपने फाटक के साथ, बगीचे पर बढ़ा हुआ है। फलों की झाड़ियाँ, बाड़ और घर के साथ-साथ चलती हैं, जिन्हें धोकर सूखने के लिए लटकाया गया है। घर के करीब से एक रास्ता गुजरता है, और किनारे दो सीढ़ी उठता है, जहाँ वह आगे की ओर दृष्टि से बाहर हो जाता है। बीच में टर्किश कॉफ़ी पॉट, कप, रोल, इत्यादि, के साथ एक छोटी मेज, दो सटी हुई बेंटवुड कुर्सियाँ साथ, नाश्ते के लिए बिछी है; लेकिन कपों का इस्तेमाल किया जा चुका है और ब्रेड टूटी हुई है। बायीं तरफ दीवार के विरुद्ध एक लकड़ी का बगीचे वाला आसन है।

Louka, smoking a cigaret, is standing between the table and the house, turning her back with angry disdain on a man-servant who is lecturing her. He is a middle-aged man of cool temperament and low but clear and keen intelligence, with the complacency of the servant who values himself on his rank in servility, and the imperturbability of the accurate calculator who has no illusions. He wears a white Bulgarian costume jacket with decorated border, sash, wide knickerbockers, and decorated gaiters. His head is shaved up to the crown, giving him a high Japanese forehead. His name is Nicola.

लूका, सिगरेट का धूम्रपान करते हुए, मेज और घर के बीच में खड़ी है। उसने क्रोधपूर्ण नाराजगी से अपनी पीठ एक पुरुष-सेवक की तरफ कर रखी है जो उसे उपदेश दे रहा है। वह शांत प्रकृति और कम (परन्तु साफ़ और तेज) अक्ल वाला अधेड़ आदमी है, जिसमें उस सेवक का संतुष्टि-भाव है, जो सेवा करने में अपने ओहदे की कद्र करता है और जो बिना गलतफहमी के सही हिसाब लगाने वाले की अडिगता

रखता है। उसने एक सफ़ेद बल्गेरियन पोशाक वाली सजावटी किनारे वाली जैकेट, कमरबंद, चौड़े निकरबौकर्स[50], और अलंकृत गेटर्स[51] पहन रखे हैं। उसका सिर शीर्ष तक मुंडा है, जिससे उसे ऊँचा जापानी मस्तक प्राप्त होता है। उसका नाम निकोला है।

NICOLA.

Be warned in time, Louka: mend your manners. I know the mistress. She is so grand that she never dreams that any servant could dare to be disrespectful to her; but if she once suspects that you are defying her, out you go.

निकोला

समय रहते चेतावनी दे रहा हूँ, लूका: अपनी आदतें सुधार लो। मैं मालकिन को जानता हूँ। वह इतनी महान हैं कि वह कभी सपने में भी नहीं सोच सकती कि कोई नौकर उनके प्रति निरादरपूर्ण हो सकता है; लेकिन अगर एक बार उन्हें संदेह हो गया कि तुम उनकी अवज्ञा कर रही हो, तो तुम्हें बाहर निकाल दिया जाएगा।

LOUKA.

I do defy her. I will defy her. What do I care for her?

लूका

---

50 Knickerbockers–घुटनों तक लम्बा ढीला निकर। [चित्र देखें]

51 Gaiters–कपड़े अथवा चमड़े का आवरण, जिसे घुटनों से एड़ी के बीच पहन जाता है।

मैं उनकी अवज्ञा करती हूँ। मैं उनकी अवज्ञा करूंगी। मुझे उनकी क्या परवाह है?

NICOLA.

If you quarrel with the family, I never can marry you. It's the same as if you quarrelled with me!

निकोला

अगर तुम परिवार से झगड़ोगी, तो मैं तुमसे कभी भी शादी नहीं कर सकता। यह बिलकुल वैसे ही है जैसे तुमने मुझसे झगड़ा किया!

LOUKA.

You take her part against me, do you?

लूका

तुम मेरे खिलाफ उनका किरदार ले रहे हो, न?

NICOLA

[sedately]. I shall always be dependent on the good will of the family. When I leave their service and start a shop in Sofea, their custom will be half my capital: their bad word would ruin me.

निकोला

[शान्ति से] मैं हमेशा परिवार की कृपा पर आश्रित रहूँगा। जब मैं उनकी नौकरी छोड़ दूंगा और सोफिया में एक दुकान शुरू करूंगा, तो उनके द्वारा दिया गया मेरे व्यापार को संरक्षण मेरी आधी पूँजी होगा: उनका खराब शब्द मुझे बर्बाद कर देगा।

LOUKA.

You have no spirit. I should like to see them dare say a word against me!

लूका

तुममें कोई हिम्मत नहीं है। मैं उनको मेरे खिलाफ एक भी शब्द बोलने की जुर्रत करते देखना चाहूँगी!

NICOLA

[pityingly]. I should have expected more sense from you, Louka. But you're young, you're young!

निकोला

[दया भाव से] मैं तुमसे और ज्यादा विवेक की अपेक्षा करता, लूका। लेकिन तुम युवा हो, तुम युवा हो!

LOUKA.

Yes; and you like me the better for it, don't you? But I know some family secrets they wouldn't care to have told, young as I am. Let them quarrel with me if they dare!

लूका

हाँ; और तुम मुझे इसके लिए बेहतर पसंद करते हो, है न? लेकिन मुझे परिवार के कुछ राज मालूम है जिन्हें कहने में उन्हें परवाह नहीं थी, क्योंकि मैं युवा हूँ। अगर उनकी मजाल है, तो उन्हें मुझसे झगड़ने दो!

NICOLA

[with compassionate superiority]. Do you know what they would do if they heard you talk like that?

निकोला

[दयालु वरिष्ठता से] क्या तुम्हें मालूम है यदि वे तुम्हें इस तरह बातें करते सुन लेते हैं, तो वे क्या करेंगे?

LOUKA.

What could they do?

लूका

वे क्या कर सकते हैं?

NICOLA.

Discharge you for untruthfulness. Who would believe any stories you told after that? Who would give you another situation? Who in this house would dare be seen speaking to you ever again? How long would your father be left on his little farm? [She impatiently throws away the end of her cigaret, and stamps on it.] Child, you don't know the power such high people have over the like of you and me when we try to rise out of our poverty against them. [He goes close to her and lowers his voice.] Look at me, ten years in their service. Do you think I know no secrets? I know things about the mistress that she wouldn't have the master know for a thousand levas. I know things about him that she wouldn't let him hear the last of for six months if I blabbed them to her. I know things about Raina that would break off her match with Sergius if--

निकोला

तुम्हें झूठ बोलने के लिए बरखास्त कर सकते हैं। उसके बाद तुम्हारी सुनाई गई कहानियों पर कौन विश्वास करेगा? कौन तुम्हें दूसरा रोजगार देगा? इस घर में कौन है जो फिर कभी तुम्हारे साथ बात करते हुए देखे जाने की हिम्मत करेगा? तुम्हारे पिता कितने समय तक अपने छोटे से खेत में रह सकेंगे? [वह अधीरता से अपने सिगरेट का सिरा फेंक देती है और उसपर पैर पटकती है] बच्ची: तुम्हें नहीं मालूम कि ऐसे बड़े लोगों का तुम्हारे और मेरे जैसे लोगों पर कितना नियंत्रण होता है जब हम उनके खिलाफ अपनी गरीबी से उबरने की कोशिश करते हैं। [वह उसके करीब आता है और अपनी आवाज नीची कर लेता है] मेरी तरफ देखो, दस साल से उनकी खिदमत में हूँ। क्या तुम्हें लगता है कि मुझे कोई राज नहीं मालूम? मुझे मालकिन के बारे में वे चीजें मालूम हैं जिन्हें वे हजार लेवस[52] के बदले भी मालिक को पता लगने नहीं देना चाहेंगी। मुझे उनके[53] बारे में वे चीजें मालूम हैं जिसे सुनकर मालकिन उन्हें छह महीने तक कुछ भी और नहीं सुनने देंगी, यदि मैंने उनको उनसे[54] कह दिया। मुझे रायना के बारे वे चीजें मालूम हैं जिससे उसका सर्जियस से विवाह टूट जायेगा यदि–

LOUKA

[turning on him quickly]. How do you know? I never told you!

लूका

---

[52] Levas-बल्गेरिया की मुद्रा।

[53] मालिक के

[54] मालकिन से

[उसकी ओर तुरंत घूमते हुए] तुम्हें कैसे मालूम? मैंने तो तुम्हें कभी नहीं बताया!

NICOLA

[opening his eyes cunningly]. So that's your little secret, is it? I thought it might be something like that. Well, you take my advice, and be respectful; and make the mistress feel that no matter what you know or don't know, they can depend on you to hold your tongue and serve the family faithfully. That's what they like; and that's how you'll make most out of them.

निकोला

[चालाकी से अपनी आँखें खोलते हुए] तो यह तुम्हारा छोटा सा राज है, न? मुझे लगा कि यह इसी तरह का कुछ होगा। खैर, मेरी सलाह मानो, और आदरपूर्ण रहो; और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम्हें क्या मालूम है या क्या नहीं मालूम है, तुम मालकिन को यह महसूस कराओ कि वे तुमपर अपनी जबान पर काबू रखने और परिवार की वफादारी से सेवा करने के लिए निर्भर कर सकती हैं। यही है जो उन्हें पसंद है: और इसी तरह तुम उनसे सबसे ज्यादा फायदा ले सकोगी।

LOUKA

[with searching scorn]. You have the soul of a servant, Nicola.

लूका

[भेदक घृणा से] तुम्हारे पास एक नौकर की आत्मा है, निकोला।

NICOLA

[complacently]. Yes: that's the secret of success in service.

निकोला

[आत्मसंतुष्ट होकर] हाँ। नौकरी में यही सफलता का राज है।

[A loud knocking with a whip handle on a wooden door, outside on the left, is heard.]

[बाहर बायीं तरफ, चाबुक के मूठ से लकड़ी के दरवाजे पर ऊंची दस्तक सुनाई देती है।]

MALE VOICE OUTSIDE.

Hollo! Hollo there! Nicola!

बाहर मर्दाना आवाज

हेलो! हेलो वहाँ! निकोला!

LOUKA.

Master! back from the war!

लूका

मास्टर! लड़ाई से लौट आये!

NICOLA

[quickly]. My word for it, Louka, the war's over. Off with you and get some fresh coffee. [He runs out into the stable yard.]

निकोला

[जल्दी से] मेरी बात मानो, लूका, युद्ध ख़त्म हो चुका है। जाओ और थोड़ी ताज़ी कॉफ़ी ले आओ। [वह बाहर भागकर अश्वशाला के प्रांगण में जाता है।]

LOUKA

[as she puts the coffee pot and the cups upon the tray, and carries it into the house]. You'll never put the soul of a servant into me.

लूका

[कॉफ़ी पॉट और कपों को ट्रे पर रखते और उसे घर में ले जाते हुए] तुम कभी भी एक नौकर की आत्मा मुझमें नहीं डाल पाओगे।

[Major Petkoff comes from the stable yard, followed by Nicola. He is a cheerful, excitable, insignificant, unpolished man of about 50, naturally unambitious except as to his income and his importance in local society, but just now greatly pleased with the military rank which the war has thrust on him as a man of consequence in his town. The fever of plucky patriotism which the Servian attack roused in all the Bulgarians has pulled him through the war; but he is obviously glad to be home again.]

[मेजर पेटकॉफ अश्वशाला के प्रांगण से आते हैं, उनके पीछे निकोला आता है। वे लगभग 50 साल के हँसमुख, जोशीले, तुच्छ और असभ्य आदमी हैं, जो सिवाय अपनी तनख्वाह और स्थानीय समाज में अपने महत्व के, प्राकृतिक रूप से, महत्वाकांक्षाविहीन हैं, लेकिन बिलकुल अभी युद्ध द्वारा उनपर थोपे गए सैन्य ओहदे से बहुत खुश हैं जिसने उन्हें अपने कस्बे का प्रतिष्ठित आदमी बना दिया है। वीर देशभक्ति का बुखार,

जो सर्वियन हमले से सभी बल्गेरियन्स में जाग गया था, युद्ध के दौरान उनका सहायक था; किन्तु वह स्पष्ट रूप से घर लौटकर खुश हैं।]

PETKOFF

[pointing to the table with his whip]. Breakfast out here, eh?

पेटकॉफ

[अपनी चाबुक से मेज की तरफ इंगित करते हुए] नाश्ता यहाँ बाहर, आंय?

NICOLA.

Yes, sir. The mistress and Miss Raina have just gone in.

निकोला

हाँ, श्रीमान। मालकिन और मिस रायाना अभी अन्दर गए हैं।

PETKOFF

[sitting down and taking a roll]. Go in and say I've come; and get me some fresh coffee.

पेटकॉफ

[नीचे बैठते और एक रोल लेते हुए] अन्दर जाओ और कहो मैं आ गया हूँ; और मेरे लिए थोड़ी ताज़ी कॉफ़ी ले आओ।

NICOLA.

It's coming, sir. [He goes to the house door. Louka, with fresh coffee, a clean cup, and a brandy bottle on her tray meets him.] Have you told the mistress?

निकोला

वह आ रही है, श्रीमान। [वह घर के दरवाजे की ओर जाता है। लूका, ट्रे में ताज़ी कॉफ़ी, एक साफ़ कप, और एक ब्रांडी की बोतल के साथ उससे मिलती है] क्या तुमने मालकिन को बताया?

LOUKA.

Yes: she's coming.

लूका

हाँ: वह आ रही हैं।

[Nicola goes into the house. Louka brings the coffee to the table.]

[निकोला घर में जाता है। लूका कॉफ़ी को मेज पर लाती हैं।]

PETKOFF.

Well, the Servians haven't run away with you, have they?

पेटकॉफ

खैर, सर्वियन्स तुम्हारे साथ नहीं भागे, क्या उन्होंने ऐसा किया?

LOUKA.

No, sir.

लूका

नहीं, श्रीमान।

PETKOFF.

That's right. Have you brought me some cognac?

पेटकॉफ

सही है। क्या तुम मेरे लिए थोड़ी कोन्याक[55] लाई हो?

LOUKA

[putting the bottle on the table]. Here, sir.

लूका

[बोतल को मेज पर रखते हुए] यहाँ है, श्रीमान।

PETKOFF.

That's right. [He pours some into his coffee.]

पेटकॉफ

सही है। [वे थोड़ी अपनी कॉफ़ी में डालते हैं]

[Catherine who has at this early hour made only a very perfunctory toilet, and wears a Bulgarian apron over a once brilliant, but now half worn out red dressing gown, and a colored handkerchief tied over her thick black hair, with Turkish slippers on her bare feet, comes from the house, looking astonishingly handsome and stately under all the circumstances. Louka goes into the house.]

---

[55] Cognac-फ्रेंच ब्रांडी

[कैथरिन ने इस जल्द घड़ी में केवल एक बहुत ही उदासीन पहनावा पहना है, और अपने नंगे पैरों में टर्किश चप्पल के साथ, उसने लाल ड्रेसिंग-गाउन (जो एक समय बहुत शानदार था पर अब घिसा हुआ है) के ऊपर उसने बल्गेरियन एप्रन पहना है और एक रंगीन रुमाल उसके घने काले बाल के ऊपर बंधा है। इस सारी हालत में वह आश्चर्यजनक रूप से मनोरम और आकर्षक दिखती हुई, घर से बाहर आती है। लूका घर के अन्दर चली जाती है।]

CATHERINE.

My dear Paul, what a surprise for us. [She stoops over the back of his chair to kiss him.] Have they brought you fresh coffee?

कैथरिन

मेरे प्यारे पॉल, यह हमारे लिए कितना बड़ा आश्चर्य है। [वह उसे चूमने के लिए उसकी कुर्सी के पिछले हिस्से पर झुकती है।] क्या उन्होंने तुम्हारे लिए ताज़ी कॉफ़ी लाई?

PETKOFF.

Yes, Louka's been looking after me. The war's over. The treaty was signed three days ago at Bucharest; and the decree for our army to demobilize was issued yesterday.

पेटकॉफ

हाँ, लूका मेरी देखभाल कर रही थी। युद्ध ख़त्म हो चुका है। तीन दिन पहले ब्यूकरेस्ट में संधि पर हस्ताक्षर हो चुके हैं; और हमारी सेना को छुट्टी देने का आदेश कल जारी किया गया था।

CATHERINE

[springing erect, with flashing eyes]. The war over! Paul: have you let the Austrians force you to make peace?

कैथरिन

[चमकती आँखों से उछलकर सीधी खड़ी होते हुए] युद्ध ख़त्म हो गया! पॉल: क्या तुमने ऑस्ट्रियन्स को खुद पर शांति कायम करने का दबाव बनाने दिया?

PETKOFF

[submissively]. My dear: they didn't consult me. What could *I* do? [She sits down and turns away from him.] But of course we saw to it that the treaty was an honorable one. It declares peace--

पेटकॉफ

[विनम्रतापूर्वक] मेरी प्रिय: उन्होंने मेरा मशविरा नहीं लिया। मैं क्या कर सकता था? [वह बैठ जाती है और उससे दूर घूम जाती है।] लेकिन बेशक हमने यह सुनिश्चित किया कि संधि गौरवशाली रहे। यह शांति की घोषणा करती है–

CATHERINE

[outraged]. Peace!

कैथरिन

[प्रक्षुब्ध होकर] शान्ति!

PETKOFF

[appeasing her].--but not friendly relations: remember that. They wanted to put that in; but I insisted on its being struck out. What more could I do?

पेटकॉफ

[उसे शांत करते हुए]–लेकिन दोस्ताना रिश्ते नहीं कायम करती: यह याद रखना। वे उसे इसमें डालना चाहते थे; लेकिन मैंने दबाव दिया कि उसे हटा दिया जाए। मैं और क्या कर सकता था?

CATHERINE.

You could have annexed Servia and made Prince Alexander Emperor of the Balkans. That's what I would have done.

कैथरिन

तुम सर्विया को राज्य में मिला सकते थे और राजकुमार एलेग्जेंडर को बालकन्स का सम्राट बना सकते थे। मैंने यही किया होता।

PETKOFF.

I don't doubt it in the least, my dear. But I should have had to subdue the whole Austrian Empire first; and that would have kept me too long away from you. I missed you greatly.

पेटकॉफ

मुझे इसमें बिलकुल भी संदेह नहीं है, मेरी प्रिये। लेकिन तब मुझे पहले पूरी ऑस्ट्रियन साम्राज्य को वश में करना पड़ता;

और इसने मुझे तुमसे काफी लम्बे समय तक के लिए दूर रखा होता। मुझे तुम्हारी बहुत याद आ रही थी।

CATHERINE

[relenting]. Ah! [Stretches her hand affectionately across the table to squeeze his.]

कैथरिन

[नरम पड़ते हुए] आह! [स्नेहपूर्वक अपने हाथ से उसके हाथ को दबाने के लिए मेज के पार फैलाते हुए।]

PETKOFF.

And how have you been, my dear?

पेटकॉफ

और तुम कैसी रही हो, मेरी प्रिये?

CATHERINE.

Oh, my usual sore throats, that's all.

कैथरिन

ओह, मुझे हमेशा की तरह गले की खराश थी। बस इतना ही है।

PETKOFF

[with conviction]. That comes from washing your neck every day. I've often told you so.

पेटकॉफ

[विश्वास से] यह अपना गला रोज धोने की वजह से होता है। मैंने तुम्हें अकसर ऐसा बताया है।

CATHERINE.

Nonsense, Paul!

कैथरिन

बकवास है, पॉल!

PETKOFF

[over his coffee and cigaret]. I don't believe in going too far with these modern customs. All this washing can't be good for the health: it's not natural. There was an Englishman at Phillipopolis who used to wet himself all over with cold water every morning when he got up. Disgusting! It all comes from the English: their climate makes them so dirty that they have to be perpetually washing themselves. Look at my father: he never had a bath in his life; and he lived to be ninety-eight, the healthiest man in Bulgaria. I don't mind a good wash once a week to keep up my position; but once a day is carrying the thing to a ridiculous extreme.

पेटकॉफ

[अपनी कॉफ़ी और सिगरेट लेते हुए] मुझे इन नयी प्रथाओं में बहुत ज्यादा दूर जाने पर विश्वास नहीं है। यह सारी धुलाई सेहत के लिए अच्छी नहीं हो सकती है: यह प्राकृतिक नहीं है। फिलिपोपलिस में एक इंग्लिशमैन था जो हर सुबह जब वह उठता था तो खुद को ठन्डे पानी से हर जगह भिगो लिया करता था। घृणित! यह सब अंग्रेजों से आता है: उनकी

आबोहवा उन्हें इतना गंदा बना देती है कि उन्हें हमेशा खुद को धोते रहना पड़ता है। मेरे पिता को देखो: उन्होंने अपनी जिंदगी में एक बार भी स्नान नहीं किया; और वे, बल्गेरिया के सबसे स्वस्थ आदमी, अट्ठानबे साल तक जिन्दा रहे। मुझे अपनी पदवी को रखने के लिए हफ्ते में एक बार अच्छे से धुलाई करने से कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन एक बार रोज करना, इस चीज को बेहूदी पराकाष्ठा तक ले जाना है।

CATHERINE.

You are a barbarian at heart still, Paul. I hope you behaved yourself before all those Russian officers.

कैथरिन

तुम अभी भी दिल से एक असभ्य हो, पॉल। मैं आशा करती हूँ तुमने उन रशियन अधिकारियों के सामने खुद को अच्छे से पेश किया होगा।

PETKOFF.

I did my best. I took care to let them know that we had a library.

पेटकॉफ

मैंने अपनी पूरी कोशिश की। मैंने उन्हें यह बताने का ख्याल रखा कि हमारे पास एक पुस्तकालय है।

CATHERINE.

Ah; but you didn't tell them that we have an electric bell in it? I have had one put up.

कैथरिन

आह; पर तुमने उन्हें नहीं बताया कि हमारे पास उसमें बिजली वाली घंटी है? मैंने एक लगवाई है।

PETKOFF.

What's an electric bell?

पेटकॉफ

बिजली वाली घंटी क्या होती है?

CATHERINE.

You touch a button; something tinkles in the kitchen; and then Nicola comes up.

कैथरिन

आप एक बटन को छूते हैं; किचन में कुछ टनटनाटा है; और फिर निकोला आता है।

PETKOFF.

Why not shout for him?

पेटकॉफ

उसके लिए चिल्ला क्यों नहीं लेते?

CATHERINE.

Civilized people never shout for their servants. I've learnt that while you were away.

कैथरिन

सभ्य लोग अपने नौकरों को बुलाने के लिए कभी नहीं चिल्लाते हैं। मैंने इसे तब सीखा जब आप बाहर थे।

PETKOFF.

Well, I'll tell you something I've learnt, too. Civilized people don't hang out their washing to dry where visitors can see it; so you'd better have all that [indicating the clothes on the bushes] put somewhere else.

पेटकॉफ

खैर, मैं भी तुम्हें कुछ बताता हूँ जो मैंने सीखा है। सभ्य लोग अपनी धोई गई चीजों को बाहर सूखने के लिए नहीं डालते हैं जहाँ मेहमान उन्हें देख सकें; इसलिए तुम्हारे लिए बेहतर होगा कि उन सब को [झाड़ियों पर कपड़ों की ओर इशारा करते हुए] कहीं और रखवा दो।

CATHERINE.

Oh, that's absurd, Paul: I don't believe really refined people notice such things.

कैथरिन

ओह, यह बेहूदा है, पॉल: मुझे यकीन नहीं है कि वास्तविक प्रतिष्ठित लोग ऐसी चीजों पर गौर करते हैं।

[Someone is heard knocking at the stable gates.]

[किसी को अश्वशाला के फाटकों पर दस्तक देते सुना जाता है।]

PETKOFF.

There's Sergius. [Shouting.] Hollo, Nicola!

पेटकॉफ

यह सर्जियस है। [चिल्लाते हुए] हेलो, निकोला!

CATHERINE.

Oh, don't shout, Paul: it really isn't nice.

कैथरिन

ओह, चिल्लाओ मत, पॉल: सचमुच यह अच्छा नहीं लगता।

PETKOFF.

Bosh! [He shouts louder than before.] Nicola!

पेटकॉफ

बकवास! [वह पहले से भी ज्यादा ऊंचे स्वर में चिल्लाता है] निकोला!

NICOLA

[appearing at the house door]. Yes, sir.

निकोला

[घर के दरवाजे पर प्रकट होता है] जी, श्रीमान।

PETKOFF.

If that is Major Saranoff, bring him round this way. [He pronounces the name with the stress on the second syllable--Sarah-noff.]

पेटकॉफ

अगर वह मेजर सैरेनॉफ है, तो उन्हें घुमाकर इस रास्ते ले आओ। [वह नाम का उच्चारण दूसरे शब्दांश पर दबाव देते हुए कहता है– सैरा–नॉफ]

NICOLA.

Yes, sir. [He goes into the stable yard.]

निकोला

जी, श्रीमान। [वह अश्वशाला के प्रांगण में चला जाता है]

PETKOFF.

You must talk to him, my dear, until Raina takes him off our hands. He bores my life out about our not promoting him--over my head, mind you.

पेटकॉफ

तुम्हें उससे बात करनी होगी, मेरे प्रिय, जब तक कि रायना उसे हमारे हाथों से नहीं ले लेती। वह अपनी पदोन्नति न किये जाने के लिए, मुझे उबाकर मेरी जान निकाल देता है। तुम याद रखो, यह मेरे सिर के ऊपर से जाता है।

CATHERINE.

He certainly ought to be promoted when he marries Raina. Besides, the country should insist on having at least one native general.

कैथरिन

जब वह रायना से विवाह करेगा, तब निश्चित तौर पर उसकी पदोन्नति करनी होगी। इसके अलावा देश में जोर दिया जाना चाहिए कि इसका कम-से-कम एक स्थानीय जनरल हो।

PETKOFF.

Yes, so that he could throw away whole brigades instead of regiments. It's no use, my dear: he has not

the slightest chance of promotion until we are quite sure that the peace will be a lasting one.

पेटकॉफ

हाँ, जिससे कि वह रेजिमेंट्स की बजाय सभी ब्रिगेडों[56] को गँवा सके। इसका कोई लाभ नहीं है, मेरी प्रिये। उसकी पदोन्नति की तनिक भी संभावना नहीं है जब तक कि हमें बिलकुल यकीन नहीं हो जाता कि शान्ति स्थाई होगी।

NICOLA

[at the gate, announcing]. Major Sergius Saranoff! [He goes into the house and returns presently with a third chair, which he places at the table. He then withdraws.]

निकोला

[फाटक पर जोर से कहते हुए] मेजर सर्जियस सैरेनॉफ! [वह घर में जाता है और शीघ्र एक तीसरी कुर्सी के साथ लौटता है, जिसे वह मेज के पास रख देता है। फिर वह वापस चला जाता है।]

[Major Sergius Saranoff, the original of the portrait in Raina's room, is a tall, romantically handsome man, with the physical hardihood, the high spirit, and the susceptible imagination of an untamed mountaineer chieftain. But his remarkable personal distinction is of a characteristically civilized type. The ridges of his eyebrows, curving with a ram's-horn twist round the marked projections at the outer

56 Brigade-सैन्य दस्ता।

corners; his jealously observant eye; his nose, thin, keen, and apprehensive in spite of the pugnacious high bridge and large nostril; his assertive chin, would not be out of place in a Paris salon. In short, the clever, imaginative barbarian has an acute critical faculty which has been thrown into intense activity by the arrival of western civilization in the Balkans; and the result is precisely what the advent of nineteenth-century thought first produced in England: to-wit, Byronism. By his brooding on the perpetual failure, not only of others, but of himself, to live up to his imaginative ideals, his consequent cynical scorn for humanity, the jejune credulity as to the absolute validity of his ideals and the unworthiness of the world in disregarding them, his wincings and mockeries under the sting of the petty disillusions which every hour spent among men brings to his infallibly quick observation, he has acquired the half tragic, half ironic air, the mysterious moodiness, the suggestion of a strange and terrible history that has left him nothing but undying remorse, by which Childe Harold fascinated the grandmothers of his English contemporaries. Altogether it is clear that here or nowhere is Raina's ideal hero. Catherine is hardly less enthusiastic, and much less reserved in shewing her enthusiasm. As he enters from the stable gate, she rises effusively to greet him. Petkoff is distinctly less disposed to make a fuss about him.]

[मेजर सर्जियस सैरेनॉफ (जो रायना की के कक्ष की तस्वीर की मूल-प्रति है) शारीरिक मजबूती, भारी जोश और एक

बेकाबू पर्वतारोही मुखिया की अतिसंवेदनशील कल्पना वाला एक लम्बा, रूमानी ढंग से रमणीय आदमी है] लेकिन उसकी उल्लेखनीय व्यैक्तिक विशिष्टता एक ख़ास तरह से सभ्य जैसी है। बाहरी किनारों पर सुस्पष्ट उठे हुए भागों के इर्दगिर्द एक रैम्स–हॉर्न्स[57] के घुमाव–सी मुड़ती, उसकी *भौंहों की मेंड़*[58]; उसकी ईर्ष्या पैदा करने वाली *सावधान आँखें*; विरोधपूर्ण ढंग से ऊंची नासिका–अग्र[59] और विशाल नासिका–छिद्र[60] के बावजूद उसकी *पतली, पैनी और बोधनीय नाक*; उसकी *निश्चयपूर्ण ठुड्डी* एक पेरिस के सेलॉन[61] में अनुपयुक्त नहीं लगेगी[62]। संक्षेप में, उस चालाक, कल्पनाशील असभ्य[63] के पास एक तीक्ष्ण विवेचनात्मक बौद्धिक क्षमता है, जिसे बालकन्स में पश्चिमी सभ्यता के आगमन ने तेज सक्रियता में डाल दिया है। और परिणाम पूरी तरह वही है, जिसे 19वीं सादी की विचारधारा ने इंग्लंड में पैदा किया था: अर्थात् बाइरनिस्म[64]।

---

57 Ram's horn-नर बकरी का सींग

58 Ridge-उभरा हुआ भाग

59 Bridge- इंसानी नाक का हड्डीदार ऊपरी मेंड़।.

60 Nostril-नाक का छेद

61 Paris salon-पेरिस की ललित कला अकैडमी (Académie des Beaux-Arts) में आयोजित होने वाली कला प्रदर्शनी। यह 18वीं और 19वीं शताब्दी के बीच पश्चिमी देशों का सबसे बड़ा कला–उत्सव हुआ करता था।

62 उसकी भौंहों का घूमा हुआ उभार, उसकी आँखें, उसके नाक की बनावट, उसकी ठुड्डी, पेरिस की कला अकैडमी में प्रदर्शित किये जाने लायक है।

63 सर्जियस

64 Byronism-बाइरन की रचनाओं के प्रति सराहना का भाव।

अपने काल्पनिक आदर्शों की बराबरी करने में, अपनी लगातार *असफलता के विषय में*, न सिर्फ अन्य लोगों के, बल्कि *अपने बारे में सोचने से; इंसानियत के प्रति* उसकी परिणामस्वरूपी तिरस्कारपूर्ण *घृणा से;* अपने *आदर्शों को* पूरी तरह *सही मानने* की नादान *विश्वासशीलता* और उन्हें[65] नकारने वाली *दुनिया की अयोग्यता से;* तुच्छ निराशा के दंश से (जिसे इंसानों के बीच बिताई की गई हर घड़ी उसकी अचूक तेज निगाहों में लाती है) होने वाली उसकी *छटपटाहट और तिरस्कार से,* उसने आधा दुखपूर्ण–आधा व्यंग्यात्मक *रंग–ढंग*, रहस्यमय *उदासी*, एक *विचित्र और भयानक इतिहास का संकेत* (जिसने उसके लिए सिवाय न ख़त्म होने वाली ग्लानि के कुछ नहीं छोड़ा है) को प्राप्त कर लिया है, जिससे *चाइल्ड हैरल्ड*[66] ने उसके समकालीन अंग्रेजों की दादियों–नानियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था[67]। कुलमिलाकर यह स्पष्ट है कि रायना का आदर्श नायक यहाँ अथवा कहीं भी नहीं है। कैथरिन (अपनी बेटी रायना की अपेक्षा) बहुत मुश्किल से कम उत्साहयुक्त है, और अपने

---

[65] उन आदर्शों को

[66] यह लॉर्ड बाइरन (Lord Byron) द्वारा रचित वृहद् कविता "चाइल्ड हैरल्ड का तीर्थाटन" (Childe harold's Pilgrimage) का उल्लेख है, जिसमें एक संसार से ऊबा हुआ नवयुवक जिन्दगी के आनन्द और मौजमस्ती से निर्मोही होकर दूर देशों में मन को बहलाने जाता है।

[67] अपने आदर्शों तक पहुँचने की कोशिश में असफलता, इंसानियत के प्रति घृणा, अपने आदशों पर विश्वास, दुनिया की अयोग्यता और निराशा से होने वाली छटपटाहट और अपमान से, सर्जियस ने, दुःख और व्यंग्य का मिलाजुला रंग–ढंग, उदासी और डरावने इतिहास का संकेत देने वाले व्यक्ति जैसे गुणों को प्राप्त कर लिया था। इन्हीं गुणों से चाइल्ड हैरल्ड ने सर्जियस की दादी–नानी की उम्र की अंग्रेज महिलाओं को प्रभावित किया था।

उत्साह को दिखाने में कहीं कम संकोची है[68]। पेटकॉफ उसके बारे में बतंगड़ बनाने के लिए सुस्पष्ट रूप से कम रुझान रखता है।[69]]

के द्वारा,

PETKOFF.

Here already, Sergius. Glad to see you!

पेटकॉफ

अभी से यहाँ पर, सर्जियस। तुम्हें देखकर अच्छा लगा!

CATHERINE.

My dear Sergius![She holds out both her hands.]

कैथरिन

मेरे प्रिय सर्जियस! [वह अपने दोनों हाथों को बढ़ा लेती है।]

SERGIUS

[kissing them with scrupulous gallantry]. My dear mother, if I may call you so.

सर्जियस

[उन्हें सिद्धांतवादी शिष्टाचार से चूमता है] मेरी प्रिय माँ! अगर मैं आपको ऐसे बुला सकता हूँ[70]।

---

[68] कैथरिन सर्जियस के प्रति रायना के जितना या रायना से ज्यादा उत्साह रखती है और रायना से भिन्न, वह अपना उत्साह दिखाने में संकोच नहीं करती है।

[69] पेटकॉफ सर्जियस को ज्यादा भाव नहीं देता है।

PETKOFF

[drily]. Mother-in-law, Sergius; mother-in-law! Sit down, and have some coffee.

पेटकॉफ

[रूखेपन से] सासू–माँ, सर्जियस। सासू–माँ! बैठ जाओ, और थोड़ी कॉफ़ी लो।

SERGIUS.

Thank you, none for me. [He gets away from the table with a certain distaste for Petkoff's enjoyment of it, and posts himself with conscious grace against the rail of the steps leading to the house.]

सर्जियस

आपका शुक्रिया, मुझे कुछ नहीं चाहिए। [वह पेटकॉफ द्वारा उस कॉफ़ी के लुफ्त लिए जाने से मेज से कुछ चिढ़कर दूर चला जाता है और खुद को घर की तरफ ले जाने वाली सीढ़ियों की रेलिंग[71] के खिलाफ जानबूझकर शोभा से खड़ा कर लेता है]

CATHERINE.

You look superb--splendid. The campaign has improved you. Everybody here is mad about you. We were all wild with enthusiasm about that magnificent cavalry charge.

---

70 आपको इस बात से ऐतराज नहीं है यदि मैं आपको माँ बुलाओं।

71 Rail-लोहे अथवा लकड़ी की छड़।

कैथरिन

तुम उत्कृष्ट–शानदार दिख रहे हो। अभियान ने तुम्हें सुधार दिया है। यहाँ हर कोई तुम्हारे लिए पागल है। उस अश्वारोही सेना के भव्य हमले के उत्साह से हम सभी बेकाबू हो गए थे।

SERGIUS

[with grave irony]. Madam: it was the cradle and the grave of my military reputation.

सर्जियस

[गंभीर विडम्बना के भाव से] मैडम: यह मेरी सैन्य प्रतिष्ठा का *पालना* और *कब्र* थी।

CATHERINE.

How so?

कैथरिन

ऐसा कैसे है?

SERGIUS.

I won the battle the wrong way when our worthy Russian generals were losing it the right way. That upset their plans, and wounded their self-esteem. Two of their colonels got their regiments driven back on the correct principles of scientific warfare. Two major-generals got killed strictly according to military etiquette. Those two colonels are now major-generals; and I am still a simple major.

सर्जियस

मैंने लड़ाई को गलत तरीके से जीता जब हमारे योग्य रशियन जनरल उसे सही तरीके से हार रहे थे। इसे उनकी योजना बिगड़ गई और उनका आत्म-सम्मान आहत हो गया। उनके दो कर्नलों ने वैज्ञानिक संघर्ष के सही सिद्धांतों के आधार पर अपनी रेजिमेंट का पलायन करवाया। सैन्य शिष्टाचार के सख्त पालन में दो मेजर-जनरल मारे गए। वे दोनों कर्नल अब मेजर-जनरल हैं; और मैं अभी भी सिर्फ एक साधारण मेजर हूँ।

CATHERINE.

You shall not remain so, Sergius. The women are on your side; and they will see that justice is done you.

कैथरिन

तुम ऐसे नहीं रहोगे, सर्जियस। औरतें तुम्हारी तरफ हैं; और वे यह देखेंगी कि तुम्हारे साथ न्याय हो।

SERGIUS.

It is too late. I have only waited for the peace to send in my resignation.

सर्जियस

बहुत देर हो चुकी है। मैं अपना इस्तीफ़ा देने के लिए सिर्फ शांति का इंतजार कर रहा था।

PETKOFF

[dropping his cup in his amazement]. Your resignation!

पेटकॉफ

[अपने आश्चर्य से अपना कप गिराते हुए] तुम्हारा इस्तीफा!

CATHERINE.

Oh, you must withdraw it!

कैथरिन

ओह, तुम्हें इसे वापस ले लेना चाहिए!

SERGIUS

[with resolute, measured emphasis, folding his arms]. I never withdraw!

सर्जियस

[दृढ, संयमित दबाव से, अपनी भुजाओं को मोड़ते हुए] मैं कभी वापस नहीं हटता हूँ!

PETKOFF

[vexed]. Now who could have supposed you were going to do such a thing?

पेटकॉफ

[परेशान होते हुए] अब कौन यह सोच सकता था कि तुम एक ऐसी चीज करने वाले हो?

SERGIUS

[with fire]. Everyone that knew me. But enough of myself and my affairs. How is Raina; and where is Raina?

सर्जियस

[आवेश से] हर कोई जो मुझे जानता है। लेकिन मेरी और मेरे मामलों की बात बहुत हुई। रायना कैसी है; और रायना कहाँ है?

RAINA

[suddenly coming round the corner of the house and standing at the top of the steps in the path]. Raina is here. [She makes a charming picture as they all turn to look at her. She wears an underdress of pale green silk, draped with an overdress of thin ecru canvas embroidered with gold. On her head she wears a pretty Phrygian cap of gold tinsel. Sergius, with an exclamation of pleasure, goes impulsively to meet her. She stretches out her hand: he drops chivalrously on one knee and kisses it.]

रायना

[अचानक घर के किनारे से होकर आती हुई और पथ में सीढ़ी के ऊपर खड़ी होकर] रायना यहाँ है। [जब वे सब उसे देखने के लिए घूमते हैं तो वह एक आकर्षक मिसाल लगती है। उसने एक पीलापन लिए हरे रंग का रेशम का अंतर्वस्त्र पहना है, जो सोने की कढ़ाई वाले पतले *एक्रू कैनवस*[72] की बाह्यवस्त्र से ढँका है। सिर पर उसने सोने के काम[73] वाली एक अच्छी *फ्रीजियन टोपी* पहन रखी है। सर्जियस, एक ख़ुशी की चीख से आवेगी होकर उससे मिलने जाता है। वह अपना हाथ बढ़ाती है: वह एक शूरवीर की तरह अपने एक घुटने पर गिर जाता है और उसे चूमता है।]

---

[72] Ecru canvas-पीलापन लिए धूसर भूरे रंग का कपड़ा

[73] Gold tinsel-जिसमें सोना बुना गया हो।

PETKOFF

[aside to Catherine, beaming with parental pride]. Pretty, isn't it? She always appears at the right moment.

पेटकॉफ

[अभिभावकीय गर्व से दमकते हुए एक तरफ कैथरिन से] खूबसूरत, है न? वह हमेशा सही क्षण पर प्रकट होती है।

CATHERINE

[impatiently]. Yes: she listens for it. It is an abominable habit.

कैथरिन

[अधीरता से] हाँ: वह इसके लिए कान लगाए सुनती रहती है। यह एक खराब आदत है।

[Sergius leads Raina forward with splendid gallantry, as if she were a queen. When they come to the table, she turns to him with a bend of the head; he bows; and thus they separate, he coming to his place, and she going behind her father's chair.]

[सर्जियस रायना को शानदार शिष्टाचार से आगे ले आता है, जैसे वह एक रानी हो। जब वे मेज पर आते हैं, वह सिर को हलका-सा झुकाकर उसकी ओर घूमती है; वह नमन करता है; और इस तरह वे अलग हो जाते हैं, वह अपनी जगह पर आता है और वह अपने पिता की कुर्सी के पीछे चली जाती है।]

RAINA

[stooping and kissing her father]. Dear father! Welcome home!

रायना

[झुकते और अपने पिता को चूमते हुए] प्रिय पिताजी! घर में स्वागत है!

PETKOFF

[patting her cheek]. My little pet girl. [He kisses her; she goes to the chair left by Nicola for Sergius, and sits down.]

पेटकॉफ

[उसके गाल थपथपाते हुए] मेरी नन्ही प्यारी बच्ची। [वह उसे चूमता है; वह निकोला द्वारा सर्जियस के लिए छोड़ी गई कुर्सी पर जाती है, और बैठ जाती है।]

CATHERINE.

And so you're no longer a soldier, Sergius.

कैथरिन

और इसलिए तुम अब और एक सैनिक नहीं हो, सर्जियस।

SERGIUS.

I am no longer a soldier. Soldiering, my dear madam, is the coward's art of attacking mercilessly when you are strong, and keeping out of harm's way when you are weak. That is the whole secret of successful fighting. Get your enemy at a disadvantage; and

never, on any account, fight him on equal terms. Eh, Major!

सर्जियस

मैं एक सैनिक अब और नहीं हूँ। मेरी प्यारी मैडम, सैनिकगीरी एक कायर की, जब आप शक्तिशाली हो तो निर्दयतापूर्वक हमला करने की और जब आप कमजोर हों तो खतरे के मार्ग दूर रहने की, कला है। यही सफल लड़ाई का सारा रहस्य है। अपने दुश्मन को प्रतिकूल परिस्थिति में पहुँचा दो; और कभी, किसी भी वजह से, उससे बराबरी की शर्तों पर लड़ाई मत करो। है न, मेजर!

PETKOFF.

They wouldn't let us make a fair stand-up fight of it. However, I suppose soldiering has to be a trade like any other trade.

पेटकॉफ

वे हमें कभी भी एक सही खरी लड़ाई नहीं करने देंगे। हालांकि, मुझे लगता है सैनिकगीरी को भी किसी अन्य व्यवसाय की तरह एक व्यवसाय होना चाहिए।

SERGIUS.

Precisely. But I have no ambition to succeed as a tradesman; so I have taken the advice of that bagman of a captain that settled the exchange of prisoners with us at Peerot, and given it up.

सर्जियस

बिलकुल। लेकिन मेरी एक व्यवसायी की तरह सफल होने की कोई महत्वाकांक्षा नहीं है; इसलिए मैंने कैप्टन के उस बैगमैन[74] की सलाह मान ली है, जिसने पीरो[75] हमारे साथ कैदियों की अदला-बदली का समझौता किया था और इसे छोड़ दिया है।

PETKOFF.

What, that Swiss fellow? Sergius: I've often thought of that exchange since. He over-reached us about those horses.

पेटकॉफ

क्या, उस स्विस आदमी की? सर्जियस: मैंने तब से उस अदला-बदली के बारे में कई बार सोचा है। उसने उन घोड़ों के मामले में हमें ठग लिया।

SERGIUS.

Of course he over-reached us. His father was a hotel and livery stable keeper; and he owed his first step to his knowledge of horse-dealing. [With mock enthusiasm.] Ah, he was a soldier--every inch a soldier! If only I had bought the horses for my regiment instead of foolishly leading it into danger, I should have been a field-marshal now!

सर्जियस

---

[74] Bagman-एक व्यक्ति जो किसी की तरफ से रिश्वत का लेन-देन करता हो।

[75] Peerot-एक जगह का नाम

निश्चित रूप से उसने हमें ठग लिया। उसका पिता एक होटल और भाड़े के अस्तबल[76] की देखरेख करता था; और उसका अपना पहला कदम भी घोड़ों के लेनदेन के ज्ञान की वजह से ही था। [बनावटी उत्साह से] आह, वह एक सैनिक था–हर इंच से एक सैनिक था! अगर सिर्फ मैंने अपनी रेजिमेंट को खतरे में ले जाने की बजाय, उसके लिए घोड़े खरीदा होता, तो मैं अभी एक फील्ड-मार्शल होता!

CATHERINE.

A Swiss? What was he doing in the Servian army?

कैथरिन

एक स्विस? एक सर्वियन सेना में वह क्या कर रहा था?

PETKOFF.

A volunteer of course--keen on picking up his profession. [Chuckling.] We shouldn't have been able to begin fighting if these foreigners hadn't shewn us how to do it: we knew nothing about it; and neither did the Servians. Egad, there'd have been no war without them.

पेटकॉफ

निश्चित रूप से एक स्वयंसेवक था–जो अपने पेशे को बचाने का इच्छुक था। [दबी हुई हँसी से] अगर हमें इन विदेशियों ने नहीं दिखाया होता कि इसे कैसे करना है तो हम लड़ना शुरू नहीं कर पाए होते: हमें इसके बारे में कुछ भी नहीं

[76] Livery-stable-घोड़ों का अस्तबल जहां घोड़ों के मालिक अपने घोड़ों के रख-रखाव के लिए साप्ताहिक या मासिक शुल्क देते हैं।

मालूम था; न ही सर्वियन्स को मालूम था। हे ईश्वर, उनके बगैर कोई लड़ाई नहीं हुई होती।

RAINA.

Are there many Swiss officers in the Servian Army?

रायना

क्या सर्वियन सेना में कई स्विस अधिकारी हैं?

PETKOFF.

No--all Austrians, just as our officers were all Russians. This was the only Swiss I came across. I'll never trust a Swiss again. He cheated us--humbugged us into giving him fifty able bodied men for two hundred confounded worn out chargers. They weren't even eatable!

पेटकॉफ

नहीं–सभी ऑस्ट्रियन्स है, जैसे हमारे सभी अधिकारी रशियन्स हैं। यही एकलौता स्विस था जिससे मेरा सामना हुआ। मैं कभी भी किसी स्विस पर भरोसा नहीं करूंगा। उसने हमारे साथ ठगी की–उसने हमें दो सौ बेकार थके हुए घोड़ों के बदले उसे पचास तगड़े आदमियों को देने के लिए छल-कपट किया। वे (घोड़े) खाने-योग्य भी नहीं थे!

SERGIUS.

We were two children in the hands of that consummate soldier, Major: simply two innocent little children.

सर्जियस

हम उस पक्के सैनिक के हाथों में दो बच्चे थे, मेजर: केवल दो मासूम छोटे बच्चे।

RAINA.

What was he like?

रायना

वह कैसा था?

CATHERINE.

Oh, Raina, what a silly question!

कैथरिन

ओह, रायना, कितना बेवकूफी भरा सवाल है!

SERGIUS.

He was like a commercial traveller in uniform. Bourgeois to his boots.

सर्जियस

वह लिबास में *व्यापारिक यात्री* की तरह था। उसके जूतों तक पूंजीवाद था।

PETKOFF

[grinning]. Sergius: tell Catherine that queer story his friend told us about him--how he escaped after Slivnitza. You remember?--about his being hid by two women.

पेटकॉफ

[दाँत दिखाते हुए] सर्जियस: कैथरिन को वह अजीब कहानी सुनाओ जो उसके दोस्त ने उसके बारे में बताई थी–कि वह स्लीवनिट्ज़ा की घटना के बाद कैसे बच निकला। तुम्हें याद है?–जो उसके दो महिलाओं द्वारा छिपाए जाने के बारे में थी।

SERGIUS

[with bitter irony]. Oh, yes, quite a romance. He was serving in the very battery I so unprofessionally charged. Being a thorough soldier, he ran away like the rest of them, with our cavalry at his heels. To escape their attentions, he had the good taste to take refuge in the chamber of some patriotic young Bulgarian lady. The young lady was enchanted by his persuasive commercial traveller's manners. She very modestly entertained him for an hour or so and then called in her mother lest her conduct should appear unmaidenly. The old lady was equally fascinated; and the fugitive was sent on his way in the morning, disguised in an old coat belonging to the master of the house, who was away at the war.

सर्जियस

[एक कटु व्यंग्यात्मकता से] ओह, हाँ, काफी रोमांचक थी। वह बिलकुल उसी तोपखाने की इकाई में नियुक्त था जिसपर मैंने इतने गैर-पेशेवर तरीके से हमला किया था। एक पूर्ण सैनिक होने की वजह से, जब हमारी अश्वारोही सेना उसके करीब पहुँची तो वह भी उन बाकी लोगों की तरह भाग गया। उनके ध्यान से बचने के लिए, उसने किसी देशभक्त युवा बल्गेरियन लेडी के कक्ष में शरण लेने का अच्छा स्वाद चखा। युवा लेडी उसके प्रभावित करने वाले *व्यापारिक यात्री* के आचरण से मंत्रमुग्ध हो गई थी। उस (युवा लेडी) ने बहुत शीलवान होकर

उसकी एक घंटे या कुछ वैसे ही समय तक खातिरदारी की और फिर अपनी माँ को बुलाया वर्ना उसका आचरण युवतियों के आचरण-विरुद्ध लगता। बूढी लेडी भी उतनी ही मंत्रमुग्ध हो गई; और फिर शरणार्थी का वेष बदलकर, सुबह होने पर घर के मालिक (जो युद्ध में बाहर गया था) के एक पुराने कोट में, अपने रास्ते भेज दिया गया।

RAINA

[rising with marked stateliness]. Your life in the camp has made you coarse, Sergius. I did not think you would have repeated such a story before me. [She turns away coldly.]

रायना

[सुस्पष्ट वैभव से उठते हुए] शिविर में तुम्हारी जिंदगी ने तुम्हें अशिष्ट बना दिया है, सर्जियस। मुझे नहीं लगता कि तुमने (पहले) ऐसी कहानी मेरे सामने दोहराई होती। [वह रुखाई से घूम जाती है।]

CATHERINE

[also rising]. She is right, Sergius. If such women exist, we should be spared the knowledge of them.

कैथरिन

[भी उठते हुए] यह सही है, सर्जियस। अगर ऐसी औरतें अस्तित्व रखती हैं, तो हमें उनकी जानकारी नहीं दी जानी चाहिए।

PETKOFF.

Pooh! nonsense! what does it matter?

पेटकॉफ

ओफ्फोह! बकवास! इससे क्या फर्क पड़ता है?

SERGIUS

[ashamed]. No, Petkoff: I was wrong. [To Raina, with earnest humility.] I beg your pardon. I have behaved abominably. Forgive me, Raina. [She bows reservedly.] And you, too, madam. [Catherine bows graciously and sits down. He proceeds solemnly, again addressing Raina.] The glimpses I have had of the seamy side of life during the last few months have made me cynical; but I should not have brought my cynicism here--least of all into your presence, Raina. I--[Here, turning to the others, he is evidently about to begin a long speech when the Major interrupts him.]

सर्जियस

[शर्मिंदा होते हुए] नहीं, पेटकॉफ। मैं गलत था। [रायना से सच्ची विनम्रता से] मैं तुमसे माफ़ी मांगता हूँ। मैंने बहुत खराब बर्ताव किया है। मुझे माफ़ कर दो, रायना। [वह बेमन से सिर झुकाती है] और आपसे भी, मैडम। [कैथरिन शालीनता से सिर झुकाती है और बैठ जाती है। वह पुनः रायना को संबोधित करते हुए गंभीरता से आगे बढ़ता है] पिछले कुछ महीनों में, जिंदगी के कठिन पहलुओं की झलक ने मुझे व्यंग्यात्मक बना दिया है। लेकिन मुझे अपनी व्यंग्यात्मकता यहाँ नहीं लानी चाहिए थी–तुम्हारी मौजूदगी में तो बिलकुल भी नहीं लानी चाहिए थी, रायना। मैं–[यहाँ वह बाकी लोगों की तरफ घूमकर, स्पष्ट रूप से एक लम्बा भाषण शुरू करने वाला होता है, जब मेजर उसे रोक देते हैं।]

PETKOFF.

Stuff and nonsense, Sergius. That's quite enough fuss about nothing: a soldier's daughter should be able to stand up without flinching to a little strong conversation. [He rises.] Come: it's time for us to get to business. We have to make up our minds how those three regiments are to get back to Phillipopolis:--there's no forage for them on the Sophia route. [He goes towards the house.] Come along. [Sergius is about to follow him when Catherine rises and intervenes.]

पेटकॉफ

फ़ालतू और बकवास, सर्जियस। यह बेमतलब की बात के लिए काफी ज्यादा बतंगड़ है। एक सैनिक की बेटी को थोड़ी तीखी बातचीत पर बिना हिचके खड़ा होना आना चाहिए। [वह उठता है] चलो; यह हमारे काम पर लग जाने का समय है। हमें अपना मन बनाना है कि कैसे उन तीन रेजिमेंट्स को फिलिपोपलिस में वापस कैसे लाना है:--उनके लिए सोफिया मार्ग में कोई राशन नहीं है। [वह घर की तरफ जाता है।] चलो आओ। [सर्जियस उसे पीछे जाने वाला होता है जब कैथरिन उठती है और हस्तक्षेप करती है।]

CATHERINE.

Oh, Paul, can't you spare Sergius for a few moments? Raina has hardly seen him yet. Perhaps I can help you to settle about the regiments.

कैथरिन

ओह, पॉल, क्या तुम सर्जियस को कुछ क्षणों के लिए छोड़ नहीं सकते हो? रायना ने उसे अभी मुश्किल से ही देखा है। शायद रेजिमेंट्स के बारे में निर्णय करने के लिए मैं तुम्हारी मदद कर सकती हूँ।

SERGIUS

[protesting]. My dear madam, impossible: you--

सर्जियस

[विरोध करते हुए] मेरी प्रिय मैडम, असंभव है: आप--

CATHERINE

[stopping him playfully]. You stay here, my dear Sergius: there's no hurry. I have a word or two to say to Paul. [Sergius instantly bows and steps back.] Now, dear [taking Petkoff's arm], come and see the electric bell.

कैथरिन

[उसे मजाकिया ढंग से रोकते हुए] तुम यहाँ रुको, मेरे प्रिय सर्जियस: कोई जल्दी नहीं है। मुझे पॉल से एक या दो बातें कहनी हैं। [सर्जियस तुरंत सिर झुकाता है और पीछे हट जाता है।] अब, प्रिय [पेटकॉफ की भुजा पकड़ते हुए], चलो और बिजली वाली घंटी को देखो।

PETKOFF.

Oh, very well, very well. [They go into the house together affectionately. Sergius, left alone with Raina, looks anxiously at her, fearing that she may be still offended. She smiles, and stretches out her arms to him.]

पेटकॉफ

ओह, बहुत अच्छा, बहुत अच्छा। [वे दोनों स्नेहपूर्वक एकसाथ घर में चले जाते हैं। सर्जियस, रायना के साथ अकेले छोड़े जाने पर, उसकी ओर इस डर से चिंतित होकर देखता है कि वह अभी भी नाराज होगी। वह मुस्कुराती है और अपनी बाँहें उसकी ओर फैला लेती है।]

[Exits into house, followed by Catherine.]

[पेटकॉफ निकलकर घर में चला जाता है, उसके पीछे कैथरिन जाती है]

SERGIUS

[hastening to her, but refraining from touching her without express permission]. Am I forgiven?

सर्जियस

[उसकी ओर जल्दी से जाते हुए, लेकिन बिना उसकी स्पष्ट इजाजत के छूने से परहेज करते हुए] क्या मुझे माफ़ कर दिया गया है?

RAINA

[placing her hands on his shoulder as she looks up at him with admiration and worship]. My hero! My king.

रायना

[अपने हाथों को उसके कंधे पर रखते हुए, वह सराहना और आदर से उसकी ओर देखती है] मेरे नायक! मेरे राजा।

SERGIUS.

My queen! [He kisses her on the forehead with holy awe.]

सर्जियस

मेरी रानी! [भय-आदर के मिले जुले पवित्र भाव से वह उसके माथे पर चूमता है]

RAINA.

How I have envied you, Sergius! You have been out in the world, on the field of battle, able to prove yourself there worthy of any woman in the world; whilst I have had to sit at home inactive,--dreaming--useless--doing nothing that could give me the right to call myself worthy of any man.

रायना

मैंने तुमसे कितनी ईर्ष्या करती रही हूँ, सर्जियस! तुम दुनिया में रहकर, युद्ध के मैदान में रहकर, खुद को दुनिया की किसी भी औरत के लायक साबित किया; जिस दौरान मुझे घर पर निष्क्रिय बैठे रहकर,–व्यर्थ सपने देख रही थी। (ऐसा) कुछ नहीं कर रही थी जिससे मुझे खुद को दुनिया के किसी भी आदमी के लायक कहलाने का अधिकार मिल पाता।

SERGIUS.

Dearest, all my deeds have been yours. You inspired me. I have gone through the war like a knight in a tournament with his lady looking on at him!

सर्जियस

प्रियतमा, मेरे सारे काम तुम्हारे रहे हैं। तुमने मुझे प्रेरणा दी। मैं युद्ध में एक खेल-प्रतियोगिता में जाने वाले सामंत की तरह गया, जिसे उसकी लेडी देख रही होती है!

RAINA.

And you have never been absent from my thoughts for a moment. [Very solemnly.] Sergius: I think we two have found the higher love. When I think of you, I feel that I could never do a base deed, or think an ignoble thought.

रायना

और तुम मेरे ख्यालों से एक क्षण के लिए भी ओझल नहीं हुए। [बहुत गंभीरता से] सर्जियस: मुझे लगता है हम दोनों ने प्रेम की नयी ऊँचाई को पा लिया है। जब मैं तुम्हारे बारे में सोचती हूँ, तो मुझे लगता है कि मैं कभी भी एक घटिया काम नहीं कर सकती हूँ, या एक नीच विचार नहीं सोच सकती हूँ।

SERGIUS.

My lady, and my saint! [Clasping her reverently.]

सर्जियस

मेरी लेडी, और मेरी सेंट! [उससे आदरपूर्वक लिपटते हुए]

RAINA

[returning his embrace]. My lord and my g--

रायना

[प्रतिक्रिया में उसे गले से लगाते हुए] मेरे सामंत मेरे ईश्--

SERGIUS.

Sh--sh! Let me be the worshipper, dear. You little know how unworthy even the best man is of a girl's pure passion!

सर्जियस

श–श! मुझे पुजारी बनने दो, प्रिये। तुम्हें थोड़ा ही मालूम है कि सबसे अच्छा आदमी भी एक लड़की के पवित्र मनोभाव के अयोग्य होता है!

RAINA.

I trust you. I love you. You will never disappoint me, Sergius. [Louka is heard singing within the house. They quickly release each other.] Hush! I can't pretend to talk indifferently before her: my heart is too full. [Louka comes from the house with her tray. She goes to the table, and begins to clear it, with her back turned to them.] I will go and get my hat; and then we can go out until lunch time. Wouldn't you like that?

रायना

मुझे तुमपर भरोसा है। मैं तुमसे प्यार करती हूँ। तुम मुझे कभी निराश नहीं करोगे, सर्जियस। [लूका को घर के भीतर गाते हुए सुना जाता है। वे तेजी से एक दूसरे को छोड़ देते हैं।] चुप! मैं उसके आगे उदासीनता से बात करने का अभिनय नहीं कर सकती हूँ। मेरा दिल बहुत भर गया है। [लूका घर से अपना ट्रे लेकर आती है। वह मेज पर जाती है और अपनी पीठ उनकी तरफ करके उसे खाली करने लगती है।] मैं

जाऊंगी और अपनी हैट ले आऊँगी; और फिर हम दोपहर के खाने तक बाहर चल सकते हैं। क्या तुम यह नहीं चाहोगे?

SERGIUS.

Be quick. If you are away five minutes, it will seem five hours. [Raina runs to the top of the steps and turns there to exchange a look with him and wave him a kiss with both hands. He looks after her with emotion for a moment, then turns slowly away, his face radiant with the exultation of the scene which has just passed. The movement shifts his field of vision, into the corner of which there now comes the tail of Louka's double apron. His eye gleams at once. He takes a stealthy look at her, and begins to twirl his moustache nervously, with his left hand akimbo on his hip. Finally, striking the ground with his heels in something of a cavalry swagger, he strolls over to the left of the table, opposite her, and says] Louka: do you know what the higher love is?

सर्जियस

जल्दी करना। अगर तुम पाँच मिनट दूर रहोगी, तो यह पाँच घंटों की तरह लगेगा। [रयान सीढ़ियों के ऊपर तक जाती है और उसके साथ नजरें मिलाने के लिए घूमती है और दोनों हाथों से उसको एक चुम्बन का इशारा करती है। वह एक क्षण के लिए उसकी ओर एहसास से देखता है, फिर वह धीरे से घूम जाता है। उसका चेहरा बीते हुए दृश्य के उल्लास से प्रसन्नचित्त है। घूमने से उसकी दृष्टि का क्षेत्र बदल जाता है, जिसके किनारे पर अब वहां लूका के दोहरे एप्रन का पिछला भाग आता है। उसकी आँखें तुरंत चमक जाती हैं। वह उसकी तरफ चुपके से देखता है, और अपने बाएं हाथ को अपनी

कमर पर रखकर, बेचैनी से अपनी मूंछों को ताव देने लगता है। आखिर में, वह एक तरह की सामंतीय इठलाहट से जमीन को अपनी एड़ी से मारते हुए, टहलते हुए टेबल की बायीं तरफ उसके सामने जाता है और कहता है] लूका: क्या तुम्हें मालूम है महान प्रेम क्या होता है?

LOUKA

[astonished]. No, sir.

लूका

[चकित होते हुए] नहीं, श्रीमान।

SERGIUS.

Very fatiguing thing to keep up for any length of time, Louka. One feels the need of some relief after it.

सर्जियस

किसी भी समय तक जारी रखने के लिए बहुत थका देने वाली चीज होता है, लूका। एक व्यक्ति को उसके बाद थोड़ी राहत चाहिए होती है।

LOUKA

[innocently]. Perhaps you would like some coffee, sir? [She stretches her hand across the table for the coffee pot.]

लूका

[मासूमियत से] शायद आप थोड़ी कॉफ़ी लेना चाहेंगे, श्रीमान? [वह कॉफ़ी पॉट के लिए अपने हाथ को मेज के पार फैलाती है।]

SERGIUS

[taking her hand]. Thank you, Louka.

सर्जियस

[उसका हाथ थामते हुए] तुम्हारा शुक्रिया, लूका।

LOUKA

[pretending to pull]. Oh, sir, you know I didn't mean that. I'm surprised at you!

लूका

[खींचने का अभिनय करती हुई] ओह, श्रीमान, आप जानते हैं मेरा यह करने का आशय नहीं था। मैं आपपर चकित हूँ!

SERGIUS

[coming clear of the table and drawing her with him]. I am surprised at myself, Louka. What would Sergius, the hero of Slivnitza, say if he saw me now? What would Sergius, the apostle of the higher love, say if he saw me now? What would the half dozen Sergiuses who keep popping in and out of this handsome figure of mine say if they caught us here? [Letting go her hand and slipping his arm dexterously round her waist.] Do you consider my figure handsome, Louka?

सर्जियस

[मेज से बचकर आते हुए और उसे अपनी तरफ खींचते हुए] मैं खुद पर चकित हूँ, लूका। यदि सर्जियस, स्लीवनिट्ज़ा का नायक, मुझे अभी देखेगा तो क्या कहेगा? यदि सर्जियस, महान प्रेम का पैगम्बर, मुझे अभी देखेगा तो क्या कहेगा? वे आधे दर्जन सर्जियसेस[77], जो मेरे इस बढ़िया व्यक्तित्व से कभी अन्दर-कभी बाहर निकलते रहते हैं, यदि हमें यहाँ पकड़ लें, तो वे क्या कहेंगे? [उसका हाथ छोड़ते हुए और अपनी बाँह को दक्षता से उसकी कमर के इर्दगिर्द सरकाते हुए] क्या तुम्हें मेरा व्यक्तित्व बढ़िया लगता है, लूका?

LOUKA.

Let me go, sir. I shall be disgraced. [She struggles: he holds her inexorably.] Oh, will you let go?

लूका

मुझे जाने दीजिये, श्रीमान। मैं बदनाम हो जाऊंगी। [वह संघर्ष करती है: वह उसे कठोरता से पकड़े रहता है] ओह, क्या आप छोड़ेंगे?

SERGIUS

[looking straight into her eyes]. No.

सर्जियस

[उसकी आँखों में सीधे देखते हुए] नहीं।

LOUKA.

Then stand back where we can't be seen. Have you no common sense?

---

[77] सर्जियस खुद को बहुवचन में कह रहा है।

लूका

तब दूर चलिए जहाँ हमें नहीं देखा जा सके। क्या आपके पास बिलकुल भी व्यवहारिक समझ नहीं है?

SERGIUS.

Ah, that's reasonable. [He takes her into the stableyard gateway, where they are hidden from the house.]

सर्जियस

ओह, यह तर्कसंगत है। [वह उसे अश्वशाला के प्रांगण के प्रवेशद्वार में ले जाता है, जहाँ वे घर से छिप जाते हैं।]

LOUKA

[complaining]. I may have been seen from the windows: Miss Raina is sure to be spying about after you.

लूका

[शिकायत करते हुए] मुझे खिड़की से देखा जा सकता है। मिस रायना निश्चित रूप से आपके पीछे इर्दगिर्द खोजबीन कर रही होंगी।

SERGIUS

[stung--letting her go]. Take care, Louka. I may be worthless enough to betray the higher love; but do not you insult it.

सर्जियस

[आहत होकर–उसे छोड़ते हुए] ध्यान रखो, लूका। मैं महान प्रेम से दगाबाजी करने के लिए काफी नालायक हूँ; पर तुम उसका अपमान मत करना।

LOUKA

[demurely]. Not for the world, sir, I'm sure. May I go on with my work please, now?

लूका

[गंभीरता से] दुनिया के बदले भी नहीं करूंगी, श्रीमान, मुझे विश्वास है। अब क्या मैं कृपा करके वापस अपने काम पर जा सकती हूँ?

SERGIUS

[again putting his arm round her]. You are a provoking little witch, Louka. If you were in love with me, would you spy out of windows on me?

सर्जियस

[फिर से उसके इर्दगिर्द अपनी बाँह डालते हुए] तुम गुस्सा दिलाने वाली नन्हीं जादूगरनी, लूका। यदि तुम मुझसे प्यार करती होती, तो क्या तुम खिड़की से मेरी जासूसी करती?

LOUKA.

Well, you see, sir, since you say you are half a dozen different gentlemen all at once, I should have a great deal to look after.

लूका

खैर, आप देखिये, श्रीमान, क्योंकि आप कहते हैं कि आप एक ही समय में आधे–दर्जन अलग–अलग इंसान हैं, मुझे खोजने के लिए बहुत करना होता।

SERGIUS

[charmed]. Witty as well as pretty. [He tries to kiss her.]

सर्जियस

[मंत्रमुग्ध होते हुए] अक्लमंद भी और आकर्षक भी। [वह उसे चूमने की कोशिश करता है।]

LOUKA

[avoiding him]. No, I don't want your kisses. Gentlefolk are all alike--you making love to me behind Miss Raina's back, and she doing the same behind yours.

लूका

[उससे बचते हुए] नहीं, मुझे आपके चुम्बन नहीं चाहिए। सारे कुलीन लोग एक जैसे होते हैं–आप मिस रायना की पीठ के पीछे मुझसे प्रेम कर रहे हैं, और वह भी आपकी पीठ के पीछे यही कर रही है।

SERGIUS

[recoiling a step]. Louka!

सर्जियस

[एक कदम ठिठकते हुए] लूका!

LOUKA.

It shews how little you really care!

लूका

इससे दिखता है आपको कितनी कम परवाह है!

SERGIUS

[dropping his familiarity and speaking with freezing politeness]. If our conversation is to continue, Louka, you will please remember that a gentleman does not discuss the conduct of the lady he is engaged to with her maid.

सर्जियस

[अपनी अंतरंगता को छोड़ते हुए और कठोर विनम्रता से बोलते हुए] अगर हमारी बातचीत जारी रखनी है, लूका, तो क्या तुम कृपया यह याद रखोगी कि एक सज्जन उस लेडी (जिससे उसकी मंगनी हुई है) के आचरण की चर्चा उसकी नौकरानी से नहीं करता है।

LOUKA.

It's so hard to know what a gentleman considers right. I thought from your trying to kiss me that you had given up being so particular.

लूका

यह जानना कितना मुश्किल है कि एक सज्जन जो क्या सही लगता है। आपके द्वारा मुझे चूमने की कोशिश से मुझे लगा कि आपने इतना व्यक्तिगत होना छोड़ दिया है।

SERGIUS

[turning from her and striking his forehead as he comes back into the garden from the gateway]. Devil! devil!

सर्जियस

[उससे दूर घूमते हुए और प्रवेशद्वार से वापस बगीचे में लौटते हुए अपने माथे को पीटते हुए] शैतान! शैतान!

LOUKA.

Ha! ha! I expect one of the six of you is very like me, sir, though I am only Miss Raina's maid. [She goes back to her work at the table, taking no further notice of him.]

लूका

हा! हा! मैं उम्मीद करती हूँ आपके छह (व्यक्तियों) में से एक मेरी तरह है, श्रीमान, हालांकि मैं केवल मिस रायना की नौकरानी हूँ। [उसपर और आगे गौर न करती हुई वापस मेज पर अपना काम करने लग जाती है।]

SERGIUS

[speaking to himself]. Which of the six is the real man?--that's the question that torments me. One of them is a hero, another a buffoon, another a humbug, another perhaps a bit of a blackguard. [He pauses and looks furtively at Louka, as he adds with deep bitterness] And one, at least, is a coward--jealous, like all cowards. [He goes to the table.] Louka.

सर्जियस

[खुद से बोलते हुए] उन छह में से कौन असली मर्द है?–यही सवाल मुझे सताता है। उनमें से एक नायक है, --एक मसखरा है, --एक कपटी है, --एक शायद जरा-सा बदमाश है। [वह रुक जाता है और लूका की ओर चुपके से देखता है, जब वह गहरी कड़वाहट से जोड़ता है] और कम से कम एक कायर है–ईर्ष्यालु है, बाकी सभी कायरों की तरह। [वह मेज के पास जाता है।] लूका।

LOUKA.

Yes?

लूका

जी?

SERGIUS.

Who is my rival?

सर्जियस

मेरा प्रतिद्वंद्वी कौन है?

LOUKA.

You shall never get that out of me, for love or money.

लूका

इसे आप मुझसे कभी नहीं निकलवा सकते, चाहे प्यार के बदले हो या धन के।

SERGIUS.

Why?

सर्जियस

क्यों?

LOUKA.

Never mind why. Besides, you would tell that I told you; and I should lose my place.

लूका

इस क्यों को छोड़िये। इसके अलावा, आप यह बता देंगे कि मैंने आपको बताया; और मैं अपना स्थान खो दूँगी।

SERGIUS

[holding out his right hand in affirmation]. No; on the honor of a--[He checks himself, and his hand drops nerveless as he concludes, sardonically]--of a man capable of behaving as I have been behaving for the last five minutes. Who is he?

सर्जियस

[दृढ प्रतिज्ञा से अपना दाहिना हाथ आगे बढाते हुए] नहीं; कसम खाता हूँ एक–[वह खुद को परखता है, और अपने हाथ को क्षीणता से गिराकर कटुतापूर्वक कहता है] उस एक आदमी की जो उस तरह बर्ताव करने में सक्षम है, जैसा मैं पिछले पाँच मिनट से करता आ रहा हूँ। वह कौन है?

LOUKA.

I don't know. I never saw him. I only heard his voice through the door of her room.

लूका

मुझे नहीं मालूम। मैंने उसे कभी नहीं देखा। मैंने सिर्फ उनके कक्ष के दरवाजे से उस (आदमी) की आवाज सुनी है।

SERGIUS.

Damnation! How dare you?

सर्जियस

धिक्कार है! तुम्हारी जुर्रत कैसे हुई?

LOUKA

[retreating]. Oh, I mean no harm: you've no right to take up my words like that. The mistress knows all about it. And I tell you that if that gentleman ever comes here again, Miss Raina will marry him, whether he likes it or not. I know the difference between the sort of manner you and she put on before one another and the real manner. [Sergius shivers as if she had stabbed him. Then, setting his face like iron, he strides grimly to her, and grips her above the elbows with both bands.]

लूका

[पीछे हटते हुए] ओह, मेरा नुकसान करने का कोई इरादा नहीं है; मेरे शब्दों को इस तरह लेने का आपको कोई हक़ नहीं है। मालकिन को इस बारे में सबकुछ मालूम है। और मैं आपको बता रही हूँ कि यदि वह सज्जन फिर कभी यहाँ आएगा, तो मिस रायना उससे शादी कर लेंगी, चाहे वह इसे चाहे अथवा नहीं। मुझे, आपके और उनके द्वारा एक-दूसरे के सामने किये जाने वाले *आचरण* और *वास्तविक आचरण*, के बीच का अंतर मालूम है। [सर्जियस ऐसे कांपता है जैसे उसने उसे चाकू भोंक दिया हो। फिर, वह अपने चेहरे को

लोहे सा कठोर बना कर, उसकी तरफ गंभीरता से लम्बे कदम लेता है, और उसे उसकी दोनों हाथ की कोहनियों से पकड़ लेता है]

SERGIUS.

Now listen you to me!

सर्जियस

अब तुम मेरी बात सुनो!

LOUKA

[wincing]. Not so tight: you're hurting me!

लूका

[ठिठकते हुए] इतनी कसकर नहीं: आप मुझे पीड़ा दे रहे हैं!

SERGIUS.

That doesn't matter. You have stained my honor by making me a party to your eavesdropping. And you have betrayed your mistress--

सर्जियस

इससे फर्क नहीं पड़ता। तुमने मुझे अपनी ताक-झांक का भागीदार बनाकर मेरी प्रतिष्ठा को दागदार किया है। और तुमने अपनी मालकिन को धोखा दिया है--

LOUKA

[writhing]. Please--

लूका

[कसमसाते हुए] कृपया--

SERGIUS.

That shews that you are an abominable little clod of common clay, with the soul of a servant. [He lets her go as if she were an unclean thing, and turns away, dusting his hands of her, to the bench by the wall, where he sits down with averted head, meditating gloomily.]

सर्जियस

इससे दिखता है कि एक नौकर की आत्मा के साथ, तुम एक साधारण मिट्टी का घृणित तुच्छ ढेला हो। [वह उसे जाने देता जैसे वह कोई गंदी चीज हो, और अपने हाथों को उससे झाड़ते हुए दूर घूमकर दीवार के पास की बेंच पर जाता है, जहाँ वह मुंह फेरकर नीचे बैठ जाता है और उदासी से मनन करने लगता है।]

LOUKA

[whimpering angrily with her hands up her sleeves, feeling her bruised arms]. You know how to hurt with your tongue as well as with your hands. But I don't care, now I've found out that whatever clay I'm made of, you're made of the same. As for her, she's a liar; and her fine airs are a cheat; and I'm worth six of her. [She shakes the pain off hardily; tosses her head; and sets to work to put the things on the tray. He looks doubtfully at her once or twice. She finishes packing the tray, and laps the cloth over the edges, so as to carry all out together. As she stoops to lift it, he rises.]

लूका

[गुस्से से भुनभुनाते हुए अपनी आस्तीन पर हाथ किये, अपनी चोटिल भुजाओं को महसूस करते हुए] आपको मालूम है कैसे अपनी जबान से और अपने हाथों से चोट दी जाती है। लेकिन मुझे परवाह नहीं है, अब मैंने जान लिया है कि जिस मिट्टी से मैं बनी हूँ, उसी से आप भी बने हो। रहा सवाल उनका, वह एक झूठी हैं; और उनका अच्छा रंगढंग एक छलावा है; और मेरी कीमत उन जैसी छह के बराबर है। [वह मजबूती से अपने दर्द को झटकती है; अपने सिर को हिलाती है; और ट्रे में चीजों को रखने के काम में लग जाती है। वह उसकी ओर एक या दो बार संदेहपूर्वक देखता है। वह ट्रे को भरने का काम ख़त्म कर लेती है, और किनारों से कपड़े को मोड़ लेती है, जिससे कि सब कुछ एक साथ ले जा सके। जैसे ही वह उसे उठाने के लिए झुकती है, वह उठ जाता है।]

SERGIUS.

Louka! [She stops and looks defiantly at him with the tray in her hands.] A gentleman has no right to hurt a woman under any circumstances. [With profound humility, uncovering his head.] I beg your pardon.

सर्जियस

लूका! [वह रुक जाती है और अपने हाथों में ट्रे लेकर उसकी ओर निर्भीकता से देखती है।] एक सज्जन को किसी भी परिस्थिति में एक औरत को चोट पहुँचाने का कोई अधिकार नहीं है। [गहरी विनम्रता से अपने सिर की टोपी को उतारते हुए] मैं तुमसे माफ़ी मांगता हूँ।

LOUKA.

That sort of apology may satisfy a lady. Of what use is it to a servant?

लूका

इस तरह की माफ़ी से एक लेडी संतुष्ट हो सकती है। एक नौकरानी के लिए इसकी क्या उपयोगिता है?

SERGIUS

[thus rudely crossed in his chivalry, throws it off with a bitter laugh and says slightingly]. Oh, you wish to be paid for the hurt? [He puts on his shako, and takes some money from his pocket.]

सर्जियस

[अपने मर्यादित व्यवहार में इस तरह अशिष्टता से काट दिए जाने पर, वह उससे कटु हँसी से छुटकारा पा लेता है और नीचा दिखाते हुए से कहता है] ओह, क्या तुम चोट के लिए हर्जाना चाहती हो? [वह अपने शैको[78] को पहन लेता है, और अपनी जेब से कुछ धन लेता है।]

LOUKA

[her eyes filling with tears in spite of herself]. No, I want my hurt made well.

लूका

[खुद के प्रति घृणा से अपनी भरती हुई आँखों से] नहीं, मैं चाहती हूँ मेरी चोट को ठीक कर दिया जाए।

---

[78] Shako-सैन्य टोपी।

SERGIUS

[sobered by her tone]. How?

सर्जियस

[उसके सुर से गंभीर होते हुए] कैसे?

[She rolls up her left sleeve; clasps her arm with the thumb and fingers of her right hand; and looks down at the bruise. Then she raises her head and looks straight at him. Finally, with a superb gesture she presents her arm to be kissed. Amazed, he looks at her; at the arm; at her again; hesitates; and then, with shuddering intensity, exclaims]

[वह अपनी बायीं आस्तीन को ऊपर करती है; अपनी भुजा को अपने दायें हाथ के अंगूठे और अँगुलियों से पकड़ते हुए; और चोट की तरफ देखती है। फिर वह अपना सिर उठाती है और सीधे उसकी तरफ देखती है। अंत में, एक शाही अंदाज से अपनी भुजा चूमे जाने के लिए पेश करती है। चकित होकर वह उसकी ओर देखता है; भुजा की ओर देखता है; पुनः उसकी ओर देखता है; हिचकिचाता है; और फिर रोंगटे खड़े कर देने वाली प्रचंडता से, चिल्लाता है]

SERGIUS.

Never! [and gets away as far as possible from her.]

सर्जियस

कभी नहीं! [और वह उससे जितना संभव हो उतनी दूर हो जाता है।]

[Her arm drops. Without a word, and with unaffected dignity, she takes her tray, and is

approaching the house when Raina returns wearing a hat and jacket in the height of the Vienna fashion of the previous year, 1885. Louka makes way proudly for her, and then goes into the house.]

[उसकी भुजा गिर जाती है। बिना एक शब्द कहे, और अप्रभावित गरिमा से, वह अपना ट्रे उठती है, और घर की तरफ जा रही होती है जब रायना पिछले वर्ष, 1885 के वियना फैशन के स्तर का एक हैट और जैकेट पहनकर लौटती है। लूका घमंड से उसको रास्ता देती है, और फिर घर में चली जाती है।]

RAINA.

I'm ready! What's the matter? [Gaily.] Have you been flirting with Louka?

रायना

मैं तैयार हूँ! क्या मामला है? [प्रसन्नचित्त होकर] क्या तुम लूका के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे?

SERGIUS

[hastily]. No, no. How can you think such a thing?

सर्जियस

[जल्दी से] नहीं, नहीं। तुम ऐसी बात सोच कैसे सकती हो?

RAINA

[ashamed of herself]. Forgive me, dear: it was only a jest. I am so happy to-day.

रायना

[खुद पर शर्मिंदा होते हुए] मुझे माफ़ कर दो, प्रिय। यह तो केवल एक मजाक था। मैं आज इतनी खुश हूँ।

[He goes quickly to her, and kisses her hand remorsefully. Catherine comes out and calls to them from the top of the steps.]

[वह उसके पास तेजी से जाता है, और उसका हाथ पश्चातापपूर्वक चूमता है। कैथरिन बाहर आती है और उन्हें सीढ़ियों के ऊपर से पुकारती है।]

CATHERINE

[coming down to them]. I am sorry to disturb you, children; but Paul is distracted over those three regiments. He does not know how to get them to Phillipopolis; and he objects to every suggestion of mine. You must go and help him, Sergius. He is in the library.

कैथरिन

[उनके पास नीचे आती हुई] मुझे तुम्हें परेशान करने के लिए खेद है, बच्चों; लेकिन पॉल उन तीन रेजिमेंट्स के लिए परेशान है। उसे नहीं मालूम कि उन्हें फिलिपोपलिस में कैसे ले जाया जाए; और वह मेरी हर सलाह पर आपत्ति कर रहे हैं। तुम्हें जाना चाहिए और उनकी सहायता करनी चाहिए, सर्जियस। वह पुस्तकालय में हैं।

RAINA

[disappointed]. But we are just going out for a walk.

रायना

[निराश होते हुए] लेकिन हम अभी बाहर टहलने जा रहे हैं।

SERGIUS.

I shall not be long. Wait for me just five minutes. [He runs up the steps to the door.]

सर्जियस

मुझे ज्यादा देर नहीं लगेगी। सिर्फ पाँच मिनट मेरा इंतजार करना। [वह सीढ़ियों से ऊपर दौड़कर दरवाजे की ओर जाता है।]

RAINA

[following him to the foot of the steps and looking up at him with timid coquetry]. I shall go round and wait in full view of the library windows. Be sure you draw father's attention to me. If you are a moment longer than five minutes, I shall go in and fetch you, regiments or no regiments.

रायना

[सीढ़ियों के नीचे तक उसका पीछा करते हुए और संकोची मनोहरता से उसकी तरफ देखते हुए] मैं चक्कर लगाऊँगी और पुस्तकालय की खिड़कियों से पूरी तरह दिखते हुए इंतजार करूंगी। याद करके पिताजी का ध्यान मेरी तरफ खींच लेना। अगर तुम्हें पाँच मिनट से एक क्षण भी ज्यादा देर हुई, तो मैं अन्दर आऊँगी और तुम्हें ले आऊँगी, चाहे रेजिमेंट्स रहे अथवा रेजिमेंट्स न रहें।

SERGIUS

[laughing]. Very well. [He goes in. Raina watches him until he is out of her sight. Then, with a perceptible

relaxation of manner, she begins to pace up and down about the garden in a brown study.]

सर्जियस

[हँसते हुए] बहुत अच्छा। [वह अन्दर जाता है। रायना उसे तब तक देखती है जब तक कि वह उसकी नजरों से दूर नहीं हो जाता। फिर आचरण में सुस्पष्ट ढिलाई से, वह उदासीपूर्ण चिंतन में बगीचे इधर-उधर ऊपर-नीचे चहलकदमी करने लगती है।]

CATHERINE.

Imagine their meeting that Swiss and hearing the whole story! The very first thing your father asked for was the old coat we sent him off in. A nice mess you have got us into!

कैथरिन

सोचो उनकी उस स्विस से मुलाक़ात हो गई और उन्होंने पूरी कहानी सुन ली! सबसे पहली चीज जो तुम्हारे पिता ने पूछी थी वह उनका पुराना कोट था, जिसमें हमने उस (स्विस) को भेजा था। तुमने हमें अच्छी मुसीबत में डाल दिया!

RAINA

[gazing thoughtfully at the gravel as she walks]. The little beast!

रायना

[चलते हुए विचारमग्न होकर कंकड़ी को देखती हुई] वह छोटा पशु!

CATHERINE.

Little beast! What little beast?

कैथरिन

छोटा पशु! कौन–सा छोटा पशु?

RAINA.

To go and tell! Oh, if I had him here, I'd stuff him with chocolate creams till he couldn't ever speak again!

रायना

जाने के लिए और बताने के लिए! ओह, अगर वह यहाँ मेरे पास होता, तो मैं उसके मुंह को चॉकलेट क्रीम से तब तक ठूँसती रहती, जब तक कि वह फिर कभी बोलने में असक्षम न हो जाता!

CATHERINE.

Don't talk nonsense. Tell me the truth, Raina. How long was he in your room before you came to me?

कैथरिन

बकवास मत करो। मुझे सच बताओ, रायना। वह तुम्हारे मेरे पास आने से पहले कितनी देर तक तुम्हारे कमरे में था?

RAINA

[whisking round and recommencing her march in the opposite direction]. Oh, I forget.

रायना

[झटके से घूमते हुए और विपरीत दिशा से अपने कदमताल को फिर से शुरू करती हुई] ओह, मैं भूल गई हूँ।

CATHERINE.

You cannot forget! Did he really climb up after the soldiers were gone, or was he there when that officer searched the room?

कैथरिन

तुम भूल नहीं सकती हो! क्या वह वाकई सैनिकों के जाने के बाद ऊपर चढ़कर आया, यह वह यहाँ तब था जब अधिकारी कमरे की तलाशी ले रहे थे?

RAINA.

No. Yes, I think he must have been there then.

रायना

नहीं। हाँ, मुझे लगता है वह वहाँ तब रहा होगा।

CATHERINE.

You think! Oh, Raina, Raina! Will anything ever make you straightforward? If Sergius finds out, it is all over between you.

कैथरिन

तुम्हें लगता है! ओह, रायना, रायना! क्या तुम्हें कभी कोई चीज सीधी बात करना सिखा पाएगी? अगर सर्जियस को पता चल गया, तो तुम लोगों के बीच सब ख़त्म हो जाएगा।

RAINA

[with cool impertinence]. Oh, I know Sergius is your pet. I sometimes wish you could marry him instead of me. You would just suit him. You would pet him, and spoil him, and mother him to perfection.

रायना

[उदासीन ढिठाई से] ओह, मैं जानती हूँ कि सर्जियस आपका चहेता है। मैं कभी-कभी इच्छा करती हूँ कि काश मेरी बजाय आप उससे शादी कर सकतीं। आप उसके बिलकुल लायक हैं। आप उसको दुलारती और उसे बिगाड़ देती और एकदम माँ की तरह देखभाल करतीं।

CATHERINE

[opening her eyes very widely indeed]. Well, upon my word!

कैथरिन

[अपनी आँखों को वाकई बहुत ज्यादा चौड़ी करती हुई] खैर, निश्चित रूप से!

RAINA

[capriciously--half to herself]. I always feel a longing to do or say something dreadful to him--to shock his propriety--to scandalize the five senses out of him! [To Catherine perversely.] I don't care whether he finds out about the chocolate cream soldier or not. I half hope he may. [She again turns flippantly away and strolls up the path to the corner of the house.]

रायना

[अनिश्चितता से–आधा खुद से कहते हुए] मुझे हमेशा उसके साथ कुछ खराब करने अथवा कहने की चाहत रही है–जिससे उसकी मर्यादा को सदमा पहुंचे–बदनामीपूर्ण शब्दों से उसकी पाँचों इन्द्रियों उसके काबू से बाहर हो जाएँ। [कैथरिन से बदमाशी से] मुझे परवाह नहीं है कि उसे चॉकलेट क्रीम सैनिक के बारे में पता चलता है या नहीं। मैं आधी उम्मीद करती हूँ कि उसे पता चल जाए। [यहाँ वह फिर से फुर्ती से घूम जाती है, और घर के किनारे वाले रास्ते पर टहलने लगती है।]

CATHERINE.

And what should I be able to say to your father, pray?

कैथरिन

और मैं तुम्हारे पिता से क्या कहने की लायक रहूंगी, कृपया बोलो?

RAINA

[over her shoulder, from the top of the two steps]. Oh, poor father! As if he could help himself! [She turns the corner and passes out of sight.]

रायना

[अपने कंधों पर, दो सीढ़ियों के ऊपर से] ओह, बेचारे पिताजी! जैसे वह खुद की मदद कर सकते थे! [वह कोने घूमती है और नजरों से दूर चली जाती है।]

CATHERINE

[looking after her, her fingers itching]. Oh, if you were only ten years younger! [Louka comes from the house with a salver, which she carries hanging down by her side.] Well?

कैथरिन

[अपनी अँगुलियों को खुजलाती हुई उसके पीछे देखते हुए] ओह, अगर तुम सिर्फ दस साल छोटी होती! [लूका घर के बार एक थाली के साथ आती है, जिसे उसे अपने बगल में नीचे लटका रखा है।] क्या हुआ?

LOUKA.

There's a gentleman just called, madam--a Servian officer--

लूका

एक सज्जन अभी मिलने आये हैं, मैडम–एक सर्वियन अधिकारी–

CATHERINE

[flaming]. A Servian! How dare he--[Checking herself bitterly.] Oh, I forgot. We are at peace now. I suppose we shall have them calling every day to pay their compliments. Well, if he is an officer why don't you tell your master? He is in the library with Major Saranoff. Why do you come to me?

कैथरिन

[भड़कते हुए] एक सर्वियन! उसकी मजाल कैसे हुई–[खुद पर कड़वाहट से संयम करते हुए] ओह, मैं भूल गई थी। हमारे बीच अब अमन है। मैं मानती हों हमें अपनी शुभकामनाएं

देने अब वह रोज मिलने आयेंगे। खैर, यदि वह एक अधिकारी हैं तो तुम अपने मालिक से क्यों नहीं कहती हो? वह मेजर सैरेनॉफ के साथ पुस्तकालय में हैं। तुम मेरे पास क्यों आई हो?

LOUKA.

But he asks for you, madam. And I don't think he knows who you are: he said the lady of the house. He gave me this little ticket for you. [She takes a card out of her bosom; puts it on the salver and offers it to Catherine.]

लूका

लेकिन वह आपके लिए पूछ रहे हैं, मैडम। और मुझे नहीं लगता कि उन्हें मालूम हैं कि आप कौन हैं: उन्होंने घर की लेडी के बारे में कहा। उन्होंने यह छोटा-सा टिकट आपके लिए दिया। [वह अपनी छाती से एक पर्ची निकालती है; और उसे थाली पर रखती है और उसे कैथरिन को देती है]

CATHERINE

[reading]. "Captain Bluntschli!" That's a German name.

कैथरिन

[पढ़ते हुए] "कैप्टेन ब्लंटश्ली!" यह तो एक जर्मन नाम है।

LOUKA.

Swiss, madam, I think.

लूका

मेरे ख्याल से स्विस है, मैडम।

CATHERINE

[with a bound that makes Louka jump back]. Swiss! What is he like?

कैथरिन

[ऐसे उछलकर जिससे लूका उछलकर पीछे हो जाती है] स्विस! वह देखने में कैसा है?

LOUKA

[timidly]. He has a big carpet bag, madam.

लूका

[झिझकते हुए] उनके साथ एक बड़ा ऊनी झोला है, मैडम।

CATHERINE.

Oh, Heavens, he's come to return the coat! Send him away--say we're not at home--ask him to leave his address and I'll write to him--Oh, stop: that will never do. Wait! [She throws herself into a chair to think it out. Louka waits.] The master and Major Saranoff are busy in the library, aren't they?

कैथरिन

ओह, ईश्वर, वह कोट लौटाने आया है! उसे दूर भेज दो–कह देना हम घर में नहीं हैं–उससे उसका पता छोड़ने को कहना और मैं उसे पत्र लिख दूँगी–ओह, रुको। इससे कभी काम नहीं चलेगा। रुको! [वह इसपर विचार करने के लिए खुद

को कुर्सी में गिरा लेती है। लूका इंतजार करती है।] मास्टर और मेजर सैरेनॉफ पुस्तकालय में व्यस्त हैं, न?

LOUKA.

Yes, madam.

लूका

हाँ, मैडम।

CATHERINE

[decisively]. Bring the gentleman out here at once. [Imperatively.] And be very polite to him. Don't delay. Here [impatiently snatching the salver from her]: leave that here; and go straight back to him.

कैथरिन

[निश्चय से] उन सज्जन को तुरंत यहाँ ले आओ। [आदेशात्मक होते हुए] और उनके साथ बहुत विनम्र रहना। देरी मत करो। यहाँ [अधीरतापूर्वक उससे थाली छीनते हुए] : इसे यहाँ छोड़ दो; और सीधे वापस उनके पास जाओ।

LOUKA.

Yes, madam. [Going.]

लूका

जी, मैडम। [जाते हुए]

CATHERINE.

Louka!

कैथरिन

लूका!

LOUKA

[stopping]. Yes, madam.

लूका

[रुकते हुए] हाँ, मैडम।

CATHERINE.

Is the library door shut?

कैथरिन

क्या पुस्तकालय का दरवाजा बंद है?

LOUKA.

I think so, madam.

लूका

मुझे तो ऐसा ही लगता है, मैडम।

CATHERINE.

If not, shut it as you pass through.

कैथरिन

अगर नहीं, तो गुजरते समय तुम उसे बंद कर देना।

LOUKA.

Yes, madam. [Going.]

लूका

जी, मैडम। [जाते हुए]

CATHERINE.

Stop! [Louka stops.] He will have to go out that way [indicating the gate of the stable yard]. Tell Nicola to bring his bag here after him. Don't forget.

कैथरिन

रुको! [लूका रुक जाती है] उन्हें उस रास्ते से बाहर जाना होगा [अश्वशाला के प्रांगण के फाटक की तरफ इशारा करते हुए] निकोला से कहना कि उनके पीछे उनका झोला लेकर आये। भूलना मत।

LOUKA

[surprised]. His bag?

लूका

[चकित होते हुए] उनका झोला?

CATHERINE.

Yes, here, as soon as possible. [Vehemently.] Be quick! [Louka runs into the house. Catherine snatches her apron off and throws it behind a bush. She then takes up the salver and uses it as a mirror, with the result that the handkerchief tied round her head follows the apron. A touch to her hair and a shake to her dressing gown makes her presentable.] Oh, how--how--how can a man be such a fool! Such a moment to select! [Louka appears at the door of the house, announcing "Captain Bluntschli;" and standing aside at the top of the steps to let him pass

before she goes in again. He is the man of the adventure in Raina's room. He is now clean, well brushed, smartly uniformed, and out of trouble, but still unmistakably the same man. The moment Louka's back is turned, Catherine swoops on him with hurried, urgent, coaxing appeal.] Captain Bluntschli, I am very glad to see you; but you must leave this house at once. [He raises his eyebrows.] My husband has just returned, with my future son-in-law; and they know nothing. If they did, the consequences would be terrible. You are a foreigner: you do not feel our national animosities as we do. We still hate the Servians: the only effect of the peace on my husband is to make him feel like a lion baulked of his prey. If he discovered our secret, he would never forgive me; and my daughter's life would hardly be safe. Will you, like the chivalrous gentleman and soldier you are, leave at once before he finds you here?

कैथरिन

हाँ, यहाँ, जितनी जल्दी हो सके। [प्रबलता से] जल्दी करना! [लूका घर में जाती है। कैथरिन अपनी एप्रन खींच लेती है और उसे एक झाड़ी के पीछे फेंक देती है। फिर वह थाली को उठाती है और उसका इस्तेमाल एक आईने की तरह करती है, जिसका नतीजा यह होता है कि उसके सिर के इर्दगिर्द बांधा रुमाल एप्रन के पीछे (झाड़ियों में फेंका) जाता है। अपने बालों को स्पर्श और अपने ड्रेसिंग-गाउन को झटककर वह खुद को प्रस्तुत करने योग्य बना लेती है।] ओह,
कैसे–कैसे–कैसे एक आदमी इतना बेवकूफ हो सकता है! ऐसा क्षण चुन सकता है! [लूका घर के दरवाजे पर प्रकट होकर

घोषणा करती है "कैप्टेन ब्लंटश्ली;" और वह दुबारा (घर के) अन्दर जाने से पहले, सीढ़ियों के ऊपर उसे जाने देने के लिए एक तरफ खड़ी हो जाती है। वह रायना के कक्ष में जोखिम का अनुभव करने वाला आदमी है। वह अब साफ़-सुथरा, अच्छे से झाड़ा-पोंछा, सुव्यवस्थित ढंग से यूनिफार्म में और मुश्किल से बाहर है, लेकिन अभी भी स्पष्ट रूप से वही आदमी है। जिस क्षण लूका की पीठ घूमती है, कैथरिन उस पर एक जल्द, अतिआवश्यक और राज़ी करने की याचना से झपटती है।] कैप्टेन ब्लंटश्ली, मैं आपको देखकर बहुत खुश हुई; लेकिन आपको यह घर तुरंत छोड़ना होगा। [वह अपनी भौंहें उठाता है।] मेरे पति, मेरे भावी दामाद के साथ अभी लौटे हैं; और उन्हें कुछ भी नहीं मालूम। अगर उन्हें मालूम होता, तो परिणाम भयानक होता। आप एक विदेशी हैं: आपको हमारा राष्ट्रीय वैरभाव वैसे नहीं महसूस होता है, जैसे हमें होता है। हमें अभी भी सर्वियन्स से घृणा है; शान्ति का इकलौता असर जो मेरे पति पर उस शेर की तरह हुआ है, जिसे अपने शिकार से वंचित कर दिया हो। अगर उन्हें हमारे रहस्य का पता चल गया, तो वे मुझे कभी भी माफ़ नहीं करेंगे; और मेरी बेटी की जिन्दगी मुश्किल से भी सुरक्षित रहेगी। इससे पहले कि वे आपको यहाँ पायें, क्या आप, एक मर्यादित सज्जन और सैनिक की तरह, जैसे आप हैं, इस जगह को तुरंत छोड़ देंगे?

BLUNTSCHLI

[disappointed, but philosophical]. At once, gracious lady. I only came to thank you and return the coat you lent me. If you will allow me to take it out of my bag and leave it with your servant as I pass out, I need detain you no further. [He turns to go into the house.]

ब्लंटश्ली

[निराश, परन्तु दार्शनिकता से] तुरंत छोड़ दूंगा, दयालु लेडी। मैं तो केवल आपका धन्यवाद करने और आपको यह कोट लौटाने आया था जो आपने मुझे उधार दिया था। अगर आप मुझे अपने झोले से इसे निकालने और मेरे बाहर जाते वक्त इसे आपके सेवक को देने की अनुमति दें, तो मुझे आपको ज्यादा देर रोकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। [वह घर में जाने के लिए घूमता है।]

CATHERINE

[catching him by the sleeve]. Oh, you must not think of going back that way. [Coaxing him across to the stable gates.] This is the shortest way out. Many thanks. So glad to have been of service to you. Good-bye.

कैथरिन

[उसे आस्तीन से पकड़ते हुए] ओह, आपको उस रास्ते से जाने के बारे में सोचना नहीं चाहिए। [उसे अश्वशाला के फाटकों से होकर जाने को राज़ी करते हुए] बाहर जाने का यही सबसे छोटा रास्ता है। बहुत शुक्रिया। आपकी खिदमत करके बहुत ख़ुशी हुई। अलविदा।

BLUNTSCHLI.

But my bag?

ब्लंटश्ली

लेकिन मेरा झोला?

CATHERINE.

It will be sent on. You will leave me your address.

कैथरिन

यह भेज दिया जाएगा। आप मुझे अपना पता देकर जाइएगा।

BLUNTSCHLI.

True. Allow me. [He takes out his card-case, and stops to write his address, keeping Catherine in an agony of impatience. As he hands her the card, Petkoff, hatless, rushes from the house in a fluster of hospitality, followed by Sergius.]

ब्लंटश्ली

सच है। मुझे इजाजत दीजिये। [कैथरिन को अधीरता के व्यथा में रखते हुए, वह अपने कार्ड के डिब्बे को निकालता है, और अपना पता लिखने के लिए रुकता है। जैसे ही वह उसे कार्ड दे रहा होता है, पेटकॉफ, आतिथ्य की हड़बड़ाहट में, बिना टोपी के घर से बाहर भागता हुआ आता है। उसके पीछे सर्जियस आता है।]

PETKOFF

[as he hurries down the steps]. My dear Captain Bluntschli--

पेटकॉफ

[जैसे ही वह सीढ़ियों से नीचे भागता हुआ आता है] मेरे प्रिय कैप्टेन ब्लंटश्ली–

CATHERINE.

Oh Heavens! [She sinks on the seat against the wall.]

कैथरिन

ओह ईश्वर! [वह दीवार से लगे आसन पर गिर पड़ती है।]

PETKOFF

[too preoccupied to notice her as he shakes Bluntschli's hand heartily]. Those stupid people of mine thought I was out here, instead of in the--haw!--library. [He cannot mention the library without betraying how proud he is of it.] I saw you through the window. I was wondering why you didn't come in. Saranoff is with me: you remember him, don't you?

पेटकॉफ

[जब वह ब्लंटश्ली से हाथ मिला रहा होता है तो उसपर[79] गौर करने के लिए बहुत ध्यानमग्न होता है] मेरे बेवकूफ आदमियों को लगा कि मैं यहाँ था, --हाह!--पुस्तकालय की जगह। [वह पुस्तकालय का जिक्र बिना यह जाहिर किये नहीं कर सकता कि वह उसके लिए कितना गर्व करता है।] मैंने आपको खिड़की से देखा। मैं सोच रहा था कि आप अन्दर क्यों नहीं आये। सैरेनॉफ मेरे साथ है: आपको यह याद होगा, है न?

SERGIUS

[saluting humorously, and then offering his hand with great charm of manner]. Welcome, our friend the enemy!

सर्जियस

---

[79] कैथरिन पर

[विनोदपूर्ण ढंग से अभिवादन करते हुए, और फिर अपने हाथ को बड़े आकर्षक आचरण से पेश करते हुए] स्वागत है, हमारे मित्र दुश्मन!

PETKOFF.

No longer the enemy, happily. [Rather anxiously.] I hope you've come as a friend, and not on business.

पेटकॉफ

ख़ुशी की बात है कि अब और दुश्मन नहीं हैं। [तुलना में चिंतित होते हुए] मैं आशा करता हूँ कि आप यहाँ मित्र की तरह आये हैं, और किसी काम से नहीं।

CATHERINE.

Oh, quite as a friend, Paul. I was just asking Captain Bluntschli to stay to lunch; but he declares he must go at once.

कैथरिन

ओह, बिलकुल एक दोस्त की तरह आये हैं, पॉल। मैं अभी कैप्टेन ब्लंटश्ली से दोपहर के खाने के लिए रुकने को कह रही थी; लेकिन इनका कहना है कि इन्हें तुरंत जाना होगा।

SERGIUS

[sardonically]. Impossible, Bluntschli. We want you here badly. We have to send on three cavalry regiments to Phillipopolis; and we don't in the least know how to do it.

सर्जियस

[कटुता से] असंभव, ब्लंटश्ली। हम तुम्हें यहाँ बुरी तरह चाहते हैं। हमें तीन अश्वारोही रेजिमेंट्स को फिलिपोपलिस भेजना है; और हमें यह बिलकुल भी नहीं मालूम है कि इसे कैसे करना है।

BLUNTSCHLI

[suddenly attentive and business-like]. Phillipopolis! The forage is the trouble, eh?

ब्लंटश्ली

[अचानक सतर्क और पेशेवर-जैसा होते हुए] फिलिपोपलिस! चारे की मुश्किल है, न?

PETKOFF

[eagerly]. Yes, that's it. [To Sergius.] He sees the whole thing at once.

पेटकॉफ

[उत्सुकता से] हाँ, यही बात है। [सर्जियस से] यह सारी चीज को तुरंत देख लेते हैं।

BLUNTSCHLI.

I think I can shew you how to manage that.

ब्लंटश्ली

मुझे लगता है मैं आपको दिखा सकता हूँ कि कैसे इसकी व्यवस्था करनी है।

SERGIUS.

Invaluable man! Come along! [Towering over Bluntschli, he puts his hand on his shoulder and takes him to the steps, Petkoff following. As Bluntschli puts his foot on the first step, Raina comes out of the house.]

सर्जियस

बेशकीमती आदमी! चलिए आइये! [ब्लंटश्ली पर झुकते हुए, वह अपना हाथ उसके कंधे पर रख देता है और उसे सीढ़ियों पर ले जाता है, पेटकॉफ पीछे आता है। जैसे ही ब्लंटश्ली अपना पाँव पहली सीढ़ी पर रखता है, रायना घर से बाहर आती है।]

RAINA

[completely losing her presence of mind]. Oh, the chocolate cream soldier!

रायना

[अपनी सुध-बुध को पूरी तरह खोती हुई] ओह, चॉकलेट क्रीम सैनिक!

[Bluntschli stands rigid. Sergius, amazed, looks at Raina, then at Petkoff, who looks back at him and then at his wife.]

[ब्लंटश्ली जड़ खड़ा हो जाता है। सर्जियस, आश्चर्य से रायना की तरफ देखता है, फिर पेटकॉफ की तरफ देखता है, जो वापस उसकी तरफ देखता है और फिर अपनी पत्नी की तरफ देखता है।]

CATHERINE

[with commanding presence of mind]. My dear Raina, don't you see that we have a guest here--Captain Bluntschli, one of our new Servian friends?

कैथरिन

[सुध-बुध पर नियंत्रण से] मेरी प्यारी रायना, क्या तुम नहीं देख रही हो कि हमारे साथ एक मेहमान हैं–कैप्टेन ब्लंटश्ली, हमारे नए सर्वियन दोस्तों में से एक?

[Raina bows; Bluntschli bows.]

[रायना नमन करती है; ब्लंटश्ली नमन करता है।]

RAINA.

How silly of me! [She comes down into the centre of the group, between Bluntschli and Petkoff] I made a beautiful ornament this morning for the ice pudding; and that stupid Nicola has just put down a pile of plates on it and spoiled it. [To Bluntschli, winningly.] I hope you didn't think that you were the chocolate cream soldier, Captain Bluntschli.

रायना

मैं कितनी बेवकूफ हूँ! [वह नीचे, ब्लंटश्ली और पेटकॉफ के बीच, समूह के मध्य में आ जाती है] मैंने इस सुबह आइस-पुडिंग के लिए एक खूबसूरत सजावट बनाई थी। और उस मूर्ख निकोला ने यूँही उसपर एक तश्तरियों का ढेर रख दिया और उसे बर्बाद कर दिया। [ब्लंटश्ली से विजय भाव से] मैं उम्मीद करती हूँ आपको यह नहीं लगा होगा कि आप चॉकलेट क्रीम सैनिक थे, कैप्टेन ब्लंटश्ली।

BLUNTSCHLI

[laughing]. I assure you I did. [Stealing a whimsical glance at her.] Your explanation was a relief.

ब्लंटश्ली

[हँसते हुए] मैं आपको यकीन दिलाता हूँ मुझे ऐसा ही लगा। [चुपके से उसको तरंगी निगाह से देखते हुए] आपका स्पष्टीकरण राहत देने वाला था।

PETKOFF

[suspiciously, to Raina]. And since when, pray, have you taken to cooking?

पेटकॉफ

[संदेहपूर्वक रायना से] और कृपया यह बताओ, कब से तुम खाना बनाने लगी?

CATHERINE.

Oh, whilst you were away. It is her latest fancy.

कैथरिन

ओह, जब तुम बाहर थे। यह उसका सबसे नया शौक है।

PETKOFF

[testily]. And has Nicola taken to drinking? He used to be careful enough. First he shews Captain Bluntschli out here when he knew quite well I was in the--hum!--library; and then he goes downstairs and breaks Raina's chocolate soldier. He must--[At this moment Nicola appears at the top of the steps, with

a carpet bag. He descends; places it respectfully before Bluntschli; and waits for further orders. General amazement. Nicola, unconscious of the effect he is producing, looks perfectly satisfied with himself. When Petkoff recovers his power of speech, he breaks out at him with] Are you mad, Nicola?

पेटकॉफ

[चिड़चिड़ाकर] और क्या निकोला को पीने की लत लग गई है? वह तो काफी सावधान हुआ करता था। पहले उसने कैप्टेन ब्लंटश्ली को यहाँ का रास्ता दिखाया जब उसे अच्छे से मालूम था कि मैं–हम्म!–पुस्तकालय में था; और फिर वह सीढ़ियों से नीचे गया और रायना के चॉकलेट के सैनिक को तोड़ दिया। उसे तो–

[इस क्षण निकोला सीढ़ियों के ऊपर ऊनी झोले के साथ प्रकट होता है। वह उतरता है; उसे आदर पूर्वक ब्लंटश्ली के आगे रख देता है; और आगे के आदेशों का इन्तजार करता है। सब अचंभित हो जाते हैं। निकोला, अपने द्वारा पैदा होने वाले असर से अंजान होकर, खुद से बिलकुल संतुष्ट लगता है। जब पेटकॉफ की बोलने की क्षमता लौटती है, वह उसपर फट पड़ता है]

क्या तुम पागल हो, निकोला?

NICOLA

[taken aback]. Sir?

निकोला

[स्तब्ध होकर] श्रीमान?

PETKOFF.

What have you brought that for?

पेटकॉफ

तुम उसे किसलिए लेकर आये हो?

NICOLA.

My lady's orders, sir. Louka told me that--

निकोला

मेरी लेडी के आदेश थे, श्रीमान। लूका ने मुझे बताया कि–

CATHERINE

[interrupting him]. My orders! Why should I order you to bring Captain Bluntschli's luggage out here? What are you thinking of, Nicola?

कैथरिन

[उसकी बात काटते हुए] मेरे आदेश! तुम्हें कैप्टेन ब्लंटश्ली का सामान यहाँ लाने के लिए मैं क्यों कहूँगी? तुम किस सोच में हो, निकोला?

NICOLA

[after a moment's bewilderment, picking up the bag as he addresses Bluntschli with the very perfection of servile discretion]. I beg your pardon, sir, I am sure. [To Catherine.] My fault, madam! I hope you'll overlook it! [He bows, and is going to the steps with the bag, when Petkoff addresses him angrily.]

निकोला

[क्षणभर की उलझन के बाद, वह ब्लंटश्ली को संबोधित करते हुए, झोले को दास जैसी समझदारी की बिलकुल पराकाष्ठा से उठाता है] मैं निश्चित रूप से आपसे माफ़ी मांगता हूँ, श्रीमान। [कैथरिन से] मेरी गलती है, मैडम! मैं उम्मीद करता हूँ आप इसे अनदेखा करेंगी! [वह नमन करता है, और झोले के साथ सीढ़ियों पर जा रहा होता है, जब पेटकॉफ उसे क्रोधित होकर संबोधित करता है।]

PETKOFF.

You'd better go and slam that bag, too, down on Miss Raina's ice pudding! [This is too much for Nicola. The bag drops from his hands on Petkoff's corns, eliciting a roar of anguish from him.] Begone, you butter-fingered donkey.

पेटकॉफ

तुम जाओ और उस झोले को भी मिस रायना के आइस पुडिंग पर पटक दो! [यह निकोला के लिए बहुत ज्यादा होता है। उसके हाथों से झोला गिरकर पेटकॉफ के भुट्टों पर गिर जाता है, जिससे उससे[80] कष्टपूर्ण दहाड़ निकलती है] चले जाओ, मक्खन-लगी अंगुली वाले गधे।

NICOLA

[snatching up the bag, and escaping into the house]. Yes, sir.

निकोला

[झोले को खींचते हुए और घर में भागते हुए] जी, श्रीमान।

---

80 पेटकॉफ से

CATHERINE.

Oh, never mind, Paul, don't be angry!

कैथरिन

ओह, कोई बात नहीं, पॉल, गुस्सा मत करो!

PETKOFF

[muttering]. Scoundrel. He's got out of hand while I was away. I'll teach him. [Recollecting his guest.] Oh, well, never mind. Come, Bluntschli, lets have no more nonsense about you having to go away. You know very well you're not going back to Switzerland yet. Until you do go back you'll stay with us.

पेटकॉफ

[भुनभुनाते हुए] बदमाश। जिस दौरान मैं बाहर था, यह हाथ से निकल गया। मैं उसे सबक दिखाऊंगा। [अपने मेहमान की याद आती है] ओह, खैर, कोई बात नहीं। आओ, ब्लंटश्ली, अब हम और तुम्हारे चले जाने की बकवास को नहीं सुनेंगे। तुम्हें अच्छी तरह मालूम है तुम अभी स्विटज़रलंड नहीं जा रहे हो। जब तक तुम वापस नहीं जाते, तुम हमारे साथ रहो।

RAINA.

Oh, do, Captain Bluntschli.

रायना

ओह, ऐसा ही करिए, कैप्टेन ब्लंटश्ली।

PETKOFF

[to Catherine]. Now, Catherine, it's of you that he's afraid. Press him and he'll stay.

पेटकॉफ

[कैथरिन से] अब, कैथरिन, यह तुमसे डरता है। तुम इसपर दबाव दो और यह रुक जाएगा।

CATHERINE.

Of course I shall be only too delighted if [appealingly] Captain Bluntschli really wishes to stay. He knows my wishes.

कैथरिन

बेशक मैं तो केवल बहुत खुश होऊँगी यदि [अनुरोध करते हुए] कैप्टेन ब्लंटश्ली यहाँ वाकई रुकना चाहें। उन्हें मेरी इच्छा मालूम है।

BLUNTSCHLI

[in his driest military manner]. I am at madame's orders.

ब्लंटश्ली

[अपने सबसे रूखे सैन्य आचरण से] मैं मैडम के आदेश का गुलाम हूँ।

SERGIUS

[cordially]. That settles it!

सर्जियस

[मित्रवत तरीके से] तो तय रहा!

PETKOFF

[heartily]. Of course!

पेटकॉफ

[दिल से] निश्चित तौर पर!

RAINA.

You see, you must stay!

रायना

देखिये, आपको रुकना पड़ेगा!

BLUNTSCHLI

[smiling]. Well, If I must, I must! [Gesture of despair from Catherine.]

ब्लंटश्ली

[मुस्कराते हुए] खैर, अगर मुझे रुकना पड़ेगा, तो मुझे रुकना पड़ेगा। [कैथरिन से निराशा के भाव]

ACT III

नाटकांक ३

In the library after lunch. It is not much of a library, its literary equipment consisting of a single fixed shelf stocked with old paper-covered novels, broken backed, coffee stained, torn and thumbed, and a couple of little hanging shelves with a few gift books on them, the rest of the wall space being occupied by trophies of war and the chase. But it is a most comfortable sitting-room. A row of three large windows in the front of the house shew a mountain panorama, which is just now seen in one of its softest aspects in the mellowing afternoon light. In the left hand corner, a square earthenware stove, a perfect tower of colored pottery, rises nearly to the ceiling and guarantees plenty of warmth. The ottoman in the middle is a circular bank of decorated cushions, and the window seats are well upholstered divans. Little Turkish tables, one of them with an elaborate hookah on it, and a screen to match them, complete the handsome effect of the furnishing. There is one object, however, which is hopelessly out of keeping with its surroundings. This is a small kitchen table, much the worse for wear, fitted as a writing table with an old canister full of pens, an eggcup filled with ink, and a deplorable scrap of severely used pink blotting paper.

दोपहर के खाने के बाद पुस्तकालय में। यह ज्यादा पुस्तकालय जैसी नहीं है, एक *स्थाई शेल्फ* (जो खंडित पृष्ठभाग वाले, कॉफ़ी के दाग लगे, फटे और घिसे, पुराने कागजों से कवर वाले उपन्यास भरा हैं) और दो छोटी *टांगने वाली शेल्फ* (जिसपर कुछ तोहफे वाली किताबें हैं) इसके साहित्यिक सामान को बनाती है। युद्ध और शिकार के विजयस्मारक दीवार की बाकी जगह लेते हैं। लेकिन यह एक अतिसुविधाजनक बैठक-कक्ष है। घर के आगे तीन बड़ी खिड़कियों की एक कतार, एक पर्वतीय परिदृश्य को दिखाती है, जिसे अभी अनुकूल दोपहर की रोशनी में अपने एक सबसे कोमल पहलू में देखा जा सकता है। बायीं तरफ के किनारे पर, एक चौकोर मिट्टी का चूल्हा, जो रंगीन मिट्टी का उत्तम निर्माण है, लगभग अंदरूनी छत तक उठता है और काफी गर्मी को सुनिश्चित करता है। बीच में ऑटोमन, सजावटी गद्दों का एक गोल घेरा है, और खिड़कियों के आसन अच्छे-से गद्दी चढ़े दीवान हैं। छोटी टर्किश मेजें, (जिनमें से एक पर शानदार हुक्का है) और उनसे मेल खाता एक पर्दा, सजावट के आकर्षक प्रभाव को पूरा करते हैं। फिर भी, एक वस्तु है जो निराशाजनक रूप से अपने आसपास की चीजों से मेल नहीं खाती है। यह एक छोटी रसोई की मेज है, जो घिसकर काफी खराब होने की वजह से, राइटिंग-टेबल[81] की तरह कलमों से भरे हुए एक पुराने डिब्बे, स्याही से भरे अंडाकार प्याले, और गुलाबी ब्लॉटिंग-पेपर[82] के बुरी तरह इस्तेमाल किये गए अभागे टुकड़े से सुसज्जित कर दी गई है।

At the side of this table, which stands on the right, Bluntschli is hard at work, with a couple of maps

---

81 Writing table-वह मेज जो लिखने-पढने के लिए इस्तेमाल होती है।

82 Blotting-paper-कागज जो फैली स्याही को सोखने के लिए इस्तेमाल में लाया जाता है।

before him, writing orders. At the head of it sits Sergius, who is also supposed to be at work, but who is actually gnawing the feather of a pen, and contemplating Bluntschli's quick, sure, businesslike progress with a mixture of envious irritation at his own incapacity, and awestruck wonder at an ability which seems to him almost miraculous, though its prosaic character forbids him to esteem it. The major is comfortably established on the ottoman, with a newspaper in his hand and the tube of the hookah within his reach. Catherine sits at the stove, with her back to them, embroidering. Raina, reclining on the divan under the left hand window, is gazing in a daydream out at the Balkan landscape, with a neglected novel in her lap.

दाहिनी तरफ स्थित इस मेज के किनारे, अपने आगे एक–दो नक़्शे रखकर ब्लंटश्ली कठोर मेहनत से आदेश लिख रहा है। उसके शीर्ष पर सर्जियस बैठा है, जिसे भी काम पर लगे होना चाहिए, लेकिन जो कलम के पंख को कुतर रहा है और ब्लंटश्ली की तेज, विश्वासपूर्ण और पेशेवर उन्नति को अपनी खुद की अक्षमता के प्रति ईर्ष्यालु चिढ़ और ऐसी योग्यता के प्रति विस्मयाभिभूत अचंभे से ध्यानपूर्वक देख रहा है जो उसको लगभग चमत्कार लगती है, हालांकि उसकी[83] नीरस प्रकृति उसे उसका सम्मान करने से रोकती है। मेजर आराम से अपने हाथ में अख़बार लिए और अपनी पहुँच के करीब हुक्के की नली रखकर, ऑटोमन पर आसीन हैं। कैथरिन, अपनी पीठ उनकी तरफ करके, चूल्हे के पास बैठकर कढ़ाई कर रही है। रायना बायीं हाथ की खिड़की के नीचे वाले दीवान पर लेटी,

---

83 ब्लंटश्ली के काम की

अपनी गोद में एक उपेक्षित उपन्यास लिए, बालकन के भू-दृश्य को स्वप्नवत होकर देख रही है।

The door is on the left. The button of the electric bell is between the door and the fireplace.

दरवाजा बायीं तरफ है। दरवाजे और अंगीठी के बीच में बिजली वाली घंटी का बटन है।

PETKOFF

[looking up from his paper to watch how they are getting on at the table]. Are you sure I can't help you in any way, Bluntschli?

पेटकॉफ

[अपने अख़बार से ऊपर ताकते हुए, यह देखने के लिए कि वे मेज पर कैसे प्रगति कर रहे हैं] क्या तुम्हें यकीन है कि मैं तुम्हारी किसी भी तरह मदद नहीं कर सकता, ब्लंटश्ली?

BLUNTSCHLI

[without interrupting his writing or looking up]. Quite sure, thank you. Saranoff and I will manage it.

ब्लंटश्ली

[बिना अपना लिखना बंद किये अथवा ऊपर देखे] बिलकुल यकीन है, आपका शुक्रिया। सैरेनॉफ और मैं इसे संभाल लेंगे।

SERGIUS

[grimly]. Yes: we'll manage it. He finds out what to do; draws up the orders; and I sign 'em. Division of labour, Major. [Bluntschli passes him a paper.]

Another one? Thank you. [He plants the papers squarely before him; sets his chair carefully parallel to them; and signs with the air of a man resolutely performing a difficult and dangerous feat.] This hand is more accustomed to the sword than to the pen.

सर्जियस

[गंभीरता से] हाँ। हम इसे संभाल लेंगे। वह खोज लेगा कि क्या करना है; आदेशों को लिखेगा; और मैं उनपर हस्ताक्षर करूंगा। काम का बँटवारा[84], मेजर। [ब्लंटश्ली उसे एक कागज थमाता है] एक और? तुम्हारा शुक्रिया। [वह अपने आगे कागजों को बराबर से रख देता है; अपनी कुर्सी को सावधानी से उनके समानांतर लगाता है; और ऐसे आदमी के रंग-ढंग से हस्ताक्षर करता है जो एक मुश्किल और खतरनाक काम को संकल्प से कर रहा हो] यह हाथ कलम से ज्यादा तलवार का आदी है।

PETKOFF.

It's very good of you, Bluntschli, it is indeed, to let yourself be put upon in this way. Now are you quite sure I can do nothing?

पेटकॉफ

यह तुम्हारी बहुत नेकी है, ब्लंटश्ली। यह सचमुच है, जो तुमने खुद को इस तरह लगा लिया। अब क्या तुम्हें बिलकुल यकीन है कि मैं कुछ नहीं कर सकता हूँ?

CATHERINE

---

[84] Division of labour-ऐडम स्मिथ (Adam Smith) के अर्थशास्त्र के सिद्धांत का उल्लेख है।

[in a low, warning tone]. You can stop interrupting, Paul.

कैथरिन

[धीमी, चेतावनी वाले स्वर में] तुम अड़चन डालना बंद कर सकते हो, पॉल।

PETKOFF

[starting and looking round at her]. Eh? Oh! Quite right, my love, quite right. [He takes his newspaper up, but lets it drop again.] Ah, you haven't been campaigning, Catherine: you don't know how pleasant it is for us to sit here, after a good lunch, with nothing to do but enjoy ourselves. There's only one thing I want to make me thoroughly comfortable.

पेटकॉफ

[चौंकते हुए और घूमकर उसकी ओर घूमते हुए] आंय? ओह! बिलकुल सही, मेरी प्रिये, बिलकुल सही। [वह अपने अख़बार को उठाता है, लेकिन उसे फिर से गिरा देता है] ओह, तुम अभियान पर नहीं गई हो, कैथरिन: तुम्हें नहीं मालूम है कि एक अच्छे दोपहर के खाने के बाद हमारे लिए यहाँ बैठकर, खुद का लुफ्त उठाने के अलावा करने के लिए कुछ न होना कितना आनंदप्रद है। पूरी तरह राहत देने के लिए मुझे केवल एक चीज चाहिए।

CATHERINE.

What is that?

कैथरिन

वह क्या है?

PETKOFF.

My old coat. I'm not at home in this one: I feel as if I were on parade.

पेटकॉफ

मेरा पुराना कोट। मुझे इसमें घर जैसा नहीं लगता है। मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं जुलूस में हूँ।

CATHERINE.

My dear Paul, how absurd you are about that old coat! It must be hanging in the blue closet where you left it.

कैथरिन

मेरे प्रिय पॉल, अपने उस पुराने कोट के लिए तुम कितनी बेतुकी बात करते हो! वह उसी नीली आलमारी में लटका होगा जहाँ तुमने उसे छोड़ा था।

PETKOFF.

My dear Catherine, I tell you I've looked there. Am I to believe my own eyes or not? [Catherine quietly rises and presses the button of the electric bell by the fireplace.] What are you shewing off that bell for? [She looks at him majestically, and silently resumes her chair and her needlework.] My dear: if you think the obstinacy of your sex can make a coat out of two old dressing gowns of Raina's, your waterproof, and my mackintosh, you're mistaken.

That's exactly what the blue closet contains at present. [Nicola presents himself.]

पेटकॉफ

मेरी प्यारी कैथरिन, मैं तुम्हें बता रहा हूँ कि मैंने इसे वहाँ देखा। क्या मुझे अपनी खुद की आँखों पर विश्वास करना चाहिए या नहीं? [कैथरिन चुपचाप उठती है और अँगीठी के पास की बिजली वाली घंटी के बटन को दबाती है।] तुम उस घंटी का दिखावा किसलिए कर रही हो? [वह उसकी तरफ, राजसी ढंग से देखती है, और चुपचाप अपनी कुर्सी पर बैठकर अपना सूई का काम पुनः शुरू करती है।] मेरी प्रिये: अगर तुम सोचती हो कि तुम्हारी स्त्रीजाति की जिद से रायना के दो पुराने ड्रेसिंग-गाउन से एक कोट, तुम्हारा जलरोधक कपड़ा और मेरा बरसाती बन सकता है, तो तुम गलत हो। बिलकुल यही चीज नीली वाली आलमारी में इस समय रखती है। [निकोला खुद को पेश करता है]

CATHERINE

[unmoved by Petkoff's sally]. Nicola: go to the blue closet and bring your master's old coat here--the braided one he usually wears in the house.

कैथरिन

[पेटकॉफ के प्रवचन अप्रभावित रहते हुए] निकोला: नीली आलमारी के पास जाओ और अपने मालिक का पुराना कोट यहाँ लेकर आओ–गूँथा वाला जिसे वह घर में सामान्यतः पहनते हैं।

NICOLA.

Yes, madam. [Nicola goes out.]

निकोला

जी, मैडम। [निकोला बाहर जाता है।]

PETKOFF.

Catherine.

पेटकॉफ

कैथरिन।

CATHERINE.

Yes, Paul?

कैथरिन

हाँ, पॉल?

PETKOFF.

I bet you any piece of jewellery you like to order from Sophia against a week's housekeeping money, that the coat isn't there.

पेटकॉफ

मैं तुमसे हफ्तेभर के घर-खर्च की राशि के बराबर के किसी भी आभूषण, जिसको तुम सोफिया से मंगवाना चाहो, की शर्त लगाता हूँ, कि वह कोट वहाँ नहीं है।

CATHERINE.

Done, Paul.

कैथरिन

सौदा पक्का रहा, पॉल।

PETKOFF

[excited by the prospect of a gamble]. Come: here's an opportunity for some sport. Who'll bet on it? Bluntschli: I'll give you six to one.

पेटकॉफ

[जुए की संभावना से जोश में आते हुए] चलो: यहाँ किसी खेल का एक अवसर है। कौन इसपर शर्त लगाएगा? ब्लंटश्ली: मैं तुम्हें एक पर छह दूंगा।

BLUNTSCHLI

[imperturbably]. It would be robbing you, Major. Madame is sure to be right. [Without looking up, he passes another batch of papers to Sergius.]

ब्लंटश्ली

[अविचिलित होते हुए] यह आपको लूटना होगा, मेजर। मैडम निश्चित रूप से सही होंगी। [बिना ऊपर देखे, जैसे वह सर्जियस को कागजों का अगला जत्था देता है]

SERGIUS

[also excited]. Bravo, Switzerland! Major: I bet my best charger against an Arab mare for Raina that Nicola finds the coat in the blue closet.

सर्जियस

[भी जोश में आते हुए] शाबाश, स्विट्ज़रलंडवासी! मेजर; मैं एक अरबी घोड़ी के विरुद्ध अपने सबसे अच्छे घोड़े का

दांव लगाता हूँ कि निकोला नीली आलमारी में कोट को खोज लेगा।

PETKOFF

[eagerly]. Your best char--

पेटकॉफ

[इच्छुकता से] तुम्हारा सबसे अच्छा घोड़--

CATHERINE

[hastily interrupting him]. Don't be foolish, Paul. An Arabian mare will cost you 50,000 levas.

कैथरिन

[जल्दबाजी में उसे रोकते हुए] बेवकूफ मत बनो, पॉल। एक अरबी घोड़ी तुम्हें 50,000 लेवस की पड़ेगी।

RAINA

[suddenly coming out of her picturesque revery]. Really, mother, if you are going to take the jewellery, I don't see why you should grudge me my Arab.

रायना

[अचानक अपने खूबसूरत स्वप्न से निकलती हुई] सचमुच, माँ, यदि आप आभूषण लेने वाली हैं, मैं नहीं समझ पा रही हूँ कि आपको मेरी अरबी घोड़ी से जलन क्यों हो रही हैं।

[Nicola comes back with the coat and brings it to Petkoff, who can hardly believe his eyes.]

[निकोला कोट के साथ वापस आता है और पेटकॉफ के पास ले जाता है, जो अपनी आँखों पर मुश्किल से यकीन कर पाता है।]

CATHERINE.

Where was it, Nicola?

कैथरिन

यह कहाँ था, निकोला?

NICOLA.

Hanging in the blue closet, madam.

निकोला

नीली आलमारी में टंगा था, मैडम।

PETKOFF.

Well, I am d--

पेटकॉफ

खैर, मैं तो लुट--

CATHERINE

[stopping him]. Paul!

कैथरिन

[उसे रोकते हुए] पॉल!

PETKOFF.

I could have sworn it wasn't there. Age is beginning to tell on me. I'm getting hallucinations. [To Nicola.] Here: help me to change. Excuse me, Bluntschli. [He begins changing coats, Nicola acting as valet.] Remember: I didn't take that bet of yours, Sergius. You'd better give Raina that Arab steed yourself, since you've roused her expectations. Eh, Raina? [He looks round at her; but she is again rapt in the landscape. With a little gush of paternal affection and pride, he points her out to them and says] She's dreaming, as usual.

पेटकॉफ

मैं कसम खाकर कह सकता था कि यह वहाँ नहीं था। मेरी उम्र ने बोलना शुरू कर दिया है। मुझे मतिभ्रम होने लगा है। [निकोला से] यहाँ: मेरी कपड़ा बदलने में मदद करो। मुझे माफ़ करना, ब्लंटश्ली। [वह कोट बदलना शुरू करता है, निकोला निजी सेवक का काम करने लगता है।] याद रखना: मैंने तुम्हारी शर्त नहीं स्वीकारी, सर्जियस। तुम्हें खुद ही रायना को वह अरबी घोड़ा देना होगा, क्योंकि तुमने उसकी उम्मीदों को जगा दिया। है न, रायना? [वह उसकी ओर देखता है; लेकिन वह भूदृश्य में पुनः डूबी हुई है। पितृस्नेह और फक्र के हलके झोंके में, वह उन लोगों को उसकी ओर दिखाता है और कहता है] वह हमेशा की तरह ख्वाब देख रही है।

SERGIUS.

Assuredly she shall not be the loser.

सर्जियस

निश्चित रूप से वह हारेगी नहीं[85]।

PETKOFF.

So much the better for her. I shan't come off so cheap, I expect. [The change is now complete. Nicola goes out with the discarded coat.] Ah, now I feel at home at last. [He sits down and takes his newspaper with a grunt of relief.]

पेटकॉफ

उसके लिए यह और भी अच्छा होगा। मुझे अंदेशा है, कि मुझे इतने सस्ते में छुटकारा नहीं मिलेगा। [अब कपड़ों को बदला जा चुका है। निकोला उतारे गए कोट के साथ बाहर चला जाता है] आह, अब अंततः मुझे घर जैसा लग रहा है। [वह बैठ जाता है और एक राहतभरे स्वर से अख़बार ले लेता है।]

BLUNTSCHLI

[to Sergius, handing a paper]. That's the last order.

ब्लंटश्ली

[एक कागज देते हुए सर्जियस से] यह अंतिम आदेश है।

PETKOFF

[jumping up]. What! finished?

पेटकॉफ

[उछलते हुए] क्या! ख़त्म हो गया?

---

[85] रायना को वह अरबी घोड़ा जरूर मिलेगा।

BLUNTSCHLI.

Finished. [Petkoff goes beside Sergius; looks curiously over his left shoulder as he signs; and says with childlike envy] Haven't you anything for me to sign?

ब्लंटश्ली

ख़त्म हो गया। [पेटकॉफ सर्जियस के बगल में जाता है; और उसके हस्ताक्षर करते समय उसके बाएं कंधे पर से जिज्ञासा से झांकता है; और बच्चों जैसी ईर्ष्या से कहता है] क्या तुम्हारे पास मेरे हस्ताक्षर के लिए कुछ नहीं है?

BLUNTSCHLI.

Not necessary. His signature will do.

ब्लंटश्ली

जरूरत नहीं है। इसके हस्ताक्षर से काम हो जाएगा।

PETKOFF.

Ah, well, I think we've done a thundering good day's work. [He goes away from the table.] Can I do anything more?

पेटकॉफ

ओह, खैर, मुझे लगता है हमने अच्छे-खासे दिनभर का एक बड़ा काम किया है। [वह मेज से दूर चला जाता है] क्या मैं कुछ और कर सकता हूँ?

BLUNTSCHLI.

You had better both see the fellows that are to take these. [To Sergius.] Pack them off at once; and shew them that I've marked on the orders the time they should hand them in by. Tell them that if they stop to drink or tell stories--if they're five minutes late, they'll have the skin taken off their backs.

ब्लंटश्ली

अच्छा होगा, आप दोनों देखें, इनको कौन लोग लेंगे। [सर्जियस से] इन्हें तुरंत लिफ़ाफ़े में बंद कर दो। और उन्हें दिखा देना कि मैंने आदेशों पर चिह्नित कर दिया है कि किस समय तक इन्हें सौंपना हैं। उन्हें बता देना कि यदि वे शराब पीने अथवा कहानियाँ सुनाने के लिए रुके–अगर वे पाँच मिनट भी देरी करते हैं, तो मैं उनकी पीठ की चमड़ी उधेड़वा दूँगा।

SERGIUS

[rising indignantly]. I'll say so. And if one of them is man enough to spit in my face for insulting him, I'll buy his discharge and give him a pension. [He strides out, his humanity deeply outraged.]

सर्जियस

[उग्रता से उठते हुए] मैं ऐसा कह दूंगा। और यदि उनमें से एक भी इतना मर्द हुआ कि अपने अपमान के लिए मेरे चेहरे पर थूक दे, तो मैं उसकी बर्खास्तगी खरीद लूँगा और उसे निवृत्ति वेतन दे दूंगा। [अपनी इंसानियत पर गहरी चोट लिए, लम्बे कदम लेते हुए बाहर चला जाता है]

BLUNTSCHLI

[confidentially]. Just see that he talks to them properly, Major, will you?

ब्लंटश्ली

[गोपनीयता से] केवल यह देखिएगा कि वह उनसे कायदे से बात करे। क्या आप ऐसा करेंगे मेजर?

PETKOFF

[officiously]. Quite right, Bluntschli, quite right. I'll see to it. [He goes to the door importantly, but hesitates on the threshold.] By the bye, Catherine, you may as well come, too. They'll be far more frightened of you than of me.

पेटकॉफ

[कर्तव्यनिष्ठा से] बिलकुल सही, ब्लंटश्ली, बिलकुल सही। मैं इसे देखूँगा। [वह दरवाजे पर शानदार तरीके से जाता है, लेकिन दहलीज पर रुक जाता है] अरे हाँ, कैथरिन, तुम भी आ सकती हो। वे मेरी अपेक्षा तुमसे ज्यादा भयभीत होंगे।

CATHERINE

[putting down her embroidery]. I daresay I had better. You will only splutter at them. [She goes out, Petkoff holding the door for her and following her.]

कैथरिन

[अपनी कशीदाकारी को नीचे रखते हुए] मैं मानती हूँ मेरे लिए यह बेहतर होगा। तुम केवल उनपर बड़बड़ाओगे । [वह बाहर जाती है। पेटकॉफ उसके लिए दरवाजा खोले रहता है और उसके पीछे जाता है।]

BLUNTSCHLI.

What a country! They make cannons out of cherry trees; and the officers send for their wives to keep discipline! [He begins to fold and docket the papers. Raina, who has risen from the divan, strolls down the room with her hands clasped behind her, and looks mischievously at him.]

ब्लंटश्ली

क्या देश है! वे चेरी के पेड़ों से बन्दूक बना लेते हैं[86]; और अधिकारी अनुशासन रखने के लिए अपनी पत्नियों को बुलवाते हैं! [वह कागजों को मोड़ने और सूचीबद्ध लगता है। रायना, जो दीवान से उठ गई है, अपनी पीछे हाथ बांधे कमरे में चहलकदमी करने लगती है और उसकी ओर शरारत से देखती है।]

RAINA.

You look ever so much nicer than when we last met. [He looks up, surprised.] What have you done to yourself?

रायना

---

[86] Cherry cannon-यह उल्लेख "चेरेशोवो टोप्श" (बल्गेरियन: черешово топче) के सन्दर्भ में है। यह बल्गेरिया में निर्मित प्रसिद्ध लकड़ी की तोप थी जिसका इस्तेमाल सन 1876 में बल्गेरिया के बागियों द्वारा ऑटोमन सेना के खिलाफ किया गया था। इसको दागने वाला व्यक्ति मौत का शिकार हो जाता था क्योंकि यह तोप दागे जाने पर प्रतिविस्फोट करती है। इस तोप को बल्गेरिया का आम प्रतीक माना जाता है।

तुम हमारी आखिरी मुलाक़ात की अपेक्षा इतने ज्यादा अच्छे दिखते हो। [वह आश्चर्य से ऊपर देखता है] तुमने अपने साथ क्या किया है?

BLUNTSCHLI.

Washed; brushed; good night's sleep and breakfast. That's all.

ब्लंटश्ली

नहाया; ब्रश किया; अच्छी नींद सोया और नाश्ता किया। बस इतना ही किया।

RAINA.

Did you get back safely that morning?

रायना

क्या तुम उस सुबह सुरक्षित वापस पहुँच गए थे?

BLUNTSCHLI.

Quite, thanks.

ब्लंटश्ली

बिलकुल, शुक्रिया।

RAINA.

Were they angry with you for running away from Sergius's charge?

रायना

सर्जियस के हमले से भाग जाने के लिए क्या वे तुमसे नाराज हुए?

BLUNTSCHLI.

No, they were glad; because they'd all just run away themselves.

ब्लंटश्ली

नहीं, वे खुश हुए। क्योंकि वे सभी खुद भी बस भाग गए थे।

RAINA

[going to the table, and leaning over it towards him]. It must have made a lovely story for them--all that about me and my room.

रायना

[मेज के पास जाकर उसके सहारे उसकी[87] ओर झुकते हुए।] यह उनके लिए एक अच्छी कहानी रही होगी–वह सब जो मेरे और मेरे कमरे के बारे में थी।

BLUNTSCHLI.

Capital story. But I only told it to one of them--a particular friend.

ब्लंटश्ली

बढ़िया कहानी थी। लेकिन मैंने इसे केवल उनमें से एक को बताई–एक ख़ास दोस्त को।

---

[87] ब्लंटश्ली की ओर

RAINA.

On whose discretion you could absolutely rely?

रायना

जिसकी समझदारी पर तुम पूरी तरह विश्वास कर सकते थे?

BLUNTSCHLI.

Absolutely.

ब्लंटश्ली

बिलकुल।

RAINA.

Hm! He told it all to my father and Sergius the day you exchanged the prisoners. [She turns away and strolls carelessly across to the other side of the room.]

रायना

हम्म! उसने वह सब मेरे पिता और सर्जियस को उसी दिन बता दिया जब तुमने कैदियों की अदला-बदली की। [वह घूम जाती है और लापरवाही से कमरे की दूसरी तरफ जाने लगती है।]

BLUNTSCHLI

[deeply concerned and half incredulous]. No! you don't mean that, do you?

ब्लंटश्ली

[गहरी चिंता और आधे अविश्वास से] नहीं! आपका यह मतलब नहीं है, है न?

RAINA

[turning, with sudden earnestness]. I do indeed. But they don't know that it was in this house that you hid. If Sergius knew, he would challenge you and kill you in a duel.

रायना

[अचानक गंभीरता से मुड़ते हुए] मेरा बिलकुल यही मतलब है। लेकिन उन्हें नहीं मालूम था कि यह वही घर था जिसमें तुम छिपे थे। अगर सर्जियस को मालूम होता, तो वह तुम्हें ललकारता और एक द्वंद्व में मार देता।

BLUNTSCHLI.

Bless me! then don't tell him.

ब्लंटश्ली

मुझपर कृपा करिए! तब उसे मत बताइये।

RAINA

[full of reproach for his levity]. Can you realize what it is to me to deceive him? I want to be quite perfect with Sergius--no meanness, no smallness, no deceit. My relation to him is the one really beautiful and noble part of my life. I hope you can understand that.

रायना

[उसके क्षुद्रता पर भर्त्सना से भरकर] क्या तुम्हें मालूम है कि मेरे लिए उसको धोखा देना क्या है? मैं सर्जियस के साथ बिलकुल खरी रहना चाहती हूँ–कोई स्वार्थ नहीं, कोई नीचता नहीं, कोई छल नहीं। मेरे साथ उसका रिश्ता सचमुच खूबसूरत है और मेरी जिंदगी का महान हिस्सा है। मैं आशा करती हूँ कि तुम इसे समझ सकते हो।

BLUNTSCHLI

[sceptically]. You mean that you wouldn't like him to find out that the story about the ice pudding was a--a--a--You know.

ब्लंटश्ली

[संशयपूर्ण ढंग से] आपका मतलब है कि आपन नहीं चाहेंगी कि आइस-पुडिंग के बारे में वह कहानी एक–एक–एक– आप समझ रही हैं।

RAINA

[wincing]. Ah, don't talk of it in that flippant way. I lied: I know it. But I did it to save your life. He would have killed you. That was the second time I ever uttered a falsehood. [Bluntschli rises quickly and looks doubtfully and somewhat severely at her.] Do you remember the first time?

रायना

[चिढ़ते हुए] आह, इसके बारे में इस सहजता से मत बोलो। मैंने झूठ बोला। मैं इसे जानती हूँ। लेकिन मैंने इसे तुम्हारी जान बचाने के लिए किया था। उसने तुम्हें मार दिया होता। यह दूसरी बार था जब मैंने कभी एक झूठ बोला था। [ब्लंटश्ली

तेजी से उठता है और उसकी ओर सन्देहपूर्वक और कुछ हद तक कठोरता से देखता है] क्या तुम्हें पहली बार याद है?

BLUNTSCHLI.

I! No. Was I present?

ब्लंटश्ली

मैं! नहीं। क्या मैं मौजूद था?

RAINA.

Yes; and I told the officer who was searching for you that you were not present.

रायना

हाँ; और मैंने तुम्हारी तलाश करने वाले अधिकारी से बोला था कि तुम मौजूद नहीं थे।

BLUNTSCHLI.

True. I should have remembered it.

ब्लंटश्ली

सच है। मुझे यह याद रखना चाहिए था।

RAINA

[greatly encouraged]. Ah, it is natural that you should forget it first. It cost you nothing: it cost me a lie!--a lie!! [She sits down on the ottoman, looking straight before her with her hands clasped on her knee. Bluntschli, quite touched, goes to the ottoman

with a particularly reassuring and considerate air, and sits down beside her.]

रायना

[बहुत उत्तेजित होकर] ओह, यह स्वाभाविक है कि तुम्हें इसे पहले भूल गए। इसमें तुम्हारा कोई नुकसान नहीं हुआ। मुझे इसकी कीमत झूठ से चुकानी पड़ी!–एक झूठ से! [वह ऑटोमन पर बैठ जाती है, और अपने आगे अपने घुटनों पर हाथ बांधे देखती है। ब्लंटश्ली, काफी प्रभावित होकर, खासी सांत्वना देने वाले और फिक्रमंद रंग-ढंग से, ऑटोमन के पास जाता है और उसके बगल में बैठ जाता है।]

BLUNTSCHLI.

My dear young lady, don't let this worry you. Remember: I'm a soldier. Now what are the two things that happen to a soldier so often that he comes to think nothing of them? One is hearing people tell lies [Raina recoils]: the other is getting his life saved in all sorts of ways by all sorts of people.

ब्लंटश्ली

मेरी प्यारी युवा लेडी, खुद को इससे चिंतित मत होने दीजिये। याद रखिये। मैं एक सैनिक हूँ। अब वे कौन-सी दो चीजें हैं जो एक सैनिक के साथ इतनी ज्यादा होती हैं कि वह उनके बारे में बिलकुल नहीं सोचता है? एक है, यह सुनना कि लोग झूठ बोलते है [रायना ठिठक जाती है]। और दूसरी है, अपनी जिंदगी का कई तरह के लोगों द्वारा, कई तरीके से बचाया जाना।

RAINA

[rising in indignant protest]. And so he becomes a creature incapable of faith and of gratitude.

रायना

[रुष्ट नापसंदगी से उठते हुए] और इस तरह वह विश्वास और कृतज्ञता में असमर्थ जीव बन जाता है।

BLUNTSCHLI

[making a wry face]. Do you like gratitude? I don't. If pity is akin to love, gratitude is akin to the other thing.

ब्लंटश्ली

[एक विकृत मुंह बनाते हुए] क्या तुम्हें कृतज्ञता पसंद है? मुझे नहीं है। अगर दया प्रेम जैसी है, कृतज्ञता दूसरी चीज जैसी है।

RAINA.

Gratitude! [Turning on him.] If you are incapable of gratitude you are incapable of any noble sentiment. Even animals are grateful. Oh, I see now exactly what you think of me! You were not surprised to hear me lie. To you it was something I probably did every day--every hour. That is how men think of women. [She walks up the room melodramatically.]

रायना

कृतज्ञता! [उसकी ओर मुड़ते हुए] अगर तुम कृतज्ञता में असमर्थ होते हो तो तुम किसी भी नेक भावना में असमर्थ होते हो। जानवर भी एहसानमंद होते हैं। ओह, अब मैं सही–से देख सकती हूँ कि तुम मेरे बारे में क्या सोचते हो! तुम मुझे

झूठ बोलते सुनकर चकित नहीं थे। तुम्हारे लिया यह कोई ऐसी चीज थी जिसे मैं शायद हर रोज–हर घंटे करती थी। इसी तरह आदमी औरतों के बारे में सोचते हैं। [वह कमरे में अतिनाटकीय तरीके से चलती है]

BLUNTSCHLI

[dubiously]. There's reason in everything. You said you'd told only two lies in your whole life. Dear young lady: isn't that rather a short allowance? I'm quite a straightforward man myself; but it wouldn't last me a whole morning.

ब्लंटश्ली

[अनिश्चितता से] हर चीज में कोई वजह होती है। तुमने कहा कि तुमने अपनी पूरी जिन्दगी में सिर्फ दो झूठ बोले हैं। प्यारी युवा लेडी। क्या यह एक बहुत ही छोटी छूट नहीं है? मैं खुद भी एक बहुत स्पष्टवादी आदमी हूँ। लेकिन मैं इससे एक पूरी सुबह नहीं जिन्दा रह सकता हूँ।

RAINA

[staring haughtily at him]. Do you know, sir, that you are insulting me?

रायना

[उसकी ओर अहंकार से घूरते हुए] क्या आपको मालूम है, श्रीमान, आप मेरी बेइज्जती कर रहे हैं?

BLUNTSCHLI.

I can't help it. When you get into that noble attitude and speak in that thrilling voice, I admire you; but I find it impossible to believe a single word you say.

ब्लंटश्ली

मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता हूँ। जब आप इस महान मुद्रा में आ जाती हैं और उस रोमांचक आवाज में बोलती हैं, तो मैं आपकी सराहना करता हूँ; लेकिन मुझे आपके एक भी शब्द पर विश्वास करना असंभव लगता है।

RAINA

[superbly]. Captain Bluntschli!

रायना

[घमंड से] कैप्टेन ब्लंटश्ली!

BLUNTSCHLI

[unmoved]. Yes?

ब्लंटश्ली

[अप्रभावित रहते हुए] हाँ?

RAINA

[coming a little towards him, as if she could not believe her senses]. Do you mean what you said just now? Do you know what you said just now?

रायना

[उसकी तरफ थोड़ा आते हुए, जैसे वह अपनी इन्द्रियों पर विश्वास नहीं कर पा रही हो] आपने जो अभी कहा क्या आपका यही मतलब था? क्या आप जानते हैं आपने अभी क्या कहा?

BLUNTSCHLI.

I do.

ब्लंटश्ली

मैं जानता हूँ।

RAINA

[gasping]. I! I!!! [She points to herself incredulously, meaning "I, Raina Petkoff, tell lies!" He meets her gaze unflinchingly. She suddenly sits down beside him, and adds, with a complete change of manner from the heroic to the familiar] How did you find me out?

रायना

[हाँफते हुए] मैं! मैं!!! [वह खुद कि तरफ अविश्वास से इशारा करती है, जैसे उसका मतलब हो "मैं, रायना पेटकॉफ, झूठ बोलती हूँ!" वह उसकी टकटकी का बेहिचक सामना करता है। वह अचानक उसके बगल में बैठ जाती है, ओजपूर्ण भाषा से पूरी तरह बदलकर परिचित ढंग से आगे बोलती है] तुमने मुझे कैसे पकड़ा?

BLUNTSCHLI

[promptly]. Instinct, dear young lady. Instinct, and experience of the world.

ब्लंटश्ली

[तुरंत जवाब देते हुए] सहजज्ञान, प्यारी युवा लेडी। सहजज्ञान और दुनिया का तजुर्बा।

RAINA

[wonderingly]. Do you know, you are the first man I ever met who did not take me seriously?

रायना

[आश्चर्य से] क्या तुम्हें मालूम है, तुम पहले आदमी हो, जिससे मेरी कभी मुलाक़ात हुई, जिसने मुझे गंभीरता से नहीं लिया?

BLUNTSCHLI.

You mean, don't you, that I am the first man that has ever taken you quite seriously?

ब्लंटश्ली

आपका मतलब यह है न, कि मैं पहला आदमी हूँ जिसने कभी भी आपको बिलकुल गंभीरता से लिया।

RAINA.

Yes, I suppose I do mean that. [Cosily, quite at her ease with him.] How strange it is to be talked to in such a way! You know, I've always gone on like that--I mean the noble attitude and the thrilling voice. I did it when I was a tiny child to my nurse. She believed in it. I do it before my parents. They believe in it. I do it before Sergius. He believes in it.

रायना

हाँ, मुझे लगता है मेरा यही मतलब है। [आराम से उसके साथ बिलकुल खुद तनावमुक्त होते हुए] कितना अजीब है इस तरह किसी से बात करना! तुम जानते हो, मैं हमेशा इसी तरह बात करती रही हूँ–मेरा मतलब है, महान रवैये और रोमांचक आवाज में। मैंने ऐसा तब किया जब मैं अपनी नर्स के लिए छोटी बच्ची थी। उसने इसपर विश्वास कर लिया। मैं अपने माता-पिता के आगे करती हूँ। वे इसपर विश्वास करते हैं। मैं

सर्जियस के सामने ऐसा करती हूँ। वह इसपर विश्वास कर लेता है।

BLUNTSCHLI.

Yes: he's a little in that line himself, isn't he?

ब्लंटश्ली

हाँ। वह खुद भी थोड़ा इसी कतार में है, है न?

RAINA

[startled]. Do you think so?

रायना

[चौंकते हुए] क्या तुम्हें ऐसा लगता है?

BLUNTSCHLI.

You know him better than I do.

ब्लंटश्ली

आप उसे मुझसे बेहतर जानती हैं।

RAINA.

I wonder--I wonder is he? If I thought that--! [Discouraged.] Ah, well, what does it matter? I suppose, now that you've found me out, you despise me.

रायना

मैं ताज्जुब करती हूँ–मैं ताज्जुब करती हूँ क्या वह ऐसा है? अगर मुझे ऐसा लगता कि–! [हताश होते हुए] ओह, खैर,

इससे क्या फर्क पड़ता है? मुझे लगता है, अब जब तुमने मुझे पकड़ लिया है, तुम मुझसे घृणा करते होगे।

BLUNTSCHLI

[warmly, rising]. No, my dear young lady, no, no, no a thousand times. It's part of your youth--part of your charm. I'm like all the rest of them--the nurse--your parents--Sergius: I'm your infatuated admirer.

ब्लंटश्ली

[स्नेह से उठते हुए] नहीं, मेरी प्यारी युवा लेडी, नहीं, नहीं, एक हजार बार नहीं। यह आपके यौवन का हिस्सा है–आपके आकर्षण का हिस्सा है। मैं उन बाकी सभी की तरह हूँ–नर्स–आपके माता-पिता–सर्जियस; मैं आपका प्रेमांध प्रशंसक हूँ।

RAINA

[pleased]. Really?

रायना

[खुश होते हुए] वाकई?

BLUNTSCHLI

[slapping his breast smartly with his hand, German fashion]. Hand aufs Herz! Really and truly.

ब्लंटश्ली

[अपनी छाती को अपने हाथ से जर्मन अंदाज में चुस्ती से ठोकते हुए] हैण्ड औव्ज़ हर्ट्ज़[88]! वाकई और सचमुच।

RAINA

[very happy]. But what did you think of me for giving you my portrait?

रायना

[बहुत खुश होते हुए] लेकिन तुमने मेरे द्वारा तुम्हें अपनी तस्वीर देने के बारे में क्या सोचा?

BLUNTSCHLI

[astonished]. Your portrait! You never gave me your portrait.

ब्लंटश्ली

[चकित होते हुए] आपकी तस्वीर! आपने मुझे कभी भी अपनी तस्वीर नहीं दी।

RAINA

[quickly]. Do you mean to say you never got it?

रायना

[तेजी से] आपका कहने का मतलब है कि आपको वह बिलकुल नहीं मिली?

BLUNTSCHLI.

---

88 Hand aufs Herz–दिल पर हाथ रखकर कहता हूँ।

No. [He sits down beside her, with renewed interest, and says, with some complacency.] When did you send it to me?

ब्लंटश्ली

नहीं। [वह उसे बगल में, नयी जिज्ञासा से बैठ जाता है और कुछ शांति से बोलता है] आपने मुझे वह कब भेजी?

RAINA

[indignantly]. I did not send it to you. [She turns her head away, and adds, reluctantly.] It was in the pocket of that coat.

रायना

[क्रोध से] मैंने उसे तुम्हें नहीं भेजा। [वह अपना सिर घुमा लेती है, और अनिच्छा से आगे बोलती है] वह उस कोट की जेब में थी।

BLUNTSCHLI

[pursing his lips and rounding his eyes]. Oh-o-oh! I never found it. It must be there still.

ब्लंटश्ली

[अपने होंठ काटते हुए और अपनी आँखें चौड़ी करते हुए] ओह-ओ-ओह! वह मुझे बिलकुल नहीं मिली। वह अभी भी वहीं होगी।

RAINA

[springing up]. There still!--for my father to find the first time he puts his hand in his pocket! Oh, how could you be so stupid?

रायना

[उछलते हुए] अभी भी वहीं!–क्योंकि मेरे पिता अपनी जेब में हाथ डालते ही पहली बार में खोज लेंगे! ओह, तुम इतने बेवकूफ कैसे हो सकते हो?

BLUNTSCHLI

[rising also]. It doesn't matter: it's only a photograph: how can he tell who it was intended for? Tell him he put it there himself.

ब्लंटश्ली

[भी उठते हुए] इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह केवल एक तस्वीर है। वह कैसे बता पायेंगे, वह किसके लिए थी? उन्हें बता देना कि उन्होंने उसे खुद वहाँ रखा होगा।

RAINA

[impatiently]. Yes, that is so clever--so clever! What shall I do?

रायना

[बेचैनी से] हाँ, यह इतना चालाकीपूर्ण है–इतना चालाकीपूर्ण! मैं क्या करूँ?

BLUNTSCHLI.

Ah, I see. You wrote something on it. That was rash!

ब्लंटश्ली

ओह, मैं समझ गया। आपने उसपर कुछ लिखा है। ये लापरवाह था!

RAINA

[annoyed almost to tears]. Oh, to have done such a thing for you, who care no more--except to laugh at me--oh! Are you sure nobody has touched it?

रायना

[परेशानी से लगभग रोते हुए] ओह, मैंने तुम्हारे लिए ऐसी चीज की, जिसे सिवाय मुझपर हँसने के बिलकुल भी परवाह नहीं है! क्या तुम्हें यकीन है कि उसे किसी ने भी नहीं छुआ?

BLUNTSCHLI.

Well, I can't be quite sure. You see I couldn't carry it about with me all the time: one can't take much luggage on active service.

ब्लंटश्ली

खैर, मैं बिलकुल यकीन से नहीं कह सकता। आप देख सकती हैं कि मैं उसे हर घड़ी अपने साथ नहीं ले जा सकता था। कोई नौकरी में कार्यरत होते हुए ज्यादा साज-समान नहीं ले जा सकता है।

RAINA.

What did you do with it?

रायना

तुमने उसके साथ क्या किया था?

BLUNTSCHLI.

When I got through to Peerot I had to put it in safe keeping somehow. I thought of the railway cloak room; but that's the surest place to get looted in modern warfare. So I pawned it.

ब्लंटश्ली

जब मैं पीरो से गुजरा तो मुझे उसे किसी तरह की सुरक्षित जगह पर रखना था। मैंने रेलवे की लबादा-कक्ष के बारे में सोचा; लेकिन वह आधुनिक युद्धों में लूटी जाने वाली सबसे पक्की जगह होती है। इसलिए मैंने उसे गिरवी रख दिया था।

RAINA.

Pawned it!!!

रायना

उसे गिरवी रख दिया!!!

BLUNTSCHLI.

I know it doesn't sound nice; but it was much the safest plan. I redeemed it the day before yesterday. Heaven only knows whether the pawnbroker cleared out the pockets or not.

ब्लंटश्ली

मुझे मालूम है यह सुनने में अच्छा नहीं लगता; लेकिन यह काफी सुरक्षित योजना थी। मैंने इससे परसों ही छुड़ाया था। केवल ईश्वर ही जानता है कि क्या गिरवी-दलाल ने इसकी जेबों को साफ़ किया था या नहीं।

RAINA

[furious--throwing the words right into his face]. You have a low, shopkeeping mind. You think of things that would never come into a gentleman's head.

रायना

[गुस्से से–उसके मुंह पर भर्त्सना करते हुए] तुम्हारे पास एक घटिया, दुकानदार–वाला दिमाग है। तुम उन चीज़ों को सोचते हो जो एक सज्जन के सिर में कभी नहीं आएँगी।

BLUNTSCHLI

[phlegmatically]. That's the Swiss national character, dear lady.

ब्लंटश्ली

[शान्ति से] यह स्विस लोगों का राष्ट्रीय चरित्र है, प्यारी लेडी।

RAINA.

Oh, I wish I had never met you. [She flounces away and sits at the window fuming.]

रायना

ओह, काश मैं तुमसे कभी भी नहीं मिली होती। [वह आवेश में दूर चली जाती है और खिड़की पर गुस्से से बैठ जाती है।]

[Louka comes in with a heap of letters and telegrams on her salver, and crosses, with her bold, free gait, to the table. Her left sleeve is looped up to the shoulder with a brooch, shewing her naked arm, with a broad gilt bracelet covering the bruise.]

[लूका अपनी थाली पर चिट्ठियों और टेलीग्राम के ढेर के साथ अन्दर आती है, और अपनी निर्भीक, खुली चाल से मेज के पास जाती है।] उसकी बायीं आस्तीन एक सजावटी सेफ्टी-पिन से कंधे तक मुड़ी है, जिससे उसकी नंगी भुजा चोट ढंकने वाले एक चौड़े सुनहरे ब्रेसलेट के साथ दिखती है।

LOUKA

[to Bluntschli]. For you. [She empties the salver recklessly on the table.] The messenger is waiting. [She is determined not to be civil to a Servian, even if she must bring him his letters.]

लूका

[ब्लंटश्ली से] आपके लिए। [वह थाली को लापरवाही से मेज पर खाली कर देती है।] संदेशवाहक इंतजार कर रहा है। [वह एक सर्वियन के प्रति विनम्र न होने के लिए अटल है, भले ही उसे उसके लिए चिट्ठियाँ लानी पड़ रही हो]

BLUNTSCHLI

[to Raina]. Will you excuse me: the last postal delivery that reached me was three weeks ago. These are the subsequent accumulations. Four telegrams--a week old. [He opens one.] Oho! Bad news!

ब्लंटश्ली

[रायना से] क्या आप मुझे क्षमा करेंगी। मुझे अंतिम डाक सुपुर्दगी तीन हफ्ते पहले मिली थी। यह उसके बाद का ढेर है। चार टेलीग्राम–एक हफ्ते पुराने। [वह एक को खोलता है।] ओहो! बुरी खबर है!

RAINA

[rising and advancing a little remorsefully]. Bad news?

रायना

[उठते हुए और थोड़ी ग्लानि से आगे बढ़ते हुए] बुरी खबर?

BLUNTSCHLI.

My father's dead. [He looks at the telegram with his lips pursed, musing on the unexpected change in his arrangements.]

ब्लंटश्ली

मेरी पिता मर गए। [अपनी योजना में होने वाले अनपेक्षित परिवर्तन पर विचारमग्न होकर वह टेलीग्राम को अपने होंठ काटते हुए देखता है]

RAINA.

Oh, how very sad!

रायना

ओह, कितने दुःख की बात है!

BLUNTSCHLI.

Yes: I shall have to start for home in an hour. He has left a lot of big hotels behind him to be looked after. [Takes up a heavy letter in a long blue envelope.] Here's a whacking letter from the family solicitor. [He pulls out the enclosures and glances over them.] Great Heavens! Seventy! Two hundred! [In a

crescendo of dismay.] Four hundred! Four thousand!! Nine thousand six hundred!!! What on earth shall I do with them all?

ब्लंटश्ली

हाँ। मुझे घर के लिए एक घंटे में निकलना होगा। वे अपने पीछे संभालने के लिए बहुत सारे बड़े होटल छोड़ गए हैं। [एक लम्बे नीले लिफ़ाफ़े में एक भारी पत्र को उठाता है।] यहाँ परिवार के वकील का भारी-भरकम पत्र है। [वह संलग्न पत्रों को निकालता है और उनपर नजर डालता है] हे ईश्वर! सत्तर! दो सौ! [निराशा के चढ़ते स्वर में] चार सौ! चार हजार! नौ हजार छह सौ!!! भला, मैं इन सब का क्या करूंगा?

RAINA

[timidly]. Nine thousand hotels?

रायना

[झिझकते हुए] नौ हजार होटल?

BLUNTSCHLI.

Hotels! Nonsense. If you only knew!--oh, it's too ridiculous! Excuse me: I must give my fellow orders about starting. [He leaves the room hastily, with the documents in his hand.]

ब्लंटश्ली

होटल! बकवास। काश केवल आप इसे जानती!–ओह, यह बहुत बेहूदा है! मुझे माफ़ कीजियेगा। मुझे अपने साथी को निकलने के लिए आदेश देना होगा। [वह अपने हाथ में दस्तावेज लिए कक्ष से जल्दबाजी में निकलता है।]

LOUKA

[tauntingly]. He has not much heart, that Swiss, though he is so fond of the Servians. He has not a word of grief for his poor father.

लूका

[निंदा करते हुए] वह स्विस, उसके पास ज्यादा दिल नहीं है, हालांकि वह सर्वियन्स को इतना पसंद करता है। उसके पास अपने अभागे पिता के लिए शोक का एक भी शब्द नहीं है।

RAINA

[bitterly]. Grief!--a man who has been doing nothing but killing people for years! What does he care? What does any soldier care? [She goes to the door, evidently restraining her tears with difficulty.]

रायना

[कड़वाहट से] शोक!–एक आदमी जिसने सिवाय वर्षों तक लोगों को मारने के कुछ नहीं किया हो! उसे क्या परवाह होगी? किसी भी सैनिक को क्या परवाह हो सकती है? [वह स्पष्टतः अपने आँसुओं मुश्किल से रोकती हुए दरवाजे की ओर जाती है]

LOUKA.

Major Saranoff has been fighting, too; and he has plenty of heart left. [Raina, at the door, looks haughtily at her and goes out.] Aha! I thought you wouldn't get much feeling out of your soldier. [She is

following Raina when Nicola enters with an armful of logs for the fire.]

लूका

मेजर सैरेनॉफ भी लड़ते आ रहे हैं; और उनके पास काफी दिल बचा है। [रायना, दरवाजे पर उसकी ओर नफरत से देखती है और बाहर चली जाती है] आहा! मुझे लगा आपको अपने सैनिक के प्रति से ज्यादा प्रेम नहीं मिलेगा। [वह रायना के पीछे जा रही होती है जब आग के लिए भुजा-भर लकड़ी के लट्ठों के साथ निकोला प्रवेश करता है।]

NICOLA

[grinning amorously at her]. I've been trying all the afternoon to get a minute alone with you, my girl. [His countenance changes as he notices her arm.] Why, what fashion is that of wearing your sleeve, child?

निकोला

[उसकी ओर प्रेम से दाँत दिखाते हुए] मैं सारी दोपहर तुम्हारे साथ एक मिनट अकेले होने की कोशिश करता रहा, मेरी प्रिये। [उसकी मुखाकृति बदल जाती है जैसे ही वह उसकी भुजा पर गौर करता है] अरे, अपनी आस्तीन को इस तरह पहनने की यह कैसा फैशन है, बच्ची?

LOUKA

[proudly]. My own fashion.

लूका

[गर्व से] मेरा खुद का फैशन है।

NICOLA.

Indeed! If the mistress catches you, she'll talk to you. [He throws the logs down on the ottoman, and sits comfortably beside them.]

निकोला

वाकई! यदि मालकिन ने तुम्हें पकड़ लिया तो वह तुम्हें भाषण देंगी। [वह लकड़ी के लट्ठों को ऑटोमन पर फेंकता है और उनके बगल में आराम से बैठ जाता है।]

LOUKA.

Is that any reason why you should take it on yourself to talk to me?

लूका

क्या यह कोई वजह है कि तुम यह खुद पर मुझे भाषण देने की जिम्मेदारी ले रहे हो?

NICOLA.

Come: don't be so contrary with me. I've some good news for you. [He takes out some paper money. Louka, with an eager gleam in her eyes, comes close to look at it.] See, a twenty leva bill! Sergius gave me that out of pure swagger. A fool and his money are soon parted. There's ten levas more. The Swiss gave me that for backing up the mistress's and Raina's lies about him. He's no fool, he isn't. You should have heard old Catherine downstairs as polite as you please to me, telling me not to mind the Major being a little impatient; for they knew what a good servant

I was--after making a fool and a liar of me before them all! The twenty will go to our savings; and you shall have the ten to spend if you'll only talk to me so as to remind me I'm a human being. I get tired of being a servant occasionally.

निकोला

चलो भी। मेरे इतने खिलाफ मत हो जाओ। मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ अच्छी खबर है। [वह कुछ कागज में धन निकालता है। लूका अपनी आँखों में इच्छुक चमक से, उसे देखने के लिए उसके नजदीक आती है।] देखो, एक बीस लेव का नोट है! सर्जियस ने यह मुझे यह सिर्फ अकड़ की वजह से दे दिया। एक बेवकूफ और उसका धन जल्दी ही अलग-अलग हो जाते हैं। यहाँ दस लेवस और हैं। स्विस ने मुझे यह मालकिन और रायना के झूठों का समर्थन करने के लिए दिया। वह कोई बेवकूफ नहीं है, बिलकुल नहीं। तुमने सुना होगा की बूढी कैथरिन नीचे मेरे साथ उतनी सभ्य थी जितनी तुम मुझे ख़ुशी देती हो, मुझे कह रही थी कि मेजर को थोड़ा बेसब्र होने के लिए बुरा मत मानना; क्योंकि उन्हें मालूम है कि खुद को उन सभी के आगे बेवकूफ और झूठा साबित होने देने की वजह से मैं कितना अच्छा नौकर था! बीस लेवस हमारी बचत में जायेंगे; और दस तुम्हें मिल जायेंगे यदि सिर्फ मुझे यह याद दिलाने के लिए कि मैं एक इंसान हूँ। मैं अकसर नौकर होने से ऊब जाता हूँ।

LOUKA

[scornfully]. Yes: sell your manhood for thirty levas, and buy me for ten! Keep your money. You were born to be a servant. I was not. When you set up your shop you will only be everybody's servant instead of somebody's servant.

लूका

[तिरस्कार से] हाँ: अपनी मर्दानगी को तीस लेवस के लिए बेच दो, और मुझे दस में खरीद लो! अपना धन रखे रहो! तुम नौकर होने के लिए पैदा हुए थे। मैं नहीं। जब तुम अपनी दुकान लगाओगे तब तुम सिर्फ किसी एक के नौकर होने की बजाय सभी के नौकर हो जाओगे।

NICOLA

[picking up his logs, and going to the stove]. Ah, wait till you see. We shall have our evenings to ourselves; and I shall be master in my own house, I promise you. [He throws the logs down and kneels at the stove.]

निकोला

[अपने लकड़ी के लट्ठों को उठाते हुए और चूल्हे की तरफ जाते हुए] ओह, इंतजार करो जब तक तुम देख नहीं लेती। हमारे पास हमारे लिए शाम हुआ करेगी; और मैं अपने खुद के घर का मालिक रहूँगा, मैं तुम्हें वचन देता हूँ। [वह लकड़ी के लट्ठों को नीचे फेंकता हिया और चूल्हे के पास घुटनों के बल खड़ा हो जाता है।]

LOUKA.

You shall never be master in mine. [She sits down on Sergius's chair.]

लूका

तुम कभी भी मेरे मालिक नहीं बनोगे। [वह सर्जियस की कुर्सी पर बैठ जाती है।]

NICOLA

[turning, still on his knees, and squatting down rather forlornly, on his calves, daunted by her implacable disdain]. You have a great ambition in you, Louka. Remember: if any luck comes to you, it was I that made a woman of you.

निकोला

[अभी भी अपने घुटनों पर मुड़ते हुए और उसकी कठोर उपेक्षा से निराश होकर, नीचे काफी बेढंगे तरीके से अपनी पिंडलियों के बल बैठते हुए] तुममें बहुत महत्वाकांक्षा है लूका। यदि कभी किस्मत तुम्हारे साथ होती है, तो याद रखना, वह मैं था जिसने तुम्हें एक औरत बनाया।

LOUKA.

You!

लूका

तुम!

NICOLA

[with dogged self-assertion]. Yes, me. Who was it made you give up wearing a couple of pounds of false black hair on your head and reddening your lips and cheeks like any other Bulgarian girl? I did. Who taught you to trim your nails, and keep your hands clean, and be dainty about yourself, like a fine Russian lady? Me! do you hear that? me! [She tosses her head defiantly; and he rises, ill-humoredly, adding more coolly] I've often thought that if Raina were out of the way, and you just a little less of a fool and Sergius just a little more of one, you might

come to be one of my grandest customers, instead of only being my wife and costing me money.

निकोला

[दृढ़ता से खुद का दावा करते हुए] हाँ, मैं। वह कौन था जिसने तुम्हें किसी और बल्गेरियन लड़की की तरह, खुद के सिर पर पहनने के लिए दो पौंड के नकली काले बल दिए और होंठों और गालों की लाली दी? मैंने। किसने तुम्हें एक बढ़िया रशियन लेडी की तरह नाखून काटना, और अपने हाथों को साफ रखना और अपने आसपास सभ्य रहना सिखाया? मैंने! क्या तुम यह सुन रही हो? मैंने! [वह अपने सिर को अवज्ञापूर्ण होकर उठाती है; और वह चिड़चिड़ा कर उठते हुए अक्खड़ता से आगे बोलता है।] मैं अकसर सोचा करता हूँ कि यदि रायना रस्ते से हट जाए और तुम थोड़ी कम और सर्जियस थोड़ा ज्यादा बेवकूफ हो जाए, तो तुम सिर्फ मेरी पत्नी बनकर मेरा धन खर्च करवाने की बजाय, मेरी सबसे बड़ी ग्राहक बन सकती हो।

LOUKA.

I believe you would rather be my servant than my husband. You would make more out of me. Oh, I know that soul of yours.

लूका

मुझे लगता है कि तुम मेरे पति बनने की अपेक्षा मेरा नौकर बनना पसंद करोगे। तुम मेरे द्वारा ज्यादा कमा लोगे! ओह, मैं तुम्हारी इस आत्मा से वाकिफ हूँ।

NICOLA

[going up close to her for greater emphasis]. Never you mind my soul; but just listen to my advice. If you

want to be a lady, your present behaviour to me won't do at all, unless when we're alone. It's too sharp and impudent; and impudence is a sort of familiarity: it shews affection for me. And don't you try being high and mighty with me either. You're like all country girls: you think it's genteel to treat a servant the way I treat a stable-boy. That's only your ignorance; and don't you forget it. And don't be so ready to defy everybody. Act as if you expected to have your own way, not as if you expected to be ordered about. The way to get on as a lady is the same as the way to get on as a servant: you've got to know your place; that's the secret of it. And you may depend on me to know my place if you get promoted. Think over it, my girl. I'll stand by you: one servant should always stand by another.

निकोला

[उसके पास ज्यादा दबाव देने के लिए करीब जाते हुए] तुम मेरी आत्मा की फ़िक्र मत करो; लेकिन केवल मेरी सलाह को सुनो। अगर तुम एक लेडी बनना चाहती हो, तो तुम्हारे मौजूदा आचरण से बिलकुल काम नहीं चलेगा जब तक कि हम अकेले नहीं हों। यह बहुत तीखा और अक्खड़ है; और अक्खड़ता एक तरह की अंतरंगता है: यह मेरे प्रति स्नेह को दर्शाता है। और मेरे साथ घमंडी और दम्भी होने की कोशिश भी मत करना। तुम बाकी सभी देहाती लड़कियों जैसी हो: तुम्हें लगता है कि एक नौकर से वैसे व्यवहार करना जैसा मैं सईस[89] के साथ करता हूँ कुलीन आचरण है। यह केवल तुम्हारी नादानी है; और तुम इसे भूलना मत। और सभी का

---

[89] Stable-boy-लड़का जो अश्वशाला में घोड़े की देख–रेख करता है।

विरोध करने के लिए इतनी तैयार मत रहा करो। ऐसे बर्ताव करो जैसे तुम अपने तरीके से काम करने की अपेक्षा करती हो, न कि दूसरों के द्वारा आदेश दिए जाने की अपेक्षा करती हो। एक लेडी की तरह प्रगति करने का वही तरीका है जैसे एक नौकर के प्रगति करने का तरीका है। तुम्हें अपनी जगह मालूम होना चाहिए। यही इसका राज है। और यदि तुम्हारी पदोन्नति होती है तो मेरी जगह मालूम होने के लिए तुम मुझपर आश्रित रह सकती हो। इसके बारे में सोचो, मेरी बच्ची। मैं तुम्हारे साथ खड़ा रहूँगा। एक नौकर को दूसरे के साथ हमेशा खड़ा रहना चाहिए।

LOUKA

[rising impatiently]. Oh, I must behave in my own way. You take all the courage out of me with your cold-blooded wisdom. Go and put those logs on the fire: that's the sort of thing you understand. [Before Nicola can retort, Sergius comes in. He checks himself a moment on seeing Louka; then goes to the stove.]

लूका

[अधीरता से उठते हुए] ओह, मुझे अपने तरीके से आचरण करना चाहिए। तुम अपने भावनाविहीन अक्लमंदी से मेरी सारी हिम्मत निकाल देते हो। जाओ और उन लकड़ी के लट्ठों को आग पर रखो। इस तरह की चीजों को ही तुम समझते हो। [इससे पहले कि निकोला प्रत्युत्तर दे सके, सर्जियस भीतर आ जाता है। लूका को देखकर वह एक क्षण के लिए खुद को देखता है; फिर चूल्हे के पास जाता है।]

SERGIUS

[to Nicola]. I am not in the way of your work, I hope.

सर्जियस

[निकोला से] मैं आशा करता हूँ, मैं तुम्हारे काम में बाधा नहीं कर रहा हूँ।

NICOLA

[in a smooth, elderly manner]. Oh, no, sir, thank you kindly. I was only speaking to this foolish girl about her habit of running up here to the library whenever she gets a chance, to look at the books. That's the worst of her education, sir: it gives her habits above her station. [To Louka.] Make that table tidy, Louka, for the Major. [He goes out sedately.]

निकोला

[एक मधुर, बुजुर्ग–से ढंग से] ओह, नहीं, श्रीमान, आपका बहुत शुक्रिया। मैं केवल इस बेवकूफ लड़की से उसकी खराब आदत के बारे में कह रहा था कि जब भी उसे मौका मिलता है वह यहाँ भागती हुई किताबों को देखने चली आती है। यह इसकी ख़राब परवरिश है, श्रीमान। यह इसे उसके ओहदे से ऊंची आदतें देती है। [लूका से] मेजर के लिए उस मेज को सुव्यवस्थित कर दो, लूका। [वह गंभीरता से बाहर चला जाता है।]

[Louka, without looking at Sergius, begins to arrange the papers on the table. He crosses slowly to her, and studies the arrangement of her sleeve reflectively.]

[लूका, बिना सर्जियस को देखे, मेज पर रखे कागजों को क्रमबद्ध करने लगती है। वह उसकी ओर धीरे से आता हाई

और विचारमग्न होकर उसकी आस्तीन की सजावट की जांच करता है।]

SERGIUS.

Let me see: is there a mark there? [He turns up the bracelet and sees the bruise made by his grasp. She stands motionless, not looking at him: fascinated, but on her guard.] Ffff! Does it hurt?

सर्जियस

मुझे देखने दो: क्या वहाँ पर एक निशान है? [वह ब्रेसलेट को उठाता है और अपनी पकड़ द्वारा बनाई गई चोट को देखता है। वह उसकी ओर बिना देखे, मंत्रमुग्ध होकर परन्तु चौकसता से जड़ खड़ी रहती है] उफ्फ्फ! क्या इससे दर्द हो रहा है?

LOUKA.

Yes.

लूका

हाँ।

SERGIUS.

Shall I cure it?

सर्जियस

क्या मैं इसका इलाज करूँ?

LOUKA

[instantly withdrawing herself proudly, but still not looking at him]. No. You cannot cure it now.

लूका

[तुरंत अभिमान से खुद को पीछे कर लेती है, लेकिन अभी भी उसकी तरफ नहीं देखती है] नहीं, अब आप इसका इलाज नहीं कर सकते हैं।

SERGIUS

[masterfully]. Quite sure? [He makes a movement as if to take her in his arms.]

सर्जियस

[कौशल से] पूरा यकीन है? [वह उसे अपनी बाँहों में लेने के लिए बढ़ता है।]

LOUKA.

Don't trifle with me, please. An officer should not trifle with a servant.

लूका

कृपया, मेरे साथ खिलवाड़ मत करिए। एक अधिकारी को एक नौकर के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

SERGIUS

[touching the arm with a merciless stroke of his forefinger]. That was no trifle, Louka.

सर्जियस

[उसकी बाँह को अपनी तर्जनी-अंगुली की कठोर सहलाहट से छूते हुए] यह कोई खिलवाड़ नहीं था, लूका।

LOUKA.

No. [Looking at him for the first time.] Are you sorry?

लूका

नहीं। [उसकी तरफ पहली बार देखती हुई] क्या तुम्हें खेद है?

SERGIUS

[with measured emphasis, folding his arms]. I am never sorry.

सर्जियस

[नपे-तुले दबाव से अपनी बाँहों को मोड़ते हुए] मैं कभी भी खेद नहीं करता हूँ।

LOUKA

[wistfully]. I wish I could believe a man could be so unlike a woman as that. I wonder are you really a brave man?

लूका

[उदासी से] काश मैं यह विश्वास कर पाती कि एक आदमी एक औरत से इस तरह बिलकुल अलग हो सकता है। मैं ताज्जुब करती हूँ कि क्या तुम वाकई एक बहादुर आदमी हो?

SERGIUS

[unaffectedly, relaxing his attitude]. Yes: I am a brave man. My heart jumped like a woman's at the first shot; but in the charge I found that I was brave. Yes: that at least is real about me.

सर्जियस

[अपने रवैये को ढीला करते हुए अप्रभावित होकर] हाँ। मैं एक बहादुर आदमी हूँ। पहली गोली की आवाज पर मेरा दिल एक औरत के दिल की तरह उछल पड़ा; लेकिन हमले में मैंने पाया कि मैं बहादुर था। हाँ: यह कम-से-कम मेरे बारे में वास्तविक है।

LOUKA.

Did you find in the charge that the men whose fathers are poor like mine were any less brave than the men who are rich like you?

लूका

क्या तुमने हमले में पाया कि वे आदमी जिनके पिता मेरे पिता की तरह गरीब हैं किसी भी तरह उन आदमियों से कम बहादुर हैं जो आपकी तरह रईस हैं?

SERGIUS

[with bitter levity.] Not a bit. They all slashed and cursed and yelled like heroes. Psha! the courage to rage and kill is cheap. I have an English bull terrier who has as much of that sort of courage as the whole Bulgarian nation, and the whole Russian nation at its back. But he lets my groom thrash him, all the same. That's your soldier all over! No, Louka, your poor men can cut throats; but they are afraid of their officers; they put up with insults and blows; they stand by and see one another punished like children---aye, and help to do it when they are ordered. And the officers!---well [with a short, bitter laugh] I am an officer. Oh, [fervently] give me the man who will defy to the death any power on earth

or in heaven that sets itself up against his own will and conscience: he alone is the brave man.

सर्जियस

[कटु अस्थिरता से] रत्तीभर भी नहीं। वे सभी नायकों की तरह तलवारें भांज रहे थे और अपशब्द कह रहे थे और चिल्ला रहे थे। हाह! क्रोध करने और मारने के लिए हिम्मत करना सस्ता होता है। मेरे पास एक इंग्लिश शिकारी कुत्ता है जिसके पास उतनी ही बहादुरी है जैसे पूरा बल्गेरियन देश और पूरा रशियन देश उसके पीछे हो। लेकिन वह इसके बावजूद भी मेरे नौकर द्वारा खुद को पिटने देता है। तुम्हारे सैनिक भी पूरी तरह ऐसे हैं। नहीं, लूका, तुम्हारे गरीब लोग गला काट सकते हैं; लेकिन वे अपने अधिकारियों से डरते हैं। वे अपमान और मार को सहते हैं। वे चुपचाप खड़े रहते हैं और एक-दूसरे को बच्चों की तरह सजा पाते देखते हैं–हाँ, और इसे करने में मदद भी करते हैं जब उन्हें आदेश दिया जाता है। और अधिकारी---खैर [एक छोटी कटु हँसी से] मैं एक अधिकारी हूँ। ओह, [जोश से] मुझे वह आदमी बताओ धरती या स्वर्ग में मौत को चुनौती देता हो, जो उसकी खुद की इच्छा और अंतरात्मा के खिलाफ खड़ी होती है। वही अकेला बहादुर आदमी है।

LOUKA.

How easy it is to talk! Men never seem to me to grow up: they all have schoolboy's ideas. You don't know what true courage is.

लूका

बात करना कितना आसान है! मुझे आदमी कभी बड़े होते नहीं लगते हैं: उन सभी के विचार विद्यालय जाने वाले बच्चों

जैसे होते हैं। आपको नहीं मालूम वास्तविक हिम्मत क्या होती है।

SERGIUS

[ironically]. Indeed! I am willing to be instructed.

सर्जियस

[व्यंग्यपूर्वक] सचमुच! मैं शिक्षा पाने का इच्छुक हूँ।

LOUKA.

Look at me! how much am I allowed to have my own will? I have to get your room ready for you--to sweep and dust, to fetch and carry. How could that degrade me if it did not degrade you to have it done for you? But [with subdued passion] if I were Empress of Russia, above everyone in the world, then--ah, then, though according to you I could shew no courage at all; you should see, you should see.

लूका

मेरी तरफ देखिये! मुझे खुद की मर्जी कितनी मिली हुई है? मुझे आपके लिए आपका कमरा तैयार करना होता है–झाड़ू लगाना और झाड़ना, सामान लाना और उठाना होता है। मुझे क्या कैसे छोटा बनाता है जब इसका आपके लिए किया जाना आपको छोटा नहीं बनाता है? लेकिन [दबे हुए जोश से] यदि मैं दुनिया में सभी से ऊपर रशिया की सम्राज्ञी होती, तब–ओह, तब, हालांकि मैं आपके हिसाब से बिलकुल भी हिम्मत नहीं दिखा पाती। आपको देखना चहिये, आपको देखना चाहिए।

SERGIUS.

What would you do, most noble Empress?

सर्जियस

आप क्या करेंगी, अति महान सम्राज्ञी?

LOUKA.

I would marry the man I loved, which no other queen in Europe has the courage to do. If I loved you, though you would be as far beneath me as I am beneath you, I would dare to be the equal of my inferior. Would you dare as much if you loved me? No: if you felt the beginnings of love for me you would not let it grow. You dare not: you would marry a rich man's daughter because you would be afraid of what other people would say of you.

लूका

मैं उस आदमी से विवाह करती जिसे मैं प्यारी करती, जिसे यूरोप की किसी भी महारानी में करने की हिम्मत न होती। अगर मैं आप से प्यार करती, तो हालांकि आप मुझसे उतने ही ज्यादा नीचे होते जितनी मैं आपके नीचे हूँ, तो मैं अपने से नीचे के बराबर होने की हिम्मत करती। यदि आप मुझसे प्यार करते तो क्या आप इतनी हिम्मत कर सकते? नहीं: अगर आपको मेरे प्रति प्यार की शुरुआत महसूस होने लगती तो आप उसे बढ़ने नहीं देते। आपमें हिम्मत नहीं है: आप एक अमीर आदमी की बेटी से शादी करते क्योंकि आपको डर होता कि अन्य लोग आपके बारे में क्या कहेंगे।

SERGIUS

[carried away]. You lie: it is not so, by all the stars! If I loved you, and I were the Czar himself, I would set you on the throne by my side. You know that I love

another woman, a woman as high above you as heaven is above earth. And you are jealous of her.

सर्जियस

[उत्तेजित होकर] तुम झूठ बोल रही हो: सारे सितारों की कसम, ऐसा नहीं हैं! अगर मैं तुमसे प्यार करता, और यदि मैं खुद ज़ार[90] होता, तो मैं तुम्हें अपने बगल में राजगद्दी पर बिठाता। तुम्हें मालूम है कि मैं दूसरी औरत से प्यार करता हूँ, एक औरत जो तुमसे उतनी ही ऊपर है जितना आसमान धरती से है। और तुम उससे ईर्ष्या करती हो।

LOUKA.

I have no reason to be. She will never marry you now. The man I told you of has come back. She will marry the Swiss.

लूका

मेरे पास कोई वजह नहीं है। वह अब आपसे कभी विवाह नहीं करेंगी। मैंने जिस आदमी के बारे में आपको बताया था, वह लौट आया है। वह स्विस से शादी करेगी।

SERGIUS

[recoiling]. The Swiss!

सर्जियस

[ठिठकते हुए] स्विस!

LOUKA.

---

[90] Czar-रशिया का बादशाह।

A man worth ten of you. Then you can come to me; and I will refuse you. You are not good enough for me. [She turns to the door.]

लूका

एक आदमी जो आप जैसे दस के बराबर है। तब आप मेरे पास आयेंगे; और मैं आपको इनकार कर दूँगी। आप मेरे लायक नहीं हैं। [वह दरवाजे की तरफ मुड़ती है।]

SERGIUS

[springing after her and catching her fiercely in his arms]. I will kill the Swiss; and afterwards I will do as I please with you.

सर्जियस

[उसके पीछे उछालते हुए और उसे अपनी बाँहों में कसकर पकड़ते हुए] मैं स्विस को मार डालूँगा; और बाद में मैं तुम्हारे साथ वह करूँगा जैसी मेरी मर्जी होगी।

LOUKA

[in his arms, passive and steadfast]. The Swiss will kill you, perhaps. He has beaten you in love. He may beat you in war.

लूका

[उसकी बाँहों में, स्थिर और निष्क्रिय होकर] शायद, स्विस आपको मार डाले। उसने आपको प्रेम में हरा दिया है। वह आपको युद्ध में हरा सकता है।

SERGIUS

[tormentedly]. Do you think I believe that she--she! whose worst thoughts are higher than your best ones, is capable of trifling with another man behind my back?

सर्जियस

[पीड़ा से] क्या तुम्हें लगता है कि मैं मान लूँगा कि वह–वह! जिसे सबसे खराब विचार तुम्हारे सबसे अच्छे विचारों से ऊपर हैं, मेरी पीठ के पीछे दूसरे आदमी के साथ इश्कबाजी करने में सक्षम है?

LOUKA.

Do you think she would believe the Swiss if he told her now that I am in your arms?

लूका

क्या आपको लगता है कि वह स्विस पर विश्वास करेगी यदि वह अभी उसे कहे कि मैं आपकी बाँहों में हूँ?

SERGIUS

[releasing her in despair]. Damnation! Oh, damnation! Mockery, mockery everywhere: everything I think is mocked by everything I do. [He strikes himself frantically on the breast.] Coward, liar, fool! Shall I kill myself like a man, or live and pretend to laugh at myself? [She again turns to go.] Louka! [She stops near the door.] Remember: you belong to me.

सर्जियस

[निराशा से उसे छोड़ते हुए] लानत है! ओह, लानत है! मजाक, हर जगह मजाक है: हर चीज जो मैं सोचता हूँ, मेरे द्वारा की जाने वाली हर चीज से मजाक बन जाती है। [वह खुद की छाती को व्यग्रता से मारता है।] कायर, झूठा, बेवकूफ! क्या मुझे खुद को एक आदमी की तरह मार डालना चाहिए, या जीना चाहिए और खुद पर हँसने का अभिनय करना चाहिए? [वह फिर से जाने के लिए मुड़ती है।] लूका! [वह दरवाजे पर रुक जाती है।] याद रखो: तुम मेरी हो।

LOUKA

[quietly]. What does that mean--an insult?

लूका

[शांति से] इसका क्या मतलब है—एक बेइज्जती?

SERGIUS

[commandingly]. It means that you love me, and that I have had you here in my arms, and will perhaps have you there again. Whether that is an insult I neither know nor care: take it as you please. But [vehemently] I will not be a coward and a trifler. If I choose to love you, I dare marry you, in spite of all Bulgaria. If these hands ever touch you again, they shall touch my affianced bride.

सर्जियस

[आदेशात्मक ढंग से] इसका मतलब है कि तुम मुझसे प्यार करती हो, और मैंने तुम्हें यहाँ अपनी बाँहों में लिया है, और शायद तुम्हें इनमें फिर से लूँगा। यह एक बेइज्जती है अथवा नहीं, मुझे न ही मालूम है और न ही परवाह है। तुम इसे जैसे चाहो समझो। लेकिन [प्रबलता से] मैं एक कायर और

इश्कबाज नहीं बनूँगा। यदि मैं तुमसे प्यार करने का चुनाव करूंगा, तो मैं सारे बल्गेरिया के बावजूद तुमसे विवाह करने की हिम्मत भी करूंगा। अगर ये हाथ तुम्हें फिर कभी छूते हैं, तो वे मेरी विवाह–हेतु–वचनबद्ध दुल्हन को छू रहे होंगे।

LOUKA.

We shall see whether you dare keep your word. But take care. I will not wait long.

लूका

हम देख लेंगे कि क्या तुममें अपना वचन रखने की हिम्मत है। लेकिन ध्यान रखना। मैं ज्यादा इंतजार नहीं करूंगी।

SERGIUS

[again folding his arms and standing motionless in the middle of the room]. Yes, we shall see. And you shall wait my pleasure.

सर्जियस

[फिर से अभी बाँहों को मोड़ते हुए और कमरे के बीच में स्थिर खड़े होते हुए] हाँ, हम देख लेंगे। और तुम मेरी मर्जी का इंतजार करोगी।

[Bluntschli, much preoccupied, with his papers still in his hand, enters, leaving the door open for Louka to go out. He goes across to the table, glancing at her as he passes. Sergius, without altering his resolute attitude, watches him steadily. Louka goes out, leaving the door open.]

[ब्लंटश्ली, काफी विचारमग्न होकर अभी भी अपने हाथ में कागजों को लिए अन्दर आता है और लूका के जाने के लिए

दरवाजे को खुला छोड़ देता है। वह मेज पर जाता है, और गुजरते हुए वह लूका की ओर देखता है। सर्जियस अपनी दृढ़ मुद्रा बदले बिना उसे लगातार देखता रहता है। लूका दरवाजा खुला छोड़कर चली जाती है।]

BLUNTSCHLI

[absently, sitting at the table as before, and putting down his papers]. That's a remarkable looking young woman.

ब्लंटश्ली

[पहले की तरह खोए-खोए मेज पर बैठते हुए और अपने कागजों को नीचे रखते हुए] वह देखने में असाधारण नवयुवती है।

SERGIUS

[gravely, without moving]. Captain Bluntschli.

सर्जियस

[गंभीरता से बिना हिले] कैप्टेन ब्लंटश्ली।

BLUNTSCHLI.

Eh?

ब्लंटश्ली

हम्म?

SERGIUS.

You have deceived me. You are my rival. I brook no rivals. At six o'clock I shall be in the drilling-ground

on the Klissoura road, alone, on horseback, with my sabre. Do you understand?

सर्जियस

तुमने मुझे धोखा दिया है। तुम मेरे प्रतिद्वंद्वी हो। मैं किसी प्रतिद्वंद्वी को बर्दाश्त नहीं करता। छह बजे मैं अपनी शमशीर के साथ क्लिसुरा मार्ग पर प्रशिक्षण-मैदान में अकेला घोड़े पर सवार रहूँगा। क्या तुम समझ रहे हो?

BLUNTSCHLI

[staring, but sitting quite at his ease]. Oh, thank you: that's a cavalry man's proposal. I'm in the artillery; and I have the choice of weapons. If I go, I shall take a machine gun. And there shall be no mistake about the cartridges this time.

ब्लंटश्ली

[घूरते हुए पर बिलकुल आराम से बैठे हुए] ओह, शुक्रिया। यह तो एक सामंत का प्रस्ताव है। मैं तोपखाने में हूँ; और मुझे हथियारों को चुनने का अधिकार है। अगर मैं आऊँगा, तो एक मिशीन-गन साथ ले चालूँगा। और इस बार कारतूस के बारे में कोई गलती नहीं होगी।

SERGIUS

[flushing, but with deadly coldness]. Take care, sir. It is not our custom in Bulgaria to allow invitations of that kind to be trifled with.

सर्जियस

[लाल होते हुए, परन्तु अत्यंत भावशून्यता से] ध्यान रखियेगा, श्रीमान। बल्गेरिया में इस तरह के निमंत्रणों के साथ खिलवाड़ होने देने का हमारा रिवाज नहीं है।

BLUNTSCHLI

[warmly]. Pooh! don't talk to me about Bulgaria. You don't know what fighting is. But have it your own way. Bring your sabre along. I'll meet you.

ब्लंटश्ली

[गर्मी से] ओफ्फ! मुझसे बल्गेरिया के बारे में बात मत करो। तुम्हें नहीं मालूम लड़ना क्या होता है। लेकिन चलो जैसा तुम चाहो। अपनी शमशीर को साथ लाना। मैं तुमसे मिल लूँगा।

SERGIUS

[fiercely delighted to find his opponent a man of spirit]. Well said, Switzer. Shall I lend you my best horse?

सर्जियस

[अपने विरोधी को जोशीला आदमी पाकर बहुत खुश होते हुए] खूब कहा, स्विटज़रलंड-वासी। क्या मुझे तुम्हें अपना सबसे अच्छा घोड़ा उधार देना होगा?

BLUNTSCHLI.

No: damn your horse!---thank you all the same, my dear fellow. [Raina comes in, and hears the next sentence.] I shall fight you on foot. Horseback's too dangerous: I don't want to kill you if I can help it.

ब्लंटश्ली

नहीं: तुम्हारा घोड़ा भाड़ में जाए! ---फिर भी तुम्हारा शुक्रिया, मेरे प्यारे दोस्त [रायना अन्दर आती है, और अगला वाक्य सुनती है।] मैं तुमसे पैदल लड़ूँगा। घोड़े की पीठ बहुत खतरनाक होती है। अगर मुझसे हो सके तो मैं तुम्हें मारना नहीं चाहता।

RAINA

[hurrying forward anxiously]. I have heard what Captain Bluntschli said, Sergius. You are going to fight. Why? [Sergius turns away in silence, and goes to the stove, where he stands watching her as she continues, to Bluntschli] What about?

रायना

[चिंतित होकर तेजी से आगे बढ़ते हुए] मैंने सुन लिया कैप्टेन ब्लंटश्ली ने क्या कहा है, सर्जियस। तुम लड़ने जा रहे हो। क्यों? [सर्जियस चुपचाप घूम जाता है, और चूल्हे के पास जाता है, जहाँ वह खड़ा होकर उसे देखने लगता है, जब वह ब्लंटश्ली से आगे कहती है] किसलिए?

BLUNTSCHLI.

I don't know: he hasn't told me. Better not interfere, dear young lady. No harm will be done: I've often acted as sword instructor. He won't be able to touch me; and I'll not hurt him. It will save explanations. In the morning I shall be off home; and you'll never see me or hear of me again. You and he will then make it up and live happily ever after.

ब्लंटश्ली

मुझे नहीं मालूम। उसने मुझे बताया नहीं है। बेहतर होगा कि हस्तक्षेप न करें, प्यारी युवा लेडी। कोई नुकसान नहीं होगा।

मैंने अकसर तलवारबाजी के प्रशिक्षक के रूप में काम किया है। वह मुझे छू नहीं सकेगा; और मैं उसे चोट नहीं पहुँचाऊँगा। इससे स्पष्टीकरण देने से बच जायेंगे। सुबह मैं घर के लिए निकल जाऊँगा; और आप फिर कभी मुझे नहीं देखेंगी अथवा मेरे बारे में कभी नहीं सुनेंगी। फिर आप और ये सुलह कर सकेंगे और हमेशा के लिए खुश रह सकेंगे।

RAINA

[turning away deeply hurt, almost with a sob in her voice]. I never said I wanted to see you again.

रायना

[गहरी चोट से घूमते हुए लगभग अपनी आवाज में सिसकी से] मैंने कभी नहीं कहा कि मैं तुम्हें दुबारा देखना चाहती हूँ।

SERGIUS

[striding forward]. Ha! That is a confession.

सर्जियस

[आगे लम्बे कदम लेते हुए] आहा! यह स्वीकारोक्ति है।

RAINA

[haughtily]. What do you mean?

रायना

[कुलीनता से] तुम्हारा क्या मतलब है?

SERGIUS.

You love that man!

सर्जियस

तुम इस आदमी से प्यार करती हो!

RAINA

[scandalized]. Sergius!

रायना

[लांछन लगने पर] सर्जियस!

SERGIUS.

You allow him to make love to you behind my back, just as you accept me as your affianced husband behind his. Bluntschli: you knew our relations; and you deceived me. It is for that that I call you to account, not for having received favours that I never enjoyed.

सर्जियस

मेरी पीठ के पीछे तुम उसे खुद से प्रेम करने देती हो, बिलकुल उस तरह जैसे उसकी पीठ के पीछे तुम मुझे अपना होने वाला पति मानती हो। ब्लंटश्ली, तुम हमारे रिश्तों को जानते थे; और तुमने मुझे धोखा दिया। यह इसी चीज के लिए था जिसकी जवाबदेही के लिए मैं तुम्हें बुला रहा हूँ, न कि उस कृपा के लिए जिसका मैंने कभी सुख नहीं लिया।

BLUNTSCHLI

[jumping up indignantly]. Stuff! Rubbish! I have received no favours. Why, the young lady doesn't even know whether I'm married or not.

ब्लंटश्ली

[क्रोध से उछलते हुए] फालतू! बकवास! मैंने कोई कृपा नहीं पाई है। अरे, युवा लेडी को तो यह भी मालूम नहीं है कि मैं शादीशुदा हूँ अथवा नहीं।

RAINA

[forgetting herself]. Oh! [Collapsing on the ottoman.] Are you?

रायना

[खुद को भूलते हुए] ओह! [ऑटोमन पर गिरते हुए] क्या तुम हो?

SERGIUS.

You see the young lady's concern, Captain Bluntschli. Denial is useless. You have enjoyed the privilege of being received in her own room, late at night--

सर्जियस

तुम युवा लेडी की चिंता देख सकते हो, कैप्टेन ब्लंटश्ली। इनकार व्यर्थ है। तुम्हें उनके खुद के कमरे में ठहरने के सौभाग्य का लुफ्त उठाया है, वह भी रात को--

BLUNTSCHLI

[interrupting him pepperily]. Yes; you blockhead! She received me with a pistol at her head. Your cavalry were at my heels. I'd have blown out her brains if she'd uttered a cry.

ब्लंटश्ली

[क्रुद्ध होकर उसकी बात काटते हुए] हाँ; मंदबुद्धि! उसने मेरा स्वागत अपने सिर पर पिस्टल होने पर किया। तुम्हारे अश्वारोही मेरा पीछा कर रहे थे। यदि वह एक बार भी चिल्लाती तो मैंने उसकी खोपड़ी को उड़ा दिया होता।

SERGIUS

[taken aback]. Bluntschli! Raina: is this true?

सर्जियस

[चकित होकर] ब्लंटश्ली! रायना, क्या यह सच है?

RAINA

[rising in wrathful majesty]. Oh, how dare you, how dare you?

रायना

[क्रोधपूर्ण शाही अंदाज में उठते हुए] ओह, तुम्हारी मजाल कैसे हुई, तुम्हारी मजाल कैसे हुई?

BLUNTSCHLI.

Apologize, man, apologize! [He resumes his seat at the table.]

ब्लंटश्ली

माफ़ी माँगो, दोस्त माफ़ी माँगो! [वह वापस मेज के पास अपने आसन पर बैठ जाता है]

SERGIUS

[with the old measured emphasis, folding his arms]. I never apologize.

सर्जियस

[पुराने नपे-तुले दबाव से, अपनी भुजा को मोड़ते हुए] मैं कभी माफ़ी नहीं माँगता हूँ।

RAINA

[passionately]. This is the doing of that friend of yours, Captain Bluntschli. It is he who is spreading this horrible story about me. [She walks about excitedly.]

रायना

[आवेश से] यह आपके उस दोस्त की करनी है, कैप्टेन ब्लंटश्ली। वही था जो मेरे बारे में यह खराब कहानी फैला रहा है। [वह उत्तेजित होकर इधर-उधर टहलने लगती है।]

BLUNTSCHLI.

No: he's dead--burnt alive.

ब्लंटश्ली

नहीं: वह मर चुका है–उसे जिन्दा जला दिया गया है।

RAINA

[stopping, shocked]. Burnt alive!

रायना

[रूककर, सदमे से] जिन्दा जला दिया गया है!

BLUNTSCHLI.

Shot in the hip in a wood yard. Couldn't drag himself out. Your fellows' shells set the timber on fire and

burnt him, with half a dozen other poor devils in the same predicament.

ब्लंटश्ली

लकड़ी रखने वाले प्रांगण में उसे कूल्हे पर गोली मार दी गई। वह खुद को घसीटकर बाहर नहीं ले जा सका। तुम्हारे साथियों की गोलाबारी ने लकड़ी में आग लगा दी और उसे आधा दर्जन अन्य बेचारे अभागों के साथ इसी तरह जला दिया।

RAINA.

How horrible!

रायना

कितना बुरा हुआ!

SERGIUS.

And how ridiculous! Oh, war! war! the dream of patriots and heroes! A fraud, Bluntschli, a hollow sham, like love.

सर्जियस

और कितना बेहूदा! ओह, युद्ध! युद्ध! जो देशभक्तों और नायकों का स्वप्न होता है! प्रेम की तरह एक छल, खोखला धोखा है, ब्लंटश्ली।

RAINA

[outraged]. Like love! You say that before me.

रायना

[क्रोधित होते हुए] प्रेम की तरह! तुम उसे मेरे सामने कह रहे हो।

BLUNTSCHLI.

Come, Saranoff: that matter is explained.

ब्लंटश्ली

चलो, सैरेनॉफ: उस मामले का स्पष्टीकरण हो चुका है।

SERGIUS.

A hollow sham, I say. Would you have come back here if nothing had passed between you, except at the muzzle of your pistol? Raina is mistaken about our friend who was burnt. He was not my informant.

सर्जियस

एक खोखला धोखा है, मैं कहता हूँ। यदि तुम्हारी पिस्टल की नोक की घटना के अलावा, तुम दोनों के बीच कुछ और नहीं घटित हुआ होता, तो क्या तुम यहाँ पर आते? रायना हमारे जले हुए दोस्त के बारे में गलत है। वह मेरा खबरी नहीं था।

RAINA.

Who then? [Suddenly guessing the truth.] Ah, Louka! my maid, my servant! You were with her this morning all that time after---after---Oh, what sort of god is this I have been worshipping! [He meets her gaze with sardonic enjoyment of her disenchantment. Angered all the more, she goes closer to him, and says, in a lower, intenser tone] Do you know that I looked out of the window as I went upstairs, to have another sight of my hero; and I saw

something that I did not understand then. I know now that you were making love to her.

रायना

तब कौन था? [अचानक सच्चाई का अंदाजा लगाते हुए] ओह, लूका! मेरी नौकरानी, मेरी सेविका! तुम उसके साथ इस सुबह पूरे समय थे जब–जब–ओह, मैं किस तरह के भगवान की पूजा करती रही! [वह उसके मोहभंग का कटुतापूर्ण लुफ्त लेते हुए उससे नजरें मिलाता है। वह और ज्यादा क्रोधित होकर, उसके करीब जाती है, और उससे, एक धीमी, और ज्यादा गंभीर स्वर में कहती है] क्या तुम्हें मालूम है मैं जब सीढ़ियों से ऊपर जा रही थी तो मैंने खिड़की से बाहर अपने नायक को एक बार और देखने के लिए झाँका था: और मैंने कुछ ऐसा देखा था जिसे मैं तब नहीं समझ पाई थी। अब मैं जान गई हूँ कि तुम उससे प्यार कर रहे थे।

SERGIUS

[with grim humor]. You saw that?

सर्जियस

[गंभीर भाव से] तुमने वह देख लिया?

RAINA.

Only too well. [She turns away, and throws herself on the divan under the centre window, quite overcome.]

रायना

बहुत अच्छे से। [वह मुड़ती है, और बिलकुल अभिभूत होकर खुद को बीच वाली खिड़की के नीचे वाले दीवान पर गिरा लेती है]

SERGIUS

[cynically]. Raina: our romance is shattered. Life's a farce.

सर्जियस

[चिड़चिड़ाकर] रायना। हमारा प्रेमप्रसंग चकनाचूर हो गया है। जिंदगी एक तमाशा है।

BLUNTSCHLI

[to Raina, goodhumoredly]. You see: he's found himself out now.

ब्लंटश्ली

[रायना से, खुश-मिजाजी से] आप देख सकती हैं। उसने अब खुद को पहचान लिया है।

SERGIUS.

Bluntschli: I have allowed you to call me a blockhead. You may now call me a coward as well. I refuse to fight you. Do you know why?

सर्जियस

ब्लंटश्ली। मैंने तुम्हें मुझको मंदबुद्धि बुलाने दिया। अब तुम मुझे एक कायर भी बुला सकते हो। मैं तुमसे लड़ने से इनकार करता हूँ। तुम जानना चाहते हो क्यों?

BLUNTSCHLI.

No; but it doesn't matter. I didn't ask the reason when you cried on; and I don't ask the reason now that you cry off. I'm a professional soldier. I fight

when I have to, and am very glad to get out of it when I haven't to. You're only an amateur: you think fighting's an amusement.

ब्लंटश्ली

नहीं; लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ता है। मैंने तब वजह नहीं पूछी जब तुम चिल्लाने लगे; और अब मैं तुमसे कारण नहीं पूछ रहा हूँ जब तुम चिल्लाना बंद कर रहे हो। मैं एक पेशेवर सैनिक हूँ। मैं तब लड़ता हों जब मेरे लिए जरूरी हो, और मैं इससे बच निकलने पर खुश होता हूँ जब मेरे लिए जरूरी न हो। तुम अभी एक शौकिया हो। तुम्हें लड़ाई एक मनोरंजन लगती है।

SERGIUS.

You shall hear the reason all the same, my professional. The reason is that it takes two men--real men--men of heart, blood and honor--to make a genuine combat. I could no more fight with you than I could make love to an ugly woman. You've no magnetism: you're not a man, you're a machine.

सर्जियस

फिर भी तुम्हें वजह सुननी पड़ेगी, मेरे पेशेवर सैनिक। वजह यह है कि एक असली लड़ाई के लिए दो आदमियों की–असली आदमियों की–जिगर, जोश और इज्जत वाले आदमियों की जरूरत होती है। मैं तुम्हारे साथ उसी तरह लड़ाई नहीं कर सकता हूँ, जिस तरह मैं एक बदसूरत औरत से प्रेम नहीं कर सकता हूँ। तुममें कोई चुम्बकत्व नहीं है। तुम आदमी नहीं हो, तुम एक यंत्र हो।

BLUNTSCHLI

[apologetically]. Quite true, quite true. I always was that sort of chap. I'm very sorry. But now that you've found that life isn't a farce, but something quite sensible and serious, what further obstacle is there to your happiness?

ब्लंटश्ली

[खेद व्यक्त करते हुए] बिलकुल सही है, बिलकुल सही। मैं हमेशा से उस तरह का आदमी था। मुझे बहुत खेद है। लेकिन अब जब तुमने यह जान लिया है कि जिंदगी एक स्वांग नहीं बल्कि कुछ बहुत ही तर्कसंगत और गंभीर है, तो तुम्हारी ख़ुशी के लिए आगे और कौन-सा अवरोध है?

RAINA

[riling]. You are very solicitous about my happiness and his. Do you forget his new love--Louka? It is not you that he must fight now, but his rival, Nicola.

रायना

[चिढ़कर] तुम मेरी और उसकी ख़ुशी के बारे में बहुत ध्यान रखते हो। क्या तुम उसके नए प्यार-लूका को भूल गए? अब उसे तुमसे नहीं बल्कि अपने विरोधी, निकोला से लड़ना होगा।

SERGIUS.

Rival!! [Striking his forehead.]

सर्जियस

विरोधी!! [अपना माथा पीटते हुए।]

RAINA.

Did you not know that they are engaged?

रायना

क्या तुम्हें नहीं मालूम है कि उनकी मंगनी हो चुकी है?

SERGIUS.

Nicola! Are fresh abysses opening! Nicola!!

सर्जियस

निकोला! क्या नए गर्त खुल गए हैं! निकोला!!

RAINA

[sarcastically]. A shocking sacrifice, isn't it? Such beauty, such intellect, such modesty, wasted on a middle-aged servant man! Really, Sergius, you cannot stand by and allow such a thing. It would be unworthy of your chivalry.

रायना

[व्यंग्यात्मक ढंग से] एक दहलाने वाली कुर्बानी है, है न? ऐसी खूबसूरती, ऐसी अक्ल, ऐसी विनम्रता, एक अधेड़ नौकर पर बर्बाद हो जाएगी! वाकई, सर्जियस, तुम चुपचाप खड़े रहकर ऐसी चीज को होने नहीं दे सकते। यह तुम्हारे शौर्य के विरुद्ध होगा।

SERGIUS

[losing all self-control]. Viper! Viper! [He rushes to and fro, raging.]

सर्जियस

[खुद पर सारा नियंत्रण खोते हुए] साँप! साँप! [वह क्रोधित होकर इधर-उधर भागता है।]

BLUNTSCHLI.

Look here, Saranoff; you're getting the worst of this.

ब्लंटश्ली

इधर देखो, सैरेनॉफ; इसमें तुम्हें सबसे खराब मिल रहा है।

RAINA

[getting angrier]. Do you realize what he has done, Captain Bluntschli? He has set this girl as a spy on us; and her reward is that he makes love to her.

रायना

[और क्रोधित होते हुए] क्या आपको एहसास है कि इसने क्या कर दिया है, कैप्टेन ब्लंटश्ली? इसने इस लड़की को हमपर जासूसी करने के लिए लगाया है; और उसका इनाम यह है कि यह उससे प्रेमालाप करते हैं।

SERGIUS.

False! Monstrous!

सर्जियस

झूठ है! सरासर गलत है!

RAINA.

Monstrous! [Confronting him.] Do you deny that she told you about Captain Bluntschli being in my room?

रायना

सरासर गलत! [उसका सामना करते हुए] क्या तुम इनकार करते हो कि उसने तुम्हें कैप्टेन ब्लंटश्ली के मेरे कमरे में होने के बारे में बताया?

SERGIUS.

No; but--

सर्जियस

नहीं; लेकिन--

RAINA

[interrupting]. Do you deny that you were making love to her when she told you?

रायना

[बात काटते हुए] क्या तुम नकारते हो कि तुम उससे प्रेम कर रहे थे जब उसने तुम्हें यह बताया?

SERGIUS.

No; but I tell you--

सर्जियस

नहीं; लेकिन मैं तुमसे कह रहा हूँ--

RAINA

[cutting him short contemptuously]. It is unnecessary to tell us anything more. That is quite enough for us. [She turns her back on him and sweeps majestically back to the window.]

रायना

[उसकी बात को तिरस्कारपूर्वक काटकर छोटा करते हुए] हमें कुछ भी और बताने की जरूरत नहीं है। हमारे लिए इतना ही काफी है। [वह उसकी तरफ अपनी पीठ घुमा लेती है और राजसी तरीके से अकड़कर वापस खिड़की के पास चली आती है।]

BLUNTSCHLI

[quietly, as Sergius, in an agony of mortification, sinks on the ottoman, clutching his averted head between his fists]. I told you you were getting the worst of it, Saranoff.

ब्लंटश्ली

[शान्ति से, जब सर्जियस शर्मिंदगी की पीढ़ा में अपने झुके सिर को अपनी मुट्ठियों के बीच में पकड़कर ऑटोमन पर बैठ जाता है] मैंने तुम्हें बता दिया है इसमें तुम्हें सबसे खराब मिल रहा है, सैरेनॉफ।

SERGIUS.

Tiger cat!

सर्जियस

चित्तीदार बिल्ली!

RAINA

[running excitedly to Bluntschli]. You hear this man calling me names, Captain Bluntschli?

रायना

[उत्तेजना से ब्लंटश्ली के पास भागते हुए] क्या आप सुन रहे हैं यह आदमी मुझसे अनाप-शनाप बोल रहा है, कैप्टेन ब्लंटश्ली?

BLUNTSCHLI.

What else can he do, dear lady? He must defend himself somehow. Come [very persuasively], don't quarrel. What good does it do? [Raina, with a gasp, sits down on the ottoman, and after a vain effort to look vexedly at Bluntschli, she falls a victim to her sense of humor, and is attacked with a disposition to laugh.]

ब्लंटश्ली

वह और क्या कर भी सकता है, प्यारी लेडी? अब उसे किसी तरह खुद को बचाना होगा। चलो [बहुत मनाने वाले स्वर में] झगड़ो मत। इससे क्या लाभ होगा? [रायना, गहरी सांस के साथ ऑटोमन पर बैठ जाती है, और ब्लंटश्ली की ओर परेशानी से देखने की एक व्यर्थ की कोशिश के बाद, वह अपने विनोदी-स्वभाव की शिकार हो जाती है और हँसने की मनोस्थिति से प्रभावित हो जाती है।]

SERGIUS.

Engaged to Nicola! [He rises.] Ha! ha! [Going to the stove and standing with his back to it.] Ah, well, Bluntschli, you are right to take this huge imposture of a world coolly.

सर्जियस

निकोला से मंगनी! [वह उठता है] हा! हा! [चूल्हे की तरफ जाते हुए और उसकी तरफ पीठ करके खड़ा होते हुए।] ओह,

खैर, ब्लंटश्ली, तुम सही हो जो इस दुनिया की बड़ी धोखेबाजी को उदासीनता से लेते हो।

RAINA

[to Bluntschli with an intuitive guess at his state of mind]. I daresay you think us a couple of grown up babies, don't you?

रायना

[ब्लंटश्ली से उसकी मनोस्थिति के बारे में एक सहज अंदाजे से] मुझे लगता है कि आप हमें दो बड़े बच्चे सोचते हैं, है न?

SERGIUS

[grinning a little]. He does, he does. Swiss civilization nursetending Bulgarian barbarism, eh?

सर्जियस

[थोड़ा दाँत दिखाते हुए] वह सोचता है, वह सोचता है। स्विस सभ्यता बल्गेरियन असभ्यता की देखभाल कर रही है, न?

BLUNTSCHLI

[blushing]. Not at all, I assure you. I'm only very glad to get you two quieted. There now, let's be pleasant and talk it over in a friendly way. Where is this other young lady?

ब्लंटश्ली

[शर्माते हुए] मैं आपको यकीन दिलाता हूँ, बिलकुल भी नहीं। तुम दोनों को चुप कराने के लिए, मैं केवल खुश हूँ। अब

यहाँ, हमें सभ्य हो जाना चाहिए और इस बारे में दोस्ताना तरीके से बात करनी चाहिए। यह दूसरी युवा लेडी कहाँ हैं?

RAINA.

Listening at the door, probably.

रायना

संभतः, दरवाजे पर सुन रही होगी।

SERGIUS

[shivering as if a bullet had struck him, and speaking with quiet but deep indignation]. I will prove that that, at least, is a calumny. [He goes with dignity to the door and opens it. A yell of fury bursts from him as he looks out. He darts into the passage, and returns dragging in Louka, whom he flings against the table, as he cries] Judge her, Bluntschli--you, the moderate, cautious man: judge the eavesdropper.

सर्जियस

[कांपते हुए जैसे उसे एक गोली लग गई हो और शांत परन्तु गहरे क्रोध से बोलते हुए] मैं साबित कर दूंगा कि कम-से-कम यह एक मिथ्या आरोप है। [वह दरवाजे पर गर्व से जाता है और उसे खोल देता है। उससे एक क्रोधित चीख निकलती है जैसे ही वह बाहर देखता है। वह गलियारे में झपटता है और लूका को अन्दर खींचते हुए लौटता है, जिसे वह मेज पर पटक देता है, जैसे वह चिल्लाता है] इसका फैसला करो, ब्लंटश्ली–ऐ, विवेकवान, सावधान इंसान। छिपकर बात सुनने वाली का फैसला करो।

[Louka stands her ground, proud and silent.]

[लूका अपने स्थान पर गर्व से और चुपचाप खड़ी रहती है]

BLUNTSCHLI

[shaking his head]. I mustn't judge her. I once listened myself outside a tent when there was a mutiny brewing. It's all a question of the degree of provocation. My life was at stake.

ब्लंटश्ली

[अपना सिर हिलाते हुए] मुझे उसका फैसला नहीं सुनना चाहिए। मैंने खुद एक बार एक तम्बू के बाहर सुन रहा था जब वहां पर एक बगावत पनप रही थी। यह सब उत्तेजना की मात्रा पर निर्भर करता है। मेरी जिन्दगी दांव पर थी।

LOUKA.

My love was at stake. [Sergius flinches, ashamed of her in spite of himself.] I am not ashamed.

लूका

मेरा प्यार दांव पर था। [सर्जियस ठिठक जाता है, उसके द्वारा अपने अपमान से लज्जित हो जाता है] मैं शर्मिंदा नहीं हूँ।

RAINA

[contemptuously]. Your love! Your curiosity, you mean.

रायना

[तिरस्कारपूर्वक] तुम्हारा प्रेम! तुम्हारा मतलब है, तुम्हारी जिज्ञासा।

LOUKA

[facing her and retorting her contempt with interest]. My love, stronger than anything you can feel, even for your chocolate cream soldier.

लूका

[उसका सामना करते हुए और उसके तिरस्कार का रूचि से प्रत्युत्तर देते हुए] मेरा प्रेम, तुम्हारे द्वारा महसूस की जाने वाली किसी भी एहसास से मजबूत है, तुम्हारे चॉकलेट क्रीम सैनिक के प्रति भी।

SERGIUS

[with quick suspicion--to Louka]. What does that mean?

सर्जियस

[लूका से–अचानक संदेह से] इसका क्या मतलब है?

LOUKA

[fiercely]. It means--

लूका

[उग्रता से] इसका मतलब है––

SERGIUS

[interrupting her slightingly]. Oh, I remember, the ice pudding. A paltry taunt, girl.

सर्जियस

[उसकी बात को अपमानजनक तरीके से काटते हुए] ओह, मुझे याद आया, वह आइस पुडिंग। एक घटिया निंदा है, लड़की।

[Major Petkoff enters, in his shirtsleeves.]

[मेजर पेटकॉफ अपने कमीज की आस्तीनों में प्रवेश करते हैं।]

PETKOFF.

Excuse my shirtsleeves, gentlemen. Raina: somebody has been wearing that coat of mine: I'll swear it--somebody with bigger shoulders than mine. It's all burst open at the back. Your mother is mending it. I wish she'd make haste. I shall catch cold. [He looks more attentively at them.] Is anything the matter?

पेटकॉफ

मेरी कमीज की आस्तीनों के लिए माफ़ करियेगा, सज्जनों। रायना, किसी ने मेरे कोट को पहना था: मैं इसकी कसम खाता हूँ–कोई जिसके कंधे मुझसे बड़े हैं। यह पीठ की तरफ एकदम फट गई है। तुम्हारी माँ उसकी मरम्मत कर रही है। काश वह जल्दी करें। मुझे सर्दी लग जायेगी। [वह उनकी तरफ और ज्यादा ध्यान से देखता है] क्या कोई बात है?

RAINA.

No. [She sits down at the stove with a tranquil air.]

रायना

नहीं। [वह चूल्हे के पास शांत रंग-ढंग से बैठ जाती है।]

SERGIUS.

Oh, no! [He sits down at the end of the table, as at first.]

सर्जियस

ओह, नहीं! [वह पहले की तरह मेज के सिरे पर बैठ जाता है।]

BLUNTSCHLI

[who is already seated]. Nothing, nothing.

ब्लंटश्ली

[जो पहले से बैठा हुआ है।] कुछ नहीं, कुछ नहीं।

PETKOFF

[sitting down on the ottoman in his old place]. That's all right. [He notices Louka.] Anything the matter, Louka?

पेटकॉफ

[अपनी पुरानी जगह ऑटोमन पर बैठते हुए] यह अच्छा है। [वह लूका पर गौर करता है] क्या कोई मसला है, लूका?

LOUKA.

No, sir.

लूका

नहीं, श्रीमान।

PETKOFF

[genially]. That's all right. [He sneezes.] Go and ask your mistress for my coat, like a good girl, will you? [She turns to obey; but Nicola enters with the coat; and she makes a pretence of having business in the room by taking the little table with the hookah away to the wall near the windows.]

पेटकॉफ

[मिलनसारिता से] यह अच्छा है। [वह छींकता है] जाओ और अपनी मालकिन से एक अच्छी लड़की की तरह मेरा कोट मांग लाओ, क्या तुम ऐसा करोगी? [वह आदेश का पालन करने के लिए मुड़ती है; लेकिन निकोला कोट के साथ प्रवेश करता है; और वह हुक्के के साथ छोटी मेज को दूर खिड़कियों के पास की दीवार के पास ले जाकर, कक्ष में काम होने का अभिनय करती है।]

RAINA

[rising quickly, as she sees the coat on Nicola's arm]. Here it is, papa. Give it to me, Nicola; and do you put some more wood on the fire. [She takes the coat, and brings it to the Major, who stands up to put it on. Nicola attends to the fire.]

रायना

[निकोला की बाँह पर कोट देखकरतेजी से उठते] यहाँ यह है, पापा। इसे मुझे दे दो, निकोला; और आग में कुछ और लकड़ी रख दो। [वह कोट को लेती है, और उसे मेजर के पास ले आती है, जो उसे पहनने के लिए खड़ा हो जाता है। निकोला आग पर ध्यान देता है।]

PETKOFF

[to Raina, teasing her affectionately]. Aha! Going to be very good to poor old papa just for one day after his return from the wars, eh?

पेटकॉफ

[रायना से, उसे स्नेह से चिढ़ाते हुए] आहा! अपने बेचारे बूढ़े पापा से उनके युद्ध से लौटने के बाद केवल एक दिन के लिए बहुत अच्छी रहोगी, हम्म?

RAINA

[with solemn reproach]. Ah, how can you say that to me, father?

रायना

[गंभीर विरोध से] आह, आप ऐसा मुझसे कैसे कह सकते हैं, पिताजी?

PETKOFF.

Well, well, only a joke, little one. Come, give me a kiss. [She kisses him.] Now give me the coat.

पेटकॉफ

खैर, खैर, केवल के मजाक था, छोटा-सा। आओ, मुझे एक चुम्बन दो। [वह उसे चूमती है] अब मुझे कोट दो।

RAINA.

Now, I am going to put it on for you. Turn your back. [He turns his back and feels behind him with his arms for the sleeves. She dexterously takes the photograph from the pocket and throws it on the

table before Bluntschli, who covers it with a sheet of paper under the very nose of Sergius, who looks on amazed, with his suspicions roused in the highest degree. She then helps Petkoff on with his coat.] There, dear! Now are you comfortable?

रायना

अब, मैं इसे आपको पहनाने जा रही हूँ। अपनी पीठ घुमाइए। [वह अपनी पीठ घुमाता है और अपने पीछे अपनी बाँहों से आस्तीनों को टटोलता है। वह दक्षता से जेब से तस्वीर निकालती है और ब्लंटश्ली के आगे मेज पर रखती है, जो उसे सर्जियस की नाक के नीचे एक कागज के पन्ने से ढँक देता है, जो चकित होकर देखता है, और उसका संदेह बहुत ज्यादा जाग जाता है। फिर रायना पेटकॉफ को उसका कोट पहनने में मदद करती है।] यहाँ, प्रिय पिताजी! क्या अब आपको आराम मिला?

PETKOFF.

Quite, little love. Thanks. [He sits down; and Raina returns to her seat near the stove.] Oh, by the bye, I've found something funny. What's the meaning of this? [He put his hand into the picked pocket.] Eh? Hallo! [He tries the other pocket.] Well, I could have sworn--[Much puzzled, he tries the breast pocket.] I wonder--[Tries the original pocket.] Where can it--[A light flashes on him; he rises, exclaiming] Your mother's taken it.

पेटकॉफ

बिलकुल, नन्ही प्रिये। शुक्रिया। [वह बैठ जाता है; और रायना चूल्हे के पास अपने आसन पर लौट आती है।] ओह, अरे

हाँ, मैंने कुछ बहुत ही हास्यजनक पाया है। इसका क्या मतलब है? [वह अपनी जेब को मारी हुई जेब में डालता है।] आंय? अरे! [वह दूसरी जेब को आजमाता है] वैसे, मैं कसम खाकर कह सकता था–[काफी उलझन में वह अपनी छाती की जेब आजमाता है] मुझे ताज्जुब है–[पहले वाली जेब को टटोलते हुए] वह कहाँ जा सकती है–[उसके आगे एक रोशनी कौंधती है; वह चिल्लाते हुए उठता है] तुम्हारी माँ ने उसे ले लिया।

RAINA

[very red]. Taken what?

रायना

[बहुत लाल होते हुए] क्या ले लिया?

PETKOFF.

Your photograph, with the inscription: "Raina, to her Chocolate Cream Soldier--a souvenir." Now you know there's something more in this than meets the eye; and I'm going to find it out. [Shouting] Nicola!

पेटकॉफ

तुम्हारी तस्वीर, जिसपर लिखा था: "रायना, अपने चॉकलेट क्रीम सैनिक के लिए–एक यादगार"। अब आप देख सकते हैं, इसमें जो दिख रहा है उससे कुछ ज्यादा है; और मैं इसे खोज कर रहूँगा। [चिल्लाते हुए] निकोला!

NICOLA

[dropping a log, and turning]. Sir!

निकोला

[लकड़ी का लट्ठा गिराते हुए और घूमते हुए] श्रीमान!

PETKOFF.

Did you spoil any pastry of Miss Raina's this morning?

पेटकॉफ

क्या तुमने इस सुबह मिस रायना की कोई पेस्ट्री बर्बाद की थी?

NICOLA.

You heard Miss Raina say that I did, sir.

निकोला

आपने सुना मिस रायना ने कहा था कि मैंने किया, श्रीमान।

PETKOFF.

I know that, you idiot. Was it true?

पेटकॉफ

मैं इसे जानता हूँ, बेवकूफ। क्या यह सही है?

NICOLA.

I am sure Miss Raina is incapable of saying anything that is not true, sir.

निकोला

मैं आश्वस्त हूँ कि मिस रायना ऐसी चीज कहने में असमर्थ हैं जो सच नहीं हो, श्रीमान।

PETKOFF.

Are you? Then I'm not. [Turning to the others.] Come: do you think I don't see it all? [Goes to Sergius, and slaps him on the shoulder.] Sergius: you're the chocolate cream soldier, aren't you?

पेटकॉफ

क्या तुम (आश्वस्त) हो? तब मैं नहीं हूँ। [बाकी लोगों की तरफ घूमते हुए] चलो: क्या तुम्हें लगता है कि मैं इसे बिलकुल नहीं देख सकता हूँ? [सर्जियस के पास जाता है और उसके कंधे पर थपकी देता है।] सर्जियस, तुम चॉकलेट क्रीम सैनिक हो, है न?

SERGIUS

[starting up]. I! a chocolate cream soldier! Certainly not.

सर्जियस

[चौंकते हुए] मैं! एक चॉकलेट क्रीम सैनिक! बिलकुल नहीं।

PETKOFF.

Not! [He looks at them. They are all very serious and very conscious.] Do you mean to tell me that Raina sends photographic souvenirs to other men?

पेटकॉफ

नहीं! [वह उनकी तरफ देखता है। वे सभी बहुत गंभीर और बहुत सतर्क हो जाते हैं] क्या तुम्हारा कहने का मतलब है कि रायना अपनी तस्वीर को यादगार के रूप में अन्य आदमियों को भेजती है?

SERGIUS

[enigmatically]. The world is not such an innocent place as we used to think, Petkoff.

सर्जियस

[गूढ़ता से] दुनिया उतनी मासूम जगह नहीं है, जितनी हम उसे सोचा करते थे, पेटकॉफ।

BLUNTSCHLI

[rising]. It's all right, Major. I'm the chocolate cream soldier. [Petkoff and Sergius are equally astonished.] The gracious young lady saved my life by giving me chocolate creams when I was starving--shall I ever forget their flavour! My late friend Stolz told you the story at Peerot. I was the fugitive.

ब्लंटश्ली

[उठते हुए] सब ठीक है, मेजर। मैं चॉकलेट क्रीम सैनिक हूँ। [पेटकॉफ और सर्जियस समान रूप से चकित हो जाते हैं] यही दयालु युवा लेडी हैं, जिसने मुझे चॉकलेट क्रीम देकर मेरी जिंदगी बचाई जब मैं भूखा था–क्या मैं कभी उनका स्वाद भूल पाऊँगा! मेरे दिवंगत दोस्त स्टोल्ज़ ने आपको पीरो में यह कहानी सुनाई। मैं भगोड़ा था।

PETKOFF.

You! [He gasps.] Sergius: do you remember how those two women went on this morning when we mentioned it? [Sergius smiles cynically. Petkoff confronts Raina severely.] You're a nice young woman, aren't you?

पेटकॉफ

तुम! [वह हाँफता है] सर्जियस, क्या तुम्हें याद है ये दोनों औरतें किस तरह बर्ताव कर रही थीं जब हमने इसका जिक्र किया था? [सर्जियस व्यंग्यात्मक तरीके से मुस्कराता है। पेटकॉफ रायना का सामना कठोरता से करता है] तुम एक अच्छी युवा औरत हो, है न?

RAINA

[bitterly]. Major Saranoff has changed his mind. And when I wrote that on the photograph, I did not know that Captain Bluntschli was married.

रायना

[कटुता से] मेजर सैरेनॉफ का मन बदल गया है। और जब मैंने उसे तस्वीर पर यह लिखा था, तो मुझे नहीं मालूम था कि कैप्टेन ब्लंटश्ली शादीशुदा थे।

BLUNTSCHLI

[much startled protesting vehemently]. I'm not married.

ब्लंटश्ली

[काफी चौंककर प्रबल विरोध करते हुए] मैं शादीशुदा नहीं हूँ।

RAINA

[with deep reproach]. You said you were.

रायना

[गंभीर दोषारोपण करते हुए] तुमने कहा तुम थे।

BLUNTSCHLI.

I did not. I positively did not. I never was married in my life.

ब्लंटश्ली

मैं नहीं कहा। मैं निश्चित रूप से नहीं कहा। मैंने अपनी जिंदगी में कभी भी शादी नहीं की।

PETKOFF

[exasperated]. Raina: will you kindly inform me, if I am not asking too much, which gentleman you are engaged to?

पेटकॉफ

[भड़कते हुए] रायना: अगर मैं तुमसे ज्यादा नहीं पूछ रहा हूँ, तो क्या तुम कृपा करके मुझे यह बताओगी कि तुम्हारी सगाई किस सज्जन से हुई है?

RAINA.

To neither of them. This young lady [introducing Louka, who faces them all proudly] is the object of Major Saranoff's affections at present.

रायना

इनमें से किसी से भी नहीं। यह युवा लेडी [लूका का परिचय कराते हुए, जो उन सबका गर्व से सामना करते है] वर्तमान में मेजर सैरेनॉफ की चहेती है।

PETKOFF.

Louka! Are you mad, Sergius? Why, this girl's engaged to Nicola.

पेटकॉफ

लूका! क्या तुम पागल हो, सर्जियस? अरे, इस लड़की की सगाई निकोला से हुई है।

NICOLA

[coming forward]. I beg your pardon, sir. There is a mistake. Louka is not engaged to me.

निकोला

[आगे बढ़ते हुए] मैं आपसे माफ़ी चाहूँगी, श्रीमान। इसमें कोई गलती हो रही है। लूका की मुझसे सगाई नहीं हुई है।

PETKOFF.

Not engaged to you, you scoundrel! Why, you had twenty-five levas from me on the day of your betrothal; and she had that gilt bracelet from Miss Raina.

पेटकॉफ

तुमसे सगाई नहीं हुई है, अरे दुष्ट! अरे, तुमने मुझसे अपनी सगाई के दिन मुझसे पच्चीस लेवस लिए थे; और लूका को मिस रायना से वह सुनहरा ब्रेसलेट मिला था।

NICOLA

[with cool unction]. We gave it out so, sir. But it was only to give Louka protection. She had a soul above her station; and I have been no more than her

confidential servant. I intend, as you know, sir, to set up a shop later on in Sofea; and I look forward to her custom and recommendation should she marry into the nobility. [He goes out with impressive discretion, leaving them all staring after him.]

निकोला

[शांत सतही गंभीरता से] हमने इसे इस तरह घोषित किया था, श्रीमान। लेकिन यह सिर्फ लूका को सुरक्षा देने के लिए था। इसकी आत्मा इसके ओहदे से ऊपर थी; और मैं उसका भरोसेमंद सेवक से ज्यादा कुछ नहीं रहा हूँ। श्रीमान, जैसा आप जानते हैं, मैं भविष्य में सोफिया में एक दुकान लगाना चाहता हूँ; और मैं उसके व्यवसायिक संरक्षण और सिफारिश की अपेक्षा करता हूँ, यदि उसकी शादी कुलीन घराने में होती है [उन सभी को अपने पीछे घूरता छोड़कर, वह प्रभावशाली मर्जी से बाहर चला जाता है।]

PETKOFF

[breaking the silence]. Well, I am---hm!

पेटकॉफ

[चुप्पी तोड़ते हुए] खैर, मैं–हम्म!

SERGIUS.

This is either the finest heroism or the most crawling baseness. Which is it, Bluntschli?

सर्जियस

यह या तो सबसे शानदार शौर्य है या यह सबसे घटिया नीचता है। यह क्या है, ब्लंटश्ली?

BLUNTSCHLI.

Never mind whether it's heroism or baseness. Nicola's the ablest man I've met in Bulgaria. I'll make him manager of a hotel if he can speak French and German.

ब्लंटश्ली

यह महत्वपूर्ण नहीं है कि यह शौर्य है अथवा नीचेता। निकोला, बल्गेरिया का सबसे योग्य आदमी है, जिससे मेरी मुलाक़ात हुई। मैं उसे एक होटल का प्रबंधक बना दूंगा यदि वह फ्रेंच और जर्मन बोल सकता हो।

LOUKA

[suddenly breaking out at Sergius]. I have been insulted by everyone here. You set them the example. You owe me an apology. [Sergius immediately, like a repeating clock of which the spring has been touched, begins to fold his arms.]

लूका

[अचानक सर्जियस पर बरसते हुए] मुझे यहाँ हर किसी के द्वारा अपमानित किया गया है। तुमने उनके लिए उदाहरण बनाया है। तुम्हें मुझसे माफ़ी माँगनी चाहिए। [सर्जियस तुरंत अपनी भुजाओं को मोड़ना शुरू कर देता है, जैसे एक घड़ी जिसका स्प्रिंग छुआ जाता है, दोहराती है।]

BLUNTSCHLI

[before he can speak]. It's no use. He never apologizes.

ब्लंटश्ली

[इससे पहले कि वह बोल पाए] इसका कोई फायदा नहीं है। यह कभी माफ़ी नहीं माँगता है।

LOUKA.

Not to you, his equal and his enemy. To me, his poor servant, he will not refuse to apologize.

लूका

तुमसे नहीं माँगेगा, जो उसके बराबर और उसका दुश्मन है। मेरे लिए, उसकी अभागी नौकर, वह माफ़ी माँगने से इनकार नहीं करेगा।

SERGIUS

[approvingly]. You are right. [He bends his knee in his grandest manner.] Forgive me!

सर्जियस

[सहमति से] तुमने सही कहा। [वह अपने घुटने को शानदार तरीके से मोड़ता है] मुझे माफ़ कर दो!

LOUKA.

I forgive you. [She timidly gives him her hand, which he kisses.] That touch makes me your affianced wife.

लूका

मैं तुम्हें माफ़ करती हूँ। [वह संकोच से अपना हाथ उसे देती है, जिसे वह चूम था है] इस स्पर्श से मैं तुम्हारी भावी पत्नी बन गई हूँ।

SERGIUS

[springing up]. Ah, I forgot that!

सर्जियस

[उछलते हुए] ओह, मैं उसे भूल गया था!

LOUKA

[coldly]. You can withdraw if you like.

लूका

[उदासीनता से] अगर तुम चाहो तो पीछे हट सकते हो।

SERGIUS.

Withdraw! Never! You belong to me! [He puts his arm about her and draws her to him.] [Catherine comes in and finds Louka in Sergius's arms, and all the rest gazing at them in bewildered astonishment.]

सर्जियस

पीछे हटना! कभी नहीं! तुम मेरी हो! [वह अपनी भुजा को उसके इर्दगिर्द डालता है और उसे अपने करीब खींचता है।] [कैथरिन अन्दर आती है और लूका को सर्जियस की बाँहों में और बाकी लोगों को हैरानी-भरे आश्चर्य से उनकी ओर टकटकी बांधे पाती है।]

CATHERINE.

What does this mean? [Sergius releases Louka.]

कैथरिन

इसका क्या मतलब है? [सर्जियस लूका को छोड़ देता है।]

PETKOFF.

Well, my dear, it appears that Sergius is going to marry Louka instead of Raina. [She is about to break out indignantly at him: he stops her by exclaiming testily.] Don't blame me: I've nothing to do with it. [He retreats to the stove.]

पेटकॉफ

खैर, मेरी प्रिये, ऐसा लगता है कि सर्जियस रायना की जगह पर लूका से शादी करने वाला है। [वह उसपर क्रोध से टूट पड़ने वाली होती है: वह चिड़चिड़ाहट में चिल्ला कर उसे रोक देता है।] मुझे दोष मत दो: मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। [वह चूल्हे की तरफ जाता है।]

CATHERINE.

Marry Louka! Sergius: you are bound by your word to us!

कैथरिन

अरे लूका! सर्जियस: तुम हमारे प्रति अपने वचन से बंधे हुए हो!

SERGIUS

[folding his arms]. Nothing binds me.

सर्जियस

[अपनी भुजाओं को मोड़ते हुए] मुझे किसी भी चीज ने नहीं बाँध रखा है।

BLUNTSCHLI

[much pleased by this piece of common sense]. Saranoff: your hand. My congratulations. These heroics of yours have their practical side after all. [To Louka.] Gracious young lady: the best wishes of a good Republican! [He kisses her hand, to Raina's great disgust.]

ब्लंटश्ली

[इस सहज ज्ञान के अंश से काफी आनंदित होते हुए] सैरेनॉफ: अपना हाथ दो। मेरी तरफ से मुबारकबाद। आख़िरकार तुम्हारी इन बहादुरियों का व्यवहारिक पहलू भी है। [लूका से] दयालु युवा लेडी। एक अच्छे गणतांत्रिक की शुभकामनाएं! [वह उसका हाथ चूमता है, जिससे रायना को बहुत घृणा होती है।]

CATHERINE

[threateningly]. Louka: you have been telling stories.

कैथरिन

[धमकाते हुए] लूका। तुम अफवाहें फैलाती रही हो।

LOUKA.

I have done Raina no harm.

लूका

मैंने रायना को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया है।

CATHERINE

[haughtily]. Raina! [Raina is equally indignant at the liberty.]

कैथरिन

[दंभ से] रायना! [रायना स्वेच्छाचारिता से उतनी ही रुष्ट हो जाती है।]

LOUKA.

I have a right to call her Raina: she calls me Louka. I told Major Saranoff she would never marry him if the Swiss gentleman came back.

लूका

मुझे उसे रायना बुलाने का अधिकार है। वह मुझे लूका बुलाती है। मैंने मेजर सैरेनॉफ से बता दिया कि यदि स्विस सज्जन वापस आ गए तो वह उससे कभी शादी नहीं करेगी।

BLUNTSCHLI

[surprised]. Hallo!

ब्लंटश्ली

[चकित होते हुए] अरे!

LOUKA

[turning to Raina]. I thought you were fonder of him than of Sergius. You know best whether I was right.

लूका

[रायना की तरफ मुड़ते हुए] मुझे लगा कि तुम उसे सर्जियस से ज्यादा पसंद करती थी। तुम्हें अच्छी तरह मालूम है कि मैं सही थी।

BLUNTSCHLI.

What nonsense! I assure you, my dear Major, my dear Madame, the gracious young lady simply saved my life, nothing else. She never cared two straws for me. Why, bless my heart and soul, look at the young lady and look at me. She, rich, young, beautiful, with her imagination full of fairy princes and noble natures and cavalry charges and goodness knows what! And I, a common-place Swiss soldier who hardly knows what a decent life is after fifteen years of barracks and battles--a vagabond--a man who has spoiled all his chances in life through an incurably romantic disposition--a man--

ब्लंटश्ली

क्या बकवास है! मैं आपको यकीन दिलाता हूँ, मेरे प्रिय मेजर, मेरी प्यारी मैडम, दयालु युवा लेडी ने सिर्फ मेरी जान बचाई, और कुछ नहीं। वह मेरे लिए दो तिनके जितनी भी परवाह नहीं करती थी। अरे, मेरे दिल और आत्मा पर दया करो, युवा लेडी को देखो और मुझे देखो। वह रईस, युवा, खूबसूरत हैं। उनकी कल्पना परी कथाओं के राजकुमारों और कुलीन स्वभाव और अश्वारोही सेना के हमलों और भगवान जाने किन चीजों से भरी है! और मैं, एक साधारण स्विस सैनिक हूँ, जो पंद्रह साल सैन्य छावनियों और युद्धों में बिताने के बाद मुश्किल से जानता है, कि अच्छी जिंदगी क्या होती है–एक आवारा हूँ–एक आदमी जिसने जिन्दगी में अपने सारे मौकों को एक लाइलाज रूमानी मिजाज के द्वारा बर्बाद कर दिया है–एक आदमी–

SERGIUS

[starting as if a needle had pricked him and interrupting Bluntschli in incredulous amazement].

Excuse me, Bluntschli: what did you say had spoiled your chances in life?

सर्जियस

[ऐसे चौंकते हुए जैसे उसे एक सुई चुभ गई हो और ब्लंटश्ली को अविश्वसनीय आश्चर्य से रोकते हुए] मुझे माफ़ करना, ब्लंटश्ली। तुमने क्या कहा, किसने तुम्हारी जिंदगी के मौकों को बर्बाद कर दिया?

BLUNTSCHLI

[promptly]. An incurably romantic disposition. I ran away from home twice when I was a boy. I went into the army instead of into my father's business. I climbed the balcony of this house when a man of sense would have dived into the nearest cellar. I came sneaking back here to have another look at the young lady when any other man of my age would have sent the coat back--

ब्लंटश्ली

[तुरंत जवाब देते हुए] एक लाइलाज रूमानी मिजाज। जब मैं एक लड़का था तो अपने घर से दो बार भागा था। मैं अपने पिता के व्यवसाय में जाने की बजाय सेना में चला गया। मैं इस घर की बालकनी पर चढ़ा, जब कोई समझदार आदमी सबसे करीबी तहखाने में छिप गया होता। मैं यहाँ वापस चुपके से युवा लेडी को दूसरी बार देखने आ गया जब मेरी उम्र के किसी और आदमी ने कोट को वापस भिजवा दिया होता--

PETKOFF.

My coat!

पेटकॉफ

मेरा कोट!

BLUNTSCHLI.

--Yes: that's the coat I mean--would have sent it back and gone quietly home. Do you suppose I am the sort of fellow a young girl falls in love with? Why, look at our ages! I'm thirty-four: I don't suppose the young lady is much over seventeen. [This estimate produces a marked sensation, all the rest turning and staring at one another. He proceeds innocently.] All that adventure which was life or death to me, was only a schoolgirl's game to her--chocolate creams and hide and seek. Here's the proof! [He takes the photograph from the table.] Now, I ask you, would a woman who took the affair seriously have sent me this and written on it: "Raina, to her chocolate cream soldier--a souvenir"? [He exhibits the photograph triumphantly, as if it settled the matter beyond all possibility of refutation.]

ब्लंटश्ली

--हाँ: मेरा मतलब उसी कोट से है–उसे वापस भेज दिया होता और चुपचाप घर चला गया होता है। क्या तुम्हें लगता है कि मैं उस तरह का आदमी हूँ जिससे एक युवा लड़की प्यार करने लगती है? अरे, हमारी उम्र को देखो! मैं चौतीस साल का हूँ। मुझे नहीं लगता है कि युवा लेडी सत्रह साल से ज्यादा होगी। [यह अंदाजा एक स्पष्ट सनसनी पैदा कर देता है, बाकी सभी मुड़ते हैं और एक-दूसरे की तरफ देखने लगते हैं। वह मासूमियत से आगे बोलता है।] यह सारा साहसिक काम जो मेरे लिए जिन्दगी या मौत था, इसके लिए केवल

एक विद्यालय की छात्रा का खेल था–चॉकलेट क्रीम और छिप्पम-छिपाई। यहाँ सबूत है! [वह मेज पर से तस्वीर को उठाता है।] अब, मैं आपसे पूछता हूँ, क्या कोई औरत जो मामले को गंभीरता से लेती, मुझे यह भेजाती और इसपर यह लिखती: "रायना, अपने चॉकलेट क्रीम सैनिक के लिए—एक यादगार"? [वह तस्वीर को विजयोल्लास से दिखाता है, जैसे उसने मामले को खंडन की सारी संभावनाओं से परे तक स्थापित कर दिया हो।]

PETKOFF.

That's what I was looking for. How the deuce did it get there?

पेटकॉफ

मैं इसी की तलाश कर रहा था। ये शैतान यहाँ कैसे आया?

BLUNTSCHLI

[to Raina complacently]. I have put everything right, I hope, gracious young lady!

ब्लंटश्ली

[रायना से आत्मसंतुष्टिपूर्वक] मैं आशा करता हूँ, मैंने हर चीज को सही कर दिया है, दयालु युवा लेडी!

RAINA

[in uncontrollable vexation]. I quite agree with your account of yourself. You are a romantic idiot. [Bluntschli is unspeakably taken aback.] Next time I hope you will know the difference between a schoolgirl of seventeen and a woman of twenty-three.

रायना

[बेकाबू चिढ़ से] मैं तुम्हारे द्वारा अपने बारे में दिए गए विवरण से बिलकुल सहमत हूँ। तुम एक रूमानी मूर्ख हो। [ब्लंटश्ली अकथनीय रूप से चकित हो जाता है।] मैं आशा करती हूँ अगली बार तुम सत्रह वर्षीय विद्यालय की छात्रा और तेईस साल की औरत के बीच में अंतर जानते रहोगे।

BLUNTSCHLI

[stupefied]. Twenty-three! [She snaps the photograph contemptuously from his hand; tears it across; and throws the pieces at his feet.]

ब्लंटश्ली

[विस्मित होकर] तेईस! [वह उसके हाथ से तस्वीर को घृणा से छीनती है; उसे फाड़ देती है; और उसके टुकड़ों को उसके पैरों में फेंक देती है।]

SERGIUS

[with grim enjoyment of Bluntschli's discomfiture]. Bluntschli: my one last belief is gone. Your sagacity is a fraud, like all the other things. You have less sense than even I have.

सर्जियस

[ब्लंटश्ली की पराजय का गंभीरता से लुफ्त लेते हुए] ब्लंटश्ली: मेरा एक अंतिम विश्वास भी चला गया। बाकी सारी चीजों की तरह, तुम्हारी विचक्षणता भी फर्जी है। तुम्हारे पास तुम मुझसे भी कम समझ है।

BLUNTSCHLI

[overwhelmed]. Twenty-three! Twenty-three!! [He considers.] Hm! [Swiftly making up his mind.] In that case, Major Petkoff, I beg to propose formally to become a suitor for your daughter's hand, in place of Major Saranoff retired.

ब्लंटश्ली

[विह्वल होकर] तेईस! तेईस!! [वह विचार करता है] हम्म! [तेजी से अपना मन बनाते हुए।] उस अवस्था में, मेजर पेटकॉफ, जगह छोड़ने वाले मेजर सैरेनॉफ के स्थान पर मैं आपकी बेटी का हाथ माँगने के लिए विवाहार्थी बनने का औपचारिक प्रस्ताव रखता हूँ।

RAINA.

You dare!

रायना

तुममें हिम्मत को करके देखो!

BLUNTSCHLI.

If you were twenty-three when you said those things to me this afternoon, I shall take them seriously.

ब्लंटश्ली

यदि तुम तेईस की थी, जब तुमने मुझसे वे चीजें इस दोपहर कहीं थी, तो मैं उन्हें गंभीरता से लूँगा।

CATHERINE

[loftily polite]. I doubt, sir, whether you quite realize either my daughter's position or that of Major

Sergius Saranoff, whose place you propose to take. The Petkoffs and the Saranoffs are known as the richest and most important families in the country. Our position is almost historical: we can go back for nearly twenty years.

कैथरिन

[गौरवशाली तरीके से विनम्रतापूर्वक] मुझे संदेह है, श्रीमान, क्या आपको मेरी बेटी के स्थान या मेजर सर्जियस सैरेनॉफ के स्थान, जिसे आप लेने का प्रस्ताव रख रहे हैं, की बिलकुल भी जानकारी है। पेटकॉफ्स और सैरेनॉफ्स इस देश की सबसे रईस और सबसे महत्वपूर्ण परिवार हैं। हमारे स्थान लगभग ऐतिहासिक हैं: हम लगभग बीस साल पीछे तक जा सकते हैं।

PETKOFF.

Oh, never mind that, Catherine. [To Bluntschli.] We should be most happy, Bluntschli, if it were only a question of your position; but hang it, you know, Raina is accustomed to a very comfortable establishment. Sergius keeps twenty horses.

पेटकॉफ

ओह, उसके लिए परेशान मत हो, कैथरिन। [ब्लांटश्ली से] हमें अति प्रसन्न होते, ब्लांटश्ली, यदि यह सिर्फ तुम्हारे ओहदे का प्रश्न होता; लेकिन उसे रहने दो, तुम्हें मालूम है, रायना एक बहुत ही सुविधाजनक संस्था की आदी है। सर्जियस बीस घोड़ों को रखता है।

BLUNTSCHLI.

But what on earth is the use of twenty horses? Why, it's a circus.

ब्लंटश्ली

लेकिन आखिर बीस घोड़ों की जरूरत क्या है? अरे, यह तो एक सर्कस है।

CATHERINE

[severely]. My daughter, sir, is accustomed to a first-rate stable.

कैथरिन

[गंभीरता से] मेरी बेटी, श्रीमान, अव्वल-दर्जे के अस्तबल की आदी है।

RAINA.

Hush, mother, you're making me ridiculous.

रायना

श-श, माँ, तुम मुझे बेहूदा साबित कर रही हो।

BLUNTSCHLI.

Oh, well, if it comes to a question of an establishment, here goes! [He goes impetuously to the table and seizes the papers in the blue envelope.] How many horses did you say?

ब्लंटश्ली

ओह, खैर, अगर यहाँ सवाल एक संस्था का है, तो यहाँ शुरू करते हैं! [वह मेज पर जल्दी से जाता है और नीले लिफ़ाफ़े के कागजों को लेता है।] आपने कितने घोड़े बताये?

SERGIUS.

Twenty, noble Switzer!

सर्जियस

बीस, नेक स्विटज़रलंड-वासी!

BLUNTSCHLI.

I have two hundred horses. [They are amazed.] How many carriages?

ब्लंटश्ली

मेरे पास दो सौ घोड़े हैं। [वे चकित हो जाते हैं।] कितनी गाड़ियाँ?

SERGIUS.

Three.

सर्जियस

तीन

BLUNTSCHLI.

I have seventy. Twenty-four of them will hold twelve inside, besides two on the box, without counting the driver and conductor. How many tablecloths have you?

ब्लंटश्ली

मेरे पास सत्तर हैं। उनमें से चौबीस, बिना चालक और परिचालक को गिने, बक्से में दो लोगों के अतिरिक्त, बारह लोगों को अन्दर रख सकती हैं। आपके पास कितने मेजपोश हैं?

SERGIUS.

How the deuce do I know?

सर्जियस

शैतान के वास्ते, मुझे कैसे मालूम होगा?

BLUNTSCHLI.

Have you four thousand?

ब्लंटश्ली

क्या तुम्हारे पास चार हजार है?

SERGIUS.

NO.

सर्जियस

नहीं।

BLUNTSCHLI.

I have. I have nine thousand six hundred pairs of sheets and blankets, with two thousand four hundred eider-down quilts. I have ten thousand knives and forks, and the same quantity of dessert spoons. I have six hundred servants. I have six palatial establishments, besides two livery stables, a

tea garden and a private house. I have four medals for distinguished services; I have the rank of an officer and the standing of a gentleman; and I have three native languages. Show me any man in Bulgaria that can offer as much.

ब्लंटश्ली

मेरे पास है। मेरे पास दो हजार चार सौ आइडर-डाउन[91] रजाइयों के साथ, नौ हजार छह सौ जोड़े चादर और कम्बल हैं। मेरे पास दस हजार चाकू और खाने के कांटें हैं, और उतनी ही मात्रा में मिष्ठान वाले चम्मच हैं। मेरे पास छह हजार नौकर हैं। मेरे पास दो भाड़ा-अस्तबलों, एक चाय के बागान और एक निजी घर के अतिरिक्त, छह महल-जैसे निर्माण हैं। मुझे असाधारण सेवा के लिए चार पदक प्राप्त हैं। मेरी एक अधिकारी की पदवी है और एक सज्जन की इज्जत है; और मेरी तीन मातृ भाषाएं हैं। मुझे बल्गेरिया का एक भी आदमी दिखा दीजिये जो इतना पेश कर सकता हो।

PETKOFF

[with childish awe]. Are you Emperor of Switzerland?

पेटकॉफ

[बचकाने विस्मय से] क्या तुम स्विटज़रलंड के सम्राट हो?

BLUNTSCHLI.

My rank is the highest known in Switzerland: I'm a free citizen.

[91] eider-down-अति कोमल और हलके रोएँ, जिनसे बेशकीमती रजाइयां बनती है।

ब्लंटश्ली

स्विटज़रलंड में मेरा ओहदा सबसे ऊँचा माना जाता है: मैं एक आजाद नागरिक हूँ।

CATHERINE.

Then Captain Bluntschli, since you are my daughter's choice, I shall not stand in the way of her happiness. [Petkoff is about to speak.] That is Major Petkoff's feeling also.

कैथरिन

तब कैप्टेन ब्लंटश्ली, क्योंकि आप मेरी बेटी की पसंद हैं, मैं उसकी ख़ुशी के रास्ते में नहीं खड़ी होऊँगी। [पेटकॉफ बोलने वाला होता है] मेजर पेटकॉफ का भी यही विचार है।

PETKOFF.

Oh, I shall be only too glad. Two hundred horses! Whew!

पेटकॉफ

ओह, मुझे केवल बहुत ख़ुशी होगी। दो सौ घोड़े! वाह!

SERGIUS.

What says the lady?

सर्जियस

लेडी का क्या कहना है?

RAINA

[pretending to sulk]. The lady says that he can keep his tablecloths and his omnibuses. I am not here to be sold to the highest bidder.

रायना

[रूठने का अभिनय करती हुई] लेडी का कहना है कि वह अपने मेजपोशों और अपनी यात्रियों वाली गाड़ियों को अपने पास रख सकते हैं। मैं यहाँ सबसे ऊँची बोली लगाने वाले व्यक्ति को बेचे जाने के लिए नहीं हूँ।

BLUNTSCHLI.

I won't take that answer. I appealed to you as a fugitive, a beggar, and a starving man. You accepted me. You gave me your hand to kiss, your bed to sleep in, and your roof to shelter me--

ब्लंटश्ली

मैं यह जवाब नहीं स्वीकारूंगा। मैंने आपसे एक भगोड़े, एक भिखारी, और एक भूखे आदमी की तरह मिन्नत की। आपने मुझे स्वीकार लिया। आपने मुझे अपना हाथ चूमने के लिए दिया, अपना बिस्तर सोने के लिए दिया और अपनी छत मुझे आसरा देने के लिए दी--

RAINA

[interrupting him]. I did not give them to the Emperor of Switzerland!

रायना

[उसकी बात काटते हुए] मैंने उन्हें स्विटज़रलंड के सम्राट को नहीं दिया था!

BLUNTSCHLI.

That's just what I say. [He catches her hand quickly and looks her straight in the face as he adds, with confident mastery] Now tell us who you did give them to.

ब्लंटश्ली

मैं भी यही कह रहा हूँ। [वह तेजी से उसका हाथ पकड़ लेता है और सीधे उसके चेहरे को विश्वासपूर्ण प्रवीणता से देखते हुए आगे कहता है] अब हमें बताओ तुमने उन चीजों को किसे दिया था।

RAINA

[succumbing with a shy smile]. To my chocolate cream soldier!

रायना

[शर्मीली मुस्कान से अधीन होते हुए] अपने चॉकलेट क्रीम सैनिक को!

BLUNTSCHLI

[with a boyish laugh of delight]. That'll do. Thank you. [Looks at his watch and suddenly becomes businesslike.] Time's up, Major. You've managed those regiments so well that you are sure to be asked to get rid of some of the Infantry of the Teemok division. Send them home by way of Lom Palanka. Saranoff: don't get married until I come back: I shall be here punctually at five in the evening

on Tuesday fortnight. Gracious ladies--good evening. [He makes them a military bow, and goes.]

ब्लंटश्ली

[लड़कों जैसी आनंदपूर्ण हँसी से] इससे काम चल जाएगा। तुम्हारा शुक्रिया। [अपनी घड़ी को देखता है और अचानक कारोबारी-जैसा हो जाता है।] वक्त हो गया है, मेजर। आपने उन रेजिमेंट्स को इतने अच्छे से सँभाला कि आपको निश्चित रूप से टीमक-विभाग की कुछ पैदल-सेना से छुटकारा दिलाने के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्हें *लौम पलैंका* के रास्ते घर भेज दीजियेगा। सैरेनॉफ: मेरे वापस आने तक शादी मत करना: मैं दो सप्ताह में मंगलवार की शाम पाँच बजे यहाँ समय पर पहुँच जाऊँगा। दयालु लेडीज़–शुभ संध्या। [वह उन्हें एक सैन्य नमन करता है और चला जाता है।]

SERGIUS.

What a man! What a man!

सर्जियस

क्या आदमी है! क्या आदमी है!

~End~

~समाप्त~